शुभम संदेश
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित
एक राज्य - एक अखबार
मेरी क्रिसमस

## आरएसएस की विंग जनजाति सुरक्षा मंच की उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली में उमड़ी भीड़, भरी हुंकार

# ईसाई कभी आदिवासी नहीं हो सकते





### धर्मांतरित आदिवासी एसटी और अल्पसंख्यक दोनों का उठा रहे हैं लाभ, अब दिल्ली कूच होगा

■ लाल-सफेद रंग प्रकृति पूजक आदिवासियों का नहीं, बंगालियों का है, सफेद झंडा और रंग ही आदिवासियों की पहचान

कौशल आनंद। रांची

आरएसएस और वनवासी कल्याण केंद्र की विंग जनजाति सुरक्षा मंच ने रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया. इसमें भारी संख्या में जनजातीय समुदाय ने हिस्सा लिया.

रैली में ईसाई आदिवासियों को कड़ी चेतावनी दी गयी. कहा गया कि ईसाई कभी आदिवासी नहीं हो सकते हैं. ये अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक दोनों का फायदा उठा रहे हैं और मूल प्रकृति पूजक आदिवासी अपने हक एवं अधिकार से वंचित होते जा रहे हैं. अगर यही हाल रहा, तो आगामी 50 से 100 साल में आदिवासी म्यूजियम की वस्तु बन कर रह जाएंगे. इसलिए हर हाल में धर्मांतरित आदिवासियों को एसटी का मिलने वाले आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं से वंचित करना होगा. विगत 50 वर्षों से कार्तिक बाबा



(उरांव) इसके लिए आंदोलनत रहे. यह मांग बहुत पहले ही पूरी हो जानी चाहिए थी, मगर अब नहीं हुआ तो मूल प्रकृति पूजक आदिवासियों की रूढ़िवादी परंपरा, सभ्यता संस्कृति का समूल नाश हो जाएगा. विभिन्न प्रदेशों से होते हुए आज यह रैली रांची में हो रही है. इसके बाद दिल्ली कूच की तैयारी है. कहा गया कि लाल और सफेद झंडा और पहनावा बंगालियों का है. हम आदिवासियों की पहचान, झंडा और पहनावा सफेद रंग है. दिल्ली कूच का भी आह्वान किया गया. कहा गया कि वहां तब तक जमे रहेंगे, जबतक मांगे पूरी नहीं हो जाती है. मुख्य वक्ता के तौर पर पद्मश्री पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं मंच के राष्ट्रीय संरक्षक कड़िया मुंडा, संयोजक पूर्व मंत्री गणेशराम, सह संयोजक राजकिशोर हासंदा, पूर्व जज प्रकाश सिंह उईके, सदस्य सत्येंद्र सिंह खेरवार, रामकुमार पाहन, दीवाकर मिंज, संदीप उरांव, मेघा उरांव, पिंकी खोया, ललिता मुर्मू, सोमा उरांव सहित आदि ने अपनी बातें रखीं. -शेष पेज 13 पर

### तो आदिवासी इतिहास बन जाएंगे : कड़िया मुंडा

मुख्य वक्ता पद्मश्री कड़िया मुंडा ने कहा कि कार्तिक बाबा इस मांग को 50 साल पूर्व से शुरू किया था. इसे पहले ही मिल जाना चाहिए था. बहुत देर हो गयी है, अब भी अगर नहीं मिला, तो प्रकृति पूजक आदिवासी इतिहास बन कर रह जाएंगे. विरोधी यह अफवाह उड़ा रहे कि डीलिस्टिंग हुआ तो एसटी का आरक्षण समाप्त हो जाएगा. मगर ऐसा नहीं है. पूरे देश की आबादी के 8 प्रतिशत आदिवासी हैं. -शेष पेज 13 पर

### सनातन को साथ लिए बगैर मांग पूरी नहीं होगी : गणेश राम

राष्ट्रीय संयोजक गणेशराम भगत ने कहा कि 700 जनजातियों के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण का प्रावधान किया था. लेकिन इनका लाभ वे लोग उठा रहे, जो ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं. इन सुविधाओं का 80%लाभ जनजाति समुदाय से छीन रहे हैं. ईसाई और मुस्लिम रावण बनकर हमारा हक छीन रहे हैं. सनातन का सहयोग मिले, बिना हमारी यह मांग पूरी नहीं होगी.

### इनको आरक्षण लाभ से वंचित किया जाए : हांसदा

मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा ने सरकार से मांग की कि धर्मान्तरित व्यक्तियों को एसटी के आरक्षण की सुविधा न मिले. इस मुद्दे को स्व. कार्तिक उरांव ने संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष रखा था. ताकि जो व्यक्ति, जिसने जनजाति आदि मत का परित्याग कर दिया है और ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है. -शेष पेज 13 पर

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,800 |
| चांदी (किलो) | 78,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### पीएम मोदी ने कश्मीरी छात्रों से संवाद किया

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को वतन को जानो कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के लगभग हर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब 250 छात्रों से बातचीत की. ये छात्र वतन को जानो कार्यक्रम के तहत देश का दौरा कर रहे हैं.

#### अजान पढ़ते रिटायर आईपीएस को मार डाला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त आईपीएस पुलिस अधिकारी की उस समय गोली मार कर हत्या कर दी, जब वह अजान पढ़ रहे थे. वह एक स्थानीय 'मुअज्जिन' थे. पुलिस ने यह जानकारी दी.

#### बैक्टीरिया को टैगोर का नाम दिया गया

**कोलकाता।** विश्व-भारती विवि के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने एक ऐसे बैक्टीरिया की खोज की है, जो पौधों के विकास को बढ़ावा देने में सक्षम है और इसका नाम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर 'पेंटोइया टैगोरी' रखा गया है.

## जुडको की 129 में से 83 योजनाएं अधूरी

### 46 योजनाओं ही पूरी



सत्य शरण मिश्रा। रांची

नगर विकास विभाग राज्य के शहरों की विकास योजनाओं का काम झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड कंपनी (जुडको) के जरिए करवा रहा है. 2017 से 2023 के बीच जुडको को 129 योजनाओं के क्रियान्वयन का जिम्मा मिला, लेकिन जुडको इनमें से सिर्फ 46 योजनाओं को ही पूरा कर सका. 83 योजनाएं अब भी अधूरी हैं. रांची के कांटाटोली फ्लाईओवर, ट्रांसपोर्ट नगर, अर्बन सिविक टॉवर जैसी बड़ी योजनाओं के साथ-साथ रांची, धनबाद, चास, आदित्यपुर, गिरिडीह, देवघर और हजारीबाग वाटर सप्लाई एवं सीवरेज-सेप्टेज स्कीम अधूरी पड़ी हैं. एग्रीमेंट के मुताकिब कांटाटोली फ्लाईओवर का काम 4 अप्रैल 2024 तक पूरा किया जाना है, लेकिन अबतक सिर्फ 48% काम ही पूरा हुआ हैं. 52% काम पूरा करने के लिए 4 महीने भी नहीं बचे हैं. वहीं रांची ट्रांसपोर्ट नगर फेज वन का काम 9 मई 2024 तक पूरा करना है, लेकिन कंपनी ने अबतक सिर्फ 53.97% काम ही पूरा किया है. अर्बन सिविक टॉवर का काम पूरा करने की डेडलाइन 31 अक्टूबर 2023 को ही खत्म हो चुकी है, लेकिन अबतक वहां सिर्फ 54% ही काम हो सका है.

**वाटर सप्लाई, सीवरेज-सेप्टेज योजनाओं का बुरा हाल :** अमृत योजना के तहत अर्बन वाटर सप्लाई और सीवरेज-सेप्टेज योजनाओं की डेडलाइन सामने आ चुकी है. अप्रैल-मई 2024 तक योजनाओं को पूरा कर दिया जाना है, लेकिन अभी सिर्फ 60 से 70 फीसदी काम ही पूरा हो पाया है. वहीं शहरी निकायों में जुडको के जरिए कराये जाने वाली प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की प्रगति भी काफी धीमी है. 2024 में प्रोजेक्ट कंप्लीट करने की डेडलाइन है, लेकिन बिरसानगर, चास, गढ़वा, धनबाद, साहिबंगज और खूंटी में चल रहे प्रोजेक्ट 50 फीसदी भी पूरे नहीं हुए हैं.

| प्रोजेक्ट (राज्य योजना) | डेडलाइन | कितना काम हुआ |
|---|---|---|
| कांटाटोली फ्लाईओवर | 04.04.2024 | 48% |
| ट्रांसपोर्ट नगर फेज 1 | 09.05.2024 | 53.97% |
| कचहरी-कांटाटोली चौक 4 लेन | 26.12.2014 | 7% |
| राजमहल अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 30.03.2024 | 62.91% |
| चक्रधरपुर अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 26.04.2022 | 64% |
| मधुपुर अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 31.12.2023 | 81.62% |
| चतरा अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 10.05.2021 | 70% |
| मझिआंव अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 30.10.2023 | 72.76% |
| कोडरमा अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 26.07.2024 | 87% |
| बासुकीनाथ अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 30.06.2024 | 33.36% |
| देवघर अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 31.12.2024 | 27.29% |
| वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लातेहार | 31.13.2023 | 82.05% |
| दुमका अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 30.09.2024 | 60% |

| प्रोजेक्ट (अमृत योजना) | डेडलाइन | कितना काम हुआ |
|---|---|---|
| चास अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 31.03.2024 | 77.64% |
| धनबाद अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम-1 | 31.03.2024 | 53.25% |
| आदित्यपुर अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 03.06.2023 | 58% |
| हजारीबाग अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 05.12.2024 | 72% |
| रांची अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 30.06.2024 | 78.11% |
| आदित्यपुर सिवरेज स्कीम | 28.02.2024 | 81.30% |
| देवघर सेप्टेज स्कीम | 30.09.2023 | 74.43% |
| हजारीबाग सेप्टेज स्कीम | 31.03.2022 | 92% |
| सिमडेगा अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 27.06.2025 | 2% |
| रामगढ़ अर्बन वाटर सप्लाई स्कीम | 02.10.2023 | 1% |




**नया खेला** संजय सिंह बोले- बृजभूषण और साक्षी मलिक ले चुके संन्यास, शांति से संघ को चलने दें

## अब कुश्ती महासंघ चलाएगी नयी तदर्थ कमेटी

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ की नयी संस्था को निलंबित कर दिया गया है. इसके तुरंत बाद खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय ओलंपिक संघ से डब्ल्यूएफआई का काम देखने के लिए तदर्थ समिति गठित करने का अनुरोध किया है. खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया, क्योंकि संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 व अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा



कर दी. मंत्रालय ने आईओए को जल्द से जल्द पैनल गठित करने के लिए लिखा है. आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा को लिखे पत्र में सरकार के अवर सचिव तरुण पारीक के दस्तखत हैं. जिसमें लिखा है, उत्पन्न स्थिति को ध्यान में रखते हुए इसके संचालन और अखंडता के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा हो गयी हैं.

### बृजभूषण मेरे रिश्तेदार नहीं : संजय सिंह

नए अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि जब नया महासंघ बना था, तो उन्हें (बृजभूषण को) विदा कर दिया गया था और साक्षी मलिक ने भी संन्यास की घोषणा कर दी. ऐसे में शांति से संघ को चलने दें. उन्होंने कहा, वह (बृजभूषण सिंह) और मैं अलग-अलग समुदाय से हैं,तो हम रिश्तेदार कैसे हो सकते हैं? जब वह महासंघ के अध्यक्ष थे, तो मैं संयुक्त सचिव था. ऐसे में उस समय हमारे बीच एक रिश्ता और दोस्ती थी.

### मैंने 12 साल कुश्ती के लिए काम किया: बृजभूषण

इधर, बृजभूषण सिंह ने कहा कि मैंने 12 साल कुश्ती के लिए काम किया. इस दौरान मैंने अच्छा किया है या बुरा. यह मूल्यांकन का विषय है और कुश्ती नंदिनी नगर में कराने का फैसला आम सहमति से हुआ था. मैंने कुश्ती से संन्यास ले लिया है, मेरा उससे कोई वास्ता नहीं है.अब मेरे पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव भी शामिल हैं. बृजभूषण ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद यह टिप्पणी की.



## डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों के बीच जहर घोलना और उन्हें बरगलाना बंद हो

# केवल ध्रुवीकरण और वोटों की खेती के लिए सामने आया है आरएसएस : बंधु

संवाददाता।रांची

झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासियों के सौहार्दपूर्ण संबंधों के बीच में जहर घोलने और उनके बीच दीवार खड़ी करने से जनजाति सुरक्षा मंच को बाज आना चाहिए. उसे जनजातीय समुदाय के हित में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए. झारखंड की मौलिक संस्कृति यही है कि यहां गांव-देहात से लेकर शहरों तक में सभी लोग परस्पर सौहार्द के साथ रहते हैं और किसी अन्य आधार पर भले ही उनके बीच में कोई भी मतभेद हो लेकिन सरना और ईसाई धर्म के आधार पर उनके बीच में कोई भी मतभेद नहीं है. धार्मिक विचारधारा भले ही अलग-अलग हो लेकिन आदिवासियों की संस्कृति-भाषा समान है और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए.



**मौलिक भावना से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को भी नहीं :** बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड की इस मौलिक भावना से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को भी नहीं है. ज्यों ही चुनावी हवा बहने लगी है वैसे ही ध्रुवीकरण कर वोटों की फसलों को काटने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुषंगी इकाई वनवासी कल्याण केन्द्र के तहत गठित जनजाति सुरक्षा मंच मैदान में आ चुका है और 24 दिसम्बर को राजधानी के मोरहाबादी मैदान में रैली कर उसने डीलिस्टिंग के जिस मुद्दे को उठाया है उसका झारखण्ड में जमीनी स्तर पर कोई महत्व नहीं है. मत या धर्म को मानने का अधिकार संविधान, भारत के सभी नागरिकों को देता है और किसी दूसरे धर्म से प्रभावित होकर भले कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म में मतान्तरित हो जाये ,लेकिन वह अपनी संस्कृति से कभी नहीं कट सकता. सांस्कृतिक दृष्टिकोण से आदिवासी आदिवासी ही होता है ना कि वह किसी धर्म को मानने वाला.

**संस्कृति आदिवासियत है और वही रहेगी :** बंधु तिर्की ने कहा कि वास्तविकता की धरातल पर यदि बात की जाये तो आदिवासी वस्तुतः सरना धर्मावलंबी होते हैं लेकिन समय के प्रभाव से अनेक आदिवासियों ने ईसाई, मुस्लिम या फिर सनातन धर्म को अपनाया है . उन्हें इस बात का अधिकार है लेकिन संस्कृति आदिवासियत है और वही रहेगी न कि कुछ और. यदि ईसाई धर्म पर बात होती है तो बाकी धर्म के मामले में भी जनजाति सुरक्षा मंच को अपनी स्थिति पूरी तरीके से स्पष्ट करनी चाहिये. उन्होंने जोर देकर कहा कि आदिवासियों के हित के विषय में जनजाति सुरक्षा मंच पाठ पढ़ाना बन्द करे क्योंकि आदिवासियों को अपनी स्थिति-परिस्थिति का पूरी जानकारी है. उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलतः आदिवासी है और यही सच्चाई है. आदिवासियों की धर्म, परंपरा, संस्कृति के मामले में उनका जुड़ाव कैसा है और अपनी संस्कृति के साथ वे कैसे रहें, इस मामले में आदिवासियों को किसी से समझने की जरूरत नहीं है.

जनजाति सुरक्षा मंच यदि आदिवासियों के हितों का इतना ही बड़ा संरक्षक और पैरोकार है तो उसके भी नेता ने आदिवासियों की जमीन को जमीन दलालों द्वारा लूटने, ठगने और जमीन के मामले में आदिवासियों के हित को बाहरी लोगों के द्वारा कुचलने की बात किसी ने क्यों नहीं की ?आदिवासियों की डेमोग्राफी में खतरनाक एवं नकारात्मक बदलाव आया है और आदिवासियों की जमीन लूटनेवाले वैसे लोग हैं जो दूसरे प्रदेशों से झारखण्ड में आये हैं. उन्होंने कहा कि इसके कारण ही आदिवासियों की ऐसी स्थिति हो गयी है कि न केवल रांची एवं अन्य नगरों बल्कि दूरदराज के क़स्बाई नगरों में भी उन्हें उज़ाड़ा जा रहा है और उनकी जमीन पर कोई दूसरा व्यक्ति बस रहा है जिसके कारण आदिवासी, उत्पीड़न और पलायन को मजबूर है. आज झारखण्ड में कुल मिलाकर उन्हीं आदिवासियों का हित कुचला जा रहा है जिनके लिये झारखण्ड का निर्माण हुआ था लेकिन आदिवासियों के नाम पर उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली में आदिवासियों के गंभीर मामलों पर एक शब्द भी नहीं बोला गया और इससे यह स्पष्ट है कि जनजाति सुरक्षा मंच के मंच पर खड़े नेताओं और परदे के पीछे खड़े नेताओं की मानसिकता और मनोस्थिति कैसी है और वे सभी आदिवासियों का कितना भला चाहते हैं?

### 'कड़िया मुंडा बताएं कि उन्होंने आदिवासियों के लिए क्या किया'

बंधु तिर्की ने कहा कि उलगुलान डीलिस्टिंग महारैली में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित करिया मुंडा को यह भी बताना चाहिये कि आठ बार सांसद रहने के दौरान उन्होंने आदिवासियों के हित में ऐसा कौन सा महत्वपूर्ण काम किया जो बताने योग्य है? उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से श्री मुंडा न केवल सांसद बल्कि केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा के उपाध्यक्ष रहे तो यदि वह चाहते तो आदिवासियों के लिये बहुत कुछ कर सकते थे. वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जनजातीय उप योजना की राशि को भी काम किया गया जिसका सीधा-सीधा नुकसान आदिवासियों को हुआ है. बात-बात पर आज की रैली में पंखराज साहेब बाबा कार्तिक उरांव का नाम लेनेवाले नेताओं को यह भी बताना चाहिए कि उनके द्वारा स्थापित अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद द्वारा चलाये जा रहे 72 विद्यालयों का अनुदान भाजपा सरकार के द्वारा क्यों बंद किया गया? उन्होंने कहा कि आज की रैली का एकमात्र उद्देश्य आदिवासियों को तोड़कर और उनके बीच विवाद पैदा कर आरक्षण को समाप्त करने की केन्द्र की कोशिश को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देना था.

### राजभवन ने लिखा पत्र, कहा - नेट या पीएचडी की डिग्री नहीं है तो शिक्षकों को हटाएं

# 1000 वोकेशनल शिक्षकों की जाएगी नौकरी

रजनीश प्रसाद।रांची

जिन वोकेशनल शिक्षकों के पास नेट या पीएचडी की डिग्री नहीं है, उन्हें हटाने के लिए राजभवन ने झारखंड के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को पत्र लिखा है. पत्र की खबर मिलते ही वोकेशनल शिक्षक एसोसिएशन अपना विरोध जता रहा है. वहीं वोकेशनल शिक्षक एसोसिएशन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को अपनी 6 सूत्री मांगो को ले कर मांग पत्र भी दे चुका है. अलग अलग विषयों में झारखंड में लगभग 1000 शिक्षक हैं. सभी शिक्षक अनुबंध पर हैं. अगर शिक्षकों को हटाया जाता है, तो लगभग 90 प्रतिशत शिक्षक हट जाएंगे. झारखंड में वोकेशनल शिक्षा के शिक्षकों का स्वीकृत पद नहीं है. इसमें सभी शिक्षक अनुबंध पर है. राजभवन के चिट्ठी के आधार पर रांची विश्वविद्यालय ने वोकेशनल शिक्षकों की क्वालिफिकेशन डिटेल मांगी है.



**वोकेशनल से पीएचडी के अभ्यर्थियों की संख्या कम :** झारखंड के विश्वविद्यालयों के लिए वोकेशनल शिक्षक के पद स्वीकृत नहीं हैं. इसकी वजह से पीएचडी के लिए गाइड मिलने में दिकत होती है, इसी कारण से झारखंड में वोकेशनल शिक्षा से पीएचडी धारियों की संख्या बहुत ही कम है. झारखंड के विश्वविद्यालयों से वोकेशनल में पीएचडी करने के लिए सभी विश्वविद्यालयों का अलग अलग नियम है. कोई विश्वविद्यालय उससे संबंधित विषय के अंदर पीएचडी करने की अनुमति देता है तो कोई विश्वविद्यालय बाहर का मेन गाइड और संबंधित विश्वविद्यालय का को-गाइड रखने का अनुमति देता है.

**किन-किन विश्वविद्यालयों में कौन-कौन से कोर्स :** रांची विवि में कुल 26 वोकेशनल कोर्स चलते हैं. इसमें 3000 छात्र पढ़ते हैं. बीबीएमकेयू में 5 वोकेशनल कोर्स चलते हैं. जिसमें लगभग 1000 छात्र पढ़ते हैं. कोल्हान विवि में 4 वोकेशनल कोर्स चलते हैं. नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में 8 वोकेशन कोर्स चलते हैं. जिसमें लगभग 1000 छात्र पढ़ते हैं. विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 9 वोकेशनल कोर्स चलते हैं. जिसमें लगभग 700 छात्र पढ़ते हैं. डीएसपीएमयू में 19 वोकेशनल कोर्स चलते हैं.

### पहले अधिकारियों को हटाएं : अवधेश ठाकुर

वोकेशनल शिक्षक एसोसिएशन के रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने कहा कि हमलोगों से पहले उन पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना नेट और पीएचडी के शिक्षक बहाली के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था. हमारी नियुक्ति एक पैनल के तहत हुई थी. हमारे साथ उन सभी को भी हटाया जाना चाहिए.

## मीर प्रभारी बने, झारखंड में पार्टी मजबूत होगी: तौसीफ

संवाददाता। रांची

राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. एम तौसीफ ने कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य व जम्मू-कश्मीर के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर को झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाएं जाने पर उन्हें बधाई दी है.
डॉ. तौसीफ ने प्रदेश के प्रभारी के रूप में बड़ी जिम्मेदारी देने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आभार व्यक्त किया है. उन्होंने कहा कि गुलाम अहमद मीर की संगठनात्मक क्षमता का लाभ झारखंड कांग्रेस को मिलेगा. जम्मू काश्मीर का प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने संगठन को पंचायत व बूथ स्तर तक ले जाने का काम किया. यही वजह है कि राष्ट्रीय नेतृत्व में उनकी क्षमता और संगठन को मजबूत करने के इरादे को देखते हुए झारखंड का प्रभारी नियुक्त किया है. उनके मार्गदर्शन में झारखंड में संगठन को बूथ स्तर तक और सशक्त करने में लाभ मिलेगा.

CLASSIFIED































## रांची विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 2218 परीक्षार्थी शामिल हुए

संवाददाता ।रांची

रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया यह परीक्षा दो घंटे की थी. रिपोर्टिंग टाइम 9 :30 बजे से था, वहीं परीक्षा की शुरुआत 10: 30 बजे से हुई. स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन, आर्ट्स ब्लॉक, साइंस ब्लॉक और लीगल स्टडी सेंटर को परीक्षा केंद्र बनाया था. रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया. इस प्रवेश परीक्षा के लिए 633 सीटें हैं, जबकि लगभग 2628 आवेदन दिए गए , जिनमें से 2218 छात्र शामिल हुए.

# रोजगार को लेकर संकल्प लेने का दिन: सहाय

प्रमुख संवाददाता।रांची

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम आ अब लौट चलें का प्रसार हो रहा है. शनिवार को राजधानी के विद्यानगर के करम चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया.

सुमन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा. इस मिलन समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे के सशक्त नेतृत्व एवं राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो यात्रा से लोगों की कांग्रेस के प्रति आस्था बढ़ी है. यही वजह है की इतनी बड़ी संख्या में महिलाएं कांग्रेस पार्टी का दामन थाम रही हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही है, जिसने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी को बनाया.

देश की पहली राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को बनाया. देश की पहली लोकसभा स्पीकर महिला मीरा कुमारी जी को बनाया. कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं की सशक्तीकरण एवं सुरक्षा की बात को लेकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी सदन में पुरजोर तरीके से बात रखते हैं और आज हमारे गठबंधन की सरकार महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं चल रही है, जैसे फूलों झानो आशीर्वाद योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना झारखंड में धार्मिक पुत्र पुत्री छात्रवृत्ति योजना झारखंड निर्माण श्रमिक विवाह सहायता योजना झारखंड महिलाओं किशोरी कल्याण योजना झारखंड निर्माण मातृत्व प्रसुविधा योजना सर्वजन पेंशन योजना विधवा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना चलाई जा रही है.

**खास बातें**

- कांग्रेस ने ही देश को पहला पीएम, राष्ट्रपति व स्पीकर दिया : राजेश
- सैंकड़ो महिलाओं ने कांग्रेस पाटर्टी की सदस्यता ग्रहण की

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का स्लीपर सेल, कांग्रेस है सरगना : जफर इस्लाम

प्रमुख संवाददाता।रांची

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने कहा है कि इंडिया गठबंधन देशभर के भ्रष्टाचारियों का स्लीपर सेल है. कांग्रेस इस स्लीपर सेल की सरगना है. देश के जिस-जिस राज्य में कांग्रेस और उसके गठबंधन वाले दलों की सरकार है वहां लूट-पाट मची हुई है. इंडिया गठबंधन के सहयोग से राज्यों में चल रही सरकारें करप्शन के स्लीपर सेल के रूप में काम कर रही हैं. राज्यों से लूटे गए पैसे दिल्ली तक पहुंचाए जा रहे हैं. झारखंड में भी हेमंत सरकार करप्शन के स्लीपर सेल के रूप में काम कर रही है. इसी तरह बिहार में नीतीश-लालू, पश्चिम बंगाल में फुआ-भतीजा और तमिलनाडु में स्टालिन और उनके दामाद लूट रहे हैं. इन्हें जनता की भलाई से कुछ भी लेना-देना नहीं है. इन्हें केवल अपने परिवार की चिंता है. जफर इस्लाम रांची के प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे.



**झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है :** जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद 500 करोड़ से ज्यादा रुपए इसके गवाह हैं. इस कैश बरामदगी ने देश में कीर्तिमान स्थापित किया है. भ्रष्टाचार के आरोप में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को 6 समन जारी किये हैं, जब उन्होंने गलत नहीं किया तो क्यों डर रहे हैं.

वे भागने से बच भी नहीं सकते. ईडी आने वाले दिनों में सबूतों के साथ उनके दरवाजे पर पहुंच जाएगी तब उन्हें जवाब देना ही पड़ेगा. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार पर कारवाई के बदले मुख्य सचिव बदल रहे. कल हो सकता है कारवाई से बचने के लिए डीजीपी भी बदल दें.

### राहुल जी लॉफ्टर शो की तरह संसद चलाना चाहते

जफर इस्लाम ने कहा कि घमंडिया गठबंधन अब लठबंधन बन चुका है. ये संवैधानिक संस्थाओं पर लाठी मार रहे हैं. कभी आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने पर अपमानित करते हैं, कभी गरीब जाट किसान परिवार से आए उपराष्ट्रपति का अपमान करते हैं. राहुल गांधी मिमिक्री का वीडियो बना कर संसद को लॉफ्टर शो की तरह चलाना चाहते हैं. जब प्रतिनिधि संविधान और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल हो जाएं तब ऐसी स्थिति में सांसदों का निलंबन उचित है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




**यीशु के जन्म लेते ही गिरजाघरों के घंटे बज उठे और शुरू हो गया क्रिसमस महापर्व**

# धरा पर उतरे शांति के राजकुमार यीशु

संवाददाता। रांची

राजधानी में संतमरिया महागिरजाघर चर्च पल्ली पुरोहित आनंद डेविड खलखो, सीएनआई चर्च पुरोहित डेविड, जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, बिशप जोहन डांग, एनडब्ल्यू जीईएल चर्च के बिशप निस्तार कुजुर ने यीशु राजा के आगमन को लेकर सुबह से लेकर शाम तक विशेष आराधना की. रविवार को सभी चर्चो में पुण्य रात मनायी गयी. शाम 5 बजे सभी चर्चों में मिस्सा हुआ. कैरोल गाए गये. सोमवार को राजधानी में क्रिसमस मनेगा. और लोग क्रिसमस की बधाई देगें.

जीईलएल चर्च के बिशप निस्तार कुजुर ने संदेश में कहा, ईश्वर ने ख्रीस्त राजा यीशु को पृथ्वी पर भेजा है. पापियों को क्षमा करने के लिए यीशु को जन्म दिये. वह हमारे पापों को क्षमा करने आया है. परमेश्वर अपने पुत्र से अधिक पापियों से प्यार करते हैं. परमेश्वर ने आज हमारे लिए यीशु को प्रकट किया है. वे हमारे लिए अद्भुत औऱ महान हैं. पिता परमेश्वर जो मनुष्य अपना जीवन को यीशु को समर्पित करते हैं. पुत्र के द्वारा परमेश्वर ने प्रेम को प्रकट किया है. पापों को क्षमा करते हैं. जो लोग मसीह में जीवन समर्पित करते हैं. यीशु आज्ञा, वचन से चलने का प्रयास किया है. यीशु सांसारिक के राजा नहीं, बल्कि आत्मिक राज्य के राजा हैं. कलीसिया यीशु के राज्य से हैं. इनके बताये रास्ते पर चलने का प्रयास करना चाहिए.

## यीशु सांसारिक राज्य का राजा नहीं, बल्कि आत्मिक राज्य के राजा हैं



फोटो : रमीज

## ईश्वर हमारे पिता औऱ सृष्टिकर्ता हैं: आर्च बिशप

**रांची।** आर्च बिशप फेलेक्स टोप्पो ने कहा कि ईश्वर ने हम सबको इतना प्यार किया है कि यीशु मसीह को इस संसार में भेजा है.क्योंकि ईश्वर हमारे पिता हैं.औऱ सृष्टि कर्ता हैं. औऱ वे सर्व शक्तिमान हैं. वो हमारी चिंता करते हैं. एक मनुष्य को प्रेम का जीवन जीये.ईश्वर पर विश्वास करे. एक दूसरे की सहायता करे. वे अपने को पवित्र रखते स्वर्ग पहुंच सके.औऱ उनकी इच्छा है ईश्वर के प्रति कृतज्ञता रहे.

## सीएम से मिले क्रिश्चियन यूथ केक काटकर हेमंत ने दी बधाई



सीएम हेमंत सोरेन से उनके आवास पर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के प्रतिनिधियों एवं जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की ने मुलाकात की. सीएम ने केक भी काटा. सीएम ने क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी. हेमंत ने कहा, क्रिसमस खुशियां बांटने वाला पर्व है. यह आपसी सौहार्द तथा एक-दूसरे के लिए समर्पण के लिए है. सबको क्रिसमस पर अपनी ओर से बधाई देता हूं. मौके पर विधायक राजेश कच्छप, जीईएल चर्च के बिशप सीमांत तिर्की, अटल खेस्स, सुजीत कुजूर, अध्यक्ष कुलदीप तिर्की, कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद लकड़ा, महासचिव विकास तिर्की, गोविंद टोप्पो,अनिल उरांव सहित कई उपस्थित थे.

---

### तापमान

25° अधिकतम | 12° न्यूनतम

### ब्रीफ खबरें

#### रिम्स में पड़ा मिला नवजात का शव

**रांची।** रिम्स में नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई. दरअसल रविवार की सुबह पुरानी बिल्डिंग के पास पार्क में एक शिशु का शव पड़ा मिला. शव को देखते ही लोगों ने बरियातू थाने को सूचना दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पोस्टमार्टम के बाद शिशु का शव रिम्स के मोर्चरी में रखा गया है. रिम्स प्रबंधन और पुलिस बच्चे के मां-बाप को खोजने के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है.

#### पंडरा में पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

रांची। महिला की उसके पति ने ही हथौड़ा से मार कर हत्या कर दी. घटना पंडरा ओपी क्षेत्र के बनहोरा की है. रविवार को पूनम एक्का की उसके पति सुनील एक्का ने हत्या कर दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पंडरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी मूल रूप से गुमला का है. पारिवारिक विवाद में महिला की हत्या की गई. महिला की उसके पति ने ही हथौड़ा से मार कर हत्या कर दी. घटना पंडरा ओपी क्षेत्र के बनहोरा की है.

#### टेट पास पारा शिक्षक कल मुख्यमंत्री आवास घेरेंगे

**रांची।** टेट पास सहायक अध्यापक 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे. इस बात की जानकारी टेट सफल सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक सीमांत घोषाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर के दी है. राज्य के टेट सफल सहायक अध्यापक पिछले 122 दिनों से राजभवन के पास धरने पर बैठे हैं.

---

### जेएसएससी की बड़ी लापरवाही

## एक ही अभ्यर्थी के नाम पर कई बार जारी हुए एडमिट कार्ड, छात्रों ने परीक्षा भी दे दी

कौशल कुमार। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है. लापरवाही जेएसएससी ने की, लेकिन उसका खामियाजा अब अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ेगा. जेएसएससी ने 27 से 29 नवंबर 2023 तक झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा ली थी. हजारों अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे. इसमें कुछ ऐसे भी अभ्यर्थी थे, जिन्होंने तीनों दिन परीक्षा दी.

दरअसल कई अभ्यर्थियों ने एक पद के लिए कई बार आवेदन कर दिया था. उधर जेएसएससी की लापरवाही से ऐसे अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड कई बार जारी हो गया था. अभ्यर्थियों को कुछ समझ में नहीं आया और उन्होंने एडमिट कार्ड में लिखी तारीख पर एक्जाम दे दिया. बाद में जेएसएससी को इसकी जानकारी मिली, तो उसने 310 अभ्यर्थियों का आवेदन रद्द कर दिया.

### झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा में गड़बड़ी

- अब जेएसएससी ने 310 अभ्यर्थियों का आवेदन रद्द कर दिया



#### दोबारा ऐसी गलती न दोहराए जेएसएससी

एग्जाम देने वाले अभ्यर्थी नीलकमल ने बतलाया कि जेएसएससी द्वारा लिए गए औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा में एक ही अभ्यर्थी के कई बार परीक्षा में शामिल होने के मामले को लेकर अभ्यर्थियों ने आयोग से शिकायत की थी. इसपर संज्ञान लेते हुए आयोग ने 310 अभ्यर्थियों के एक से अधिक आवेदन को रद्द कर दिया साथ ही आंसर की भी जारी की गयी है. उन्होंने कहा कि हमलोग इतनी बड़ी लापरवाही को लेकर काफी चिंतित थे. उन्होंने आयोग से आग्रह किया है कि ऐसी गलतियों को वह दोबारा ना दोहराए.

#### अंतिम आवेदन को आयोग ने माना है वैध

जेएसएससी ने औद्योगिक प्रशिक्षण अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए विज्ञापन निकाला था. 10 जुलाई 2023 से 19 अगस्त 2023 तक आवेदकों से ऑनलाइन आवेदन लिये गये थे. इसके बाद 27, 28 और 29 नवंबर को विभिन्न पालियों में परीक्षा ली गई थी. जेएसएससी ने आवेदन रद्द करने के लिए निकाली गई नोटिस में बताया है कि 310 अभ्यर्थियों ने एक ही पद के लिए कई बार आवेदन दिया था. ये लोग परीक्षा में भी शामिल हुए थे. ऐसे आवेदकों के सबसे अंतिम में किये गये आवेदन को वैध मानते हुए उनके पहले के किये गये सभी आवेदनों के रजिस्ट्रेशन को रद्द किया जाता है.

---

### राजधानी में बाइक-कार के बीच जबरदस्त टक्कर

## बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रफ्तार का कहर**

- दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई पुलिस

संवाददाता। रांची

तुपुदाना इलाके में रविवार सुबह 11 बजे बाइक सवार 3 युवकों को विपरीत दिशा से आती कार से जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. एक गंभीर रूप से घायल हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को रिम्स भेजा. रिम्स में मृतक के परिजन भी पहुंच गये. मृतकों का पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सौंप दिया गया. वहीं, घायल युवक का इलाज जारी है.

भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए, जिससे दो युवकों इग्नेश एवं राज की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, पास्कल को गंभीर स्थिति में पुलिस ने इलाज के लिए रिम्स भेजा है, जहां उसकी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है. कार सवार लोगों को हल्की चोट आई है. कार चला रहे युवक की कार के बैलून खुलने से जान बच गई. स्थानीय युवकों ने पुलिस को इस हादसे की सूचना दी. इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई है और सड़क से जाम हटवाया गया. दस माइल से हजाम रोड में प्रतिदिन हो रही है. एक महीने में दर्जनों सड़क दुर्घटनाओं में अबतक चार लोगों की मौत हो चुकी है.

### रांची में ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान, 36 लोग पकड़े गये



**रांची।** ट्रैफिक पुलिस ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चला रही है. इसी पर क्रम में रविवार की शाम रांची के रिंग रोड के अलग-अलग जगहों दलादली, रामपुर, नेवरी और पतरातू रोड के पास सघन चेकिंग चलाया गया. जिसमें कुल 12 चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े गये. वहीं पिछले 3 दिनों में रांची में 36 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गये. जिसमें शहरी क्षेत्र में चलाये गये अभियान में 24 लोग पकड़े गये. सभी पकड़े गए लोगों के खिलाफ कोर्ट कार्रवाई की जाएगी.ट्रैफिक पुलिस ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर लगातार चेकिंग अभियान चला रही है. इसी पर क्रम में रविवार की शाम रांची के रिंग रोड के अलग-अलग जगहों दलादली, रामपुर, नेवरी और पतरातू रोड के पास सघन चेकिंग चलाया गया. जिसमें कुल 12 चालक शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े गये. वहीं पिछले 3 दिनों में रांची में 36 लोग शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गये.

---

**उत्सव** | आर्यभट्ट सभागार में बंगाली युवा मंच के तत्वावधान में पौष मेले का आयोजन

## मैजिक शो, रैंप शो और झूमर गीत ने लोगों को झुमाया

संवाददाता। रांची

शहर के आर्यभट्ट सभागार में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पौष मेले का आयोजन किया गया. दिन के 11 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित इस मेले में लोगों ने खुब आनंद उठाया. मेले में मैजिक शो में जादूगरी से लोगों का मन मोहा. एक से एक हैरतअंगेज जादू के बाद हास्य नाटक ने खूब मनोरंजन किया. इसके साथ पारंपरिक परिधानों का रैंप शो भी किया गया.





कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया. जिसमें कोलकाता के कलाकार सौप्तिक मजूमदार बैंड व तनुश्री डे झूमर गीत पेश कर लोगों को खूब झुमाया. मेला में परिधानों के स्टॉल, हस्तशिल्प, सजावटी सामान के 17 स्टाल लगाए गए. इसके अलावा गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए क्राउड फंडिंग भी की गई. मेले में बंगाली व्यंजनों के फूड स्टॉल रखे गए है. जिसमें पायस, पीठा, खीर पुली, पाटिसापटा, राधा पल्वी जैसे व्यंजनों को लोग लुत्फ उठा उठाया. इसके पौष महीना पर विचार गोष्टी का भी आयोजन किया गया. मेले के आयोजन में बंगाली युवा मंच के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष, सचिव अमित दास, उपाध्यक्ष अभिजीत चक्रवर्ती, सुभ्रतो घोष ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

## यीशु के बताये रास्ते पर चलने से ही मिलता है नया जीवन : फादर हिलेरी

रेहान/ बसंत। रांची

ख्रीस्त विश्वासियों के लिए मुक्ति का संदेश है, और अंधकार में रहने वालों के लिए एक ज्योति है. उक्त बातें हरमू संत फ्रांसिस चर्च के फादर हिलेरी बारला ने कहीं.



उन्होंने कहा कि ईश्वर के शब्द ने देह धारण किया और मनुष्यों के बीच निवास किया. बताया कि राजा दाउद के राज्य वंश की स्थापना की वे बेतलेहेम नगर में जन्मे, जो पवित्र नगरी कहलाती है. वे अपनी मां मरियम, पालक पिता यूसूफ के साथ नाजरत में पले व बढ़े. वे मनुष्यों के बीच प्रेम, दया, क्षमा और शांति के राज्य की स्थापना करते रहें. यीशु को अपनाने वालों को नया जीवन मिला, विशेष करके दुनिया में सच्चे इश्वर के प्रति अज्ञानता बुराई व पाप के बंधन से और मृत्यु के बंधन से छुटकारा दिलाया है. उसने अपने नाम एक नई कलीशिया (चर्च) की स्थापना की और कहा कि मैं ही सत्य और अनन्त जीवन हूं, जो मुझ पे विश्वास करेगा वह कभी नहीं करेगा. कलीशिया का मूल्य संदेश है वासुदेव कुटुंबकम की स्थापना हो इसमें सभी को न्याय व जीने का हक मिले.फादर हिलेरी बालरा ने बताया कि ख्रीस्त जन्म के महोत्सव पर रात्रि जागरण समारोही मिस्सा बलिदान चढ़ाया जाता है, जो रात्रि 10 बजे से आरंभ हो जाएगा. उसके बाद मनोरंजन कार्यक्रम होंगे. केक काट कर लोगों के बीच केक व चाय वितरित की जाएगी. रात के कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन सोमवार को प्रातःकाल को भी ऐसे ही आयोजन किये जाएंगे.

## रिम्स ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ विद्यापति
- सर्जरीः डॉ शीतल मलुआ
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रकाश कुमार
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- न्यूरो सर्जरीः डॉ सीबी सहाय
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- ऑब्स गायनीः डॉ एसबी सिंह
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- न्यूरोलीजीः डॉ सुरेंद्र कुमार
- ईएनटीः डॉ आरके चौधरी
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- प्लास्टिक सर्जरीः डॉ विक्रांत रंजन
- पीएमआरः डॉ अमित चैतन्य
- रेडिशन ऑन्कोलॉजीः डॉ अनूप
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजीः डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- यूरोलॉजीः डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह

## सदर ओपीडी

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका
- कार्डियोलॉजीः डॉ राकेश झा
- यूरोलॉजीः डॉ पंकज कुमार
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ मो. इमरान
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा
- पीडियाट्रिकः डॉ अमरेश
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- गैस्ट्रोएंटरोलॉजीः डॉ जयंत घोष

## शहर में आज

1. एसएसवीएम में खेल महोत्सव, धुर्वा में 10:30 बजे से
2. जगन्नाथपुर मंदिर का वार्षिक उत्सव, जगन्नाथपुर में 10 बजे से
3. क्रिसमस पर कार्यक्रम, 8 बजे से
4. कुर्मी विकास परिषद का मिलन समारोह, आरटीसी कॉलेज में 10 बजे से
5. खोरठा दिवस, मारवाड़ी कॉलेज में 9:30 बजे से
6. अटल महोत्सव संगोष्ठी सह कवि सम्मेलन, ऑड्रे हाउस में 2 बजे से
7. भारतीय कामगार श्रमिक संघ का कार्यक्रम, पुरानी विधानसभा में 10 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### शहीद निर्मल महतो का जन्म उत्सव आज

**रांची।** आजसू पार्टी सोमवार को आजसू के संस्थापक, झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो का 73वां जन्म उत्सव राज्य भर में मनाएगी. केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रणेता निर्मल महतो का नाम झारखंड के वजूद से जुड़ा है. उनकी 73वीं जयंती पर आजसू पार्टी राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों व जिलों में सभाओं का आयोजन करेगी.

### रोटी बैंक मनाएगा अन्नपूर्णा देवी उत्सव

**रांची।** रोटी बैंक रांची के द्वारा रविवार को मां अन्नपूर्णा जयंती उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है. इस उत्सव में पूजन अर्चन के बाद रक्तदान शिविर के साथ मां अन्नपूर्णा की दिव्य आरती एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप बनारस काशी विश्वनाथ मंदिर के अर्चक डॉ देव मिश्र को बुलाया जा रहा है. वहीं, लोगों से आग्रह किया गया कि वह अन्नपूर्णा जयंती पर कम से कम एक जरूरतमंद को भोजन अवश्य कराएं.

### 215 मजदूरों का 74.14 लाख रुपये बकाया, 2000 से अधिक श्रमिकों का जॉब कार्ड बना, लेकिन किसी को एक दिन भी काम नहीं मिला

# सिर्फ कागजों पर जॉब कार्डः 18 माह से मुख्यमंत्री श्रमिक योजना में फंड नहीं

**तरुण कुमार चौबे । रांची**

- मजदूरी भुगतान के लिए नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग के बीच हो रही फेंका-फेंकी



रांची नगर निगम में बीते 18 महीने से मुख्यमंत्री श्रमिक योजना में फंड नहीं है. फंड न होने के बाद भी नगर निगम वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 2000 से अधिक श्रमिकों का जॉब कार्ड बना चुका है, लेकिन किसी भी मजदूर को एक दिन भी काम नहीं मिला है. वहीं दूसरी तरफ जिन मजदूरों ने काम किया है, उन्हें मेहनताना भी नहीं मिला है.

मजदूरों की मजदूरी का भुगतान सरकारी पेंच में फंसी रह गयी. रांची नगर निगम ने वर्ष 2022 में 215 मजदूरों से काम लिया, लेकिन उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया. मजदूर 18 महीने बीतने के बाद भी बकाया मजदूरी के लिए दर- दर भटक रहे हैं. ये मजदूर अपने कोटे का 100 दिन का काम भी पूरा कर चुके हैं, लेकिन अब तक रांची नगर निगम और नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग के बीच मजदूरी भुगतान को लेकर एक-दूसरे पर फेंका-फेंकी ही चल रही है. रांची नगर निगम, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग को सात बार रिमांडर भी भेज चुका है,लेकिन मजदूरों की बकाया मजदूरी का पैसा अबतक नहीं आया है.

**215 मजदूरों ने 90 दिन काम किया, पर मजदूरी नहीं मिली :** 215 मजदूरों ने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 90 दिन काम किया. लेकिन 18 महीने से अधिक बीतने के बावजूद उन्हें बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया. ऐसे इसलिए हुआ, क्योंकि मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का फंड रिलिज ही नहीं किया गया. अब तक कागजों पर 2000 मजदूरों के जॉब कार्ड बनाए जा चुके हैं, लेकिन इन्हें एक दिन का भी रोजगार नहीं मिल रहा है. श्रमिक काम के लिए रोजाना नगर निगम कार्यालय तो आते हैं, लेकिन काम नहीं मिल पाता है.

### योजना की शुरुआत 14 अगस्त 2020 को की गई थी

रांची नगर निगम के तहत राज्य सरकार की मुख्यमंत्री श्रमिक योजना संचालित है. इस योजना की शुरुआत 14 अगस्त 2020 को की गई थी. योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी श्रमिकों को अपने ही शहर में सम्मान के साथ 100 दिनों की गारंटी युक्त रोजगार प्रदान करना है. 2 अक्तूबर 2020 को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर राज्य के सभी शहरी निकायों में योजना लागू की गयी थी. इसके तहत अभी तक रांची नगर निगम द्वारा कुल 15,185 जॉब कार्ड निर्गत किया जा चुका है. अबतक कुल 5,418 श्रमिकों को 5,10,378 दिनों का काम आवंटित किया जा चुका है. विगत वर्ष रांची नगर निगम के सभी वार्ड सुपरवाइजरों द्वारा हर वार्ड में पंजीकृत लगभग 5 श्रमिक साफ-सफाई के लिए उपलब्ध कराये गये. इन श्रमिकों को नगरीय प्रशासन निदेशालय द्वारा निर्धारित मानदेय राशि 326 .85 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया गया.

### फंड आते ही बकाया देंगेः सहायक प्रशासक

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के नोडल पदाधिकारी सहायक प्रशासक निकुश कुमार ने कहा कि रांची नगर निगम द्वारा पत्र लिखकर निदेशालय से फंड की मांग की गयी है. विभाग द्वारा फंड मिलते ही मजदूरों का बकाया मजदूरी का पैसा उन्हें मिल जाएगा.

### 24 वीं सीनियर झारखंड राज्य फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल व कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न

# फ्री स्टाइल पुरुष में साहिबगंज व महिला में जेएसएसपीएस चैंपियन

**संवाददाता । रांची**

खेलगांव में आयोजित तीन दिवसीय 24 वीं सीनियर झारखंड राज्य फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल एवं कुश्ती प्रतियोगिता 2023 का रविवार को समापन हुआ. प्रतियोगिता के फ्री स्टाइल स्पर्धा के पुरुष वर्ग में साहिबगंज और महिला वर्ग में जेएसएसपीएस चैंपियन बना.

वहीं ग्रीको रोमन स्टाइल पुरुष वर्ग में जेएसएसपीएस विजेता बना. समापन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार ने खिलाड़ियों मेडल सर्टिफिकेट प्रदान किया. इस अवसर पर झारखंड कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, अमरनाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह,कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, गोंड्डा जिला कुश्ती संघ के सचिव सुजीत झा, आकाश सेठ, महादेव उराव, युगल किशोर ,नीलेश कुमार, बोकारो जिला के अध्यक्ष धर्मबीर सिंह, सरायकेला अध्यक्ष सुनील सिंह एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अन्य पदाधिकारी संजीव कुमार झा, अजित भगत ,संदीप कुमार मौजूद थे.



## 2-पुरुष वर्ग ग्रीको रोमन

**45 किलो वजन भार :** अनूप कुमार जेएसएसपीएस स्वर्ण पदक, रवि कुमार कोडरमा रजत पदक, विकास कुमार देवघर कांस्य पदक, अयंक गुप्ता गुमला कांस्य पदक

**51 किलो वजन भार :** करण कुमार जेएसएसपीएस स्वर्ण पदक, दीपक कुमार यादव साहिबगंज रजत पदक, कुंदन कुमार यादव साहिबगंज कांस्य पदक, सकलदेव साव कोडरमा कांस्य पदक

**55 किलो वजन भार :** अजीत मुंडा जेएसएसपीएस स्वर्ण पदक, सुनील उरांव लोहरदगा रजत पदक, रौनक कुमार ओझा कोडरमा कांस्य पदक, रौशन कुमार साहू गोड्डा कांस्य पदक

**60 किलो वजन भार :** आदित्य गौरव जेएसएसपीएस स्वर्ण पदक, खूब लाल यादव कोडरमा रजत पदक, जुगल साव हजारीबाग कांस्य पदक, नंदन यादव साहिबगंज कांस्य पदक

**63 किलो वजन भार :** अभिषेक कुमार जेएसएसपीएस स्वर्ण पदक, रोहित कुमार कोडरमा रजत पदक, राहुल कुमार मेहता देवघर कांस्य पदक, देवेंद्र कुमार बोकारो कांस्य पदक

**67 किलो वजन भार :** अभिषेक कुमार मुंडा जेएसएसपीएस स्वर्ण पदक, आनंद उरांव लातेहार रजत पदक, मुन्ना यादव बोकारो कांस्य पदक, राजू कुमार यादव साहेबगंज कांस्य पदक

**72 किलो वजन भार :** राहुल कुमार यादव कोडरमा स्वर्ण पदक, अनंत कुमार बोकारो रजत पदक, गौरव कुमार राज देवघर कांस्य पदक, राजू यादव साहेबगंज कांस्य पदक

**77 किलो वजन भार :** मृत्युंजय नाथ चौधरी बोकारो स्वर्ण पदक, रणधीर कुमार रांची रजत पदक, सूरज कुमार यादव कोडरमा कांस्य पदक, नवीन कुमार शाह गुमला कांस्य पदक

**82 किलो वजन भार :** अमित कुमार रांची स्वर्ण पदक, लक्ष्मण मिश्रा गोड्डा रजत पदक, अंकित कुमार कोडरमा कांस्य पदक

**87 किलो वजन भार :** राजू कुमार बोकारो स्वर्ण पदक, जीत सिंह गोड्डा रजत पदक, आशीष कुमार पांडे देवघर कांस्य पदक

**97 किलो वजन भार :** निलेश कुमार साहू गुमला स्वर्ण पदक

**130 किलो दिन भार :** रोहित कुमार देवघर स्वर्ण पदक

## टीम चैंपियनशिप विवरणी

- **फ्री स्टाइल पुरुष :** प्रथम साहिबगंज-150 अंक, द्वितीय बोकारो-100 अंक, तृतीय रांची - 95 अंक.
- **ग्रीको रोमन स्टाइल पुरुष :** प्रथम जेएसएसपीएस-150 अंक, द्वितीय कोडरमा- 125 अंक, तृतीय बोकारो - 90 अंक.
- **फ्री स्टाइल महिला :** प्रथम जेएसएसपीएस-195 अंक, द्वितीय गुमला- 110 अंक, तृतीय दुमका - 70 अंक.
- **45 किलो वजन भार :** अमन कुमार यादव रांची स्वर्ण पदक, नरेंद्र दास जेएसएसपीएस रजत पदक, अंकुश कुमार यादव साहिबगंज कांस्य पदक, मोहम्मद साजिद गोड्डा कांस्य पदक.
- **51 किलो वजन भार :** संदीप कुमार बोकारो स्वर्ण पदक, भोला कुमार बोकारो रजत पदक, श्रीकृष्णा यादव गोड्डा कांस्य पदक, राहुल कुमार यादव कांस्य पदक.
- **57 किलो वजन भार :** नीतीश कुमार बोकारो स्वर्ण पदक, रोशन कुमार रांची रजत पदक, मनीष कुमार यादव साहिबगंज कांस्य पदक, हुसैन अंसारी लोहरदगा कांस्य पदक.
- **61 किलो वजन भार :** अमित महतो रांची स्वर्ण पदक, सत्यम शोभित लोहरदगा रजत पदक, राहुल कुमार कोडरमा कांस्य पदक, वीरेंद्र प्रधान जेएसएसपीएस कांस्य पदक.
- **65 किलो वजन भार :** अंकित कुमार रांची स्वर्ण पदक, राजू कुमार यादव साहेबगंज रजत पदक, शिवम कुमार बोकारो कांस्य पदक, प्रभु साव कोडरमा कांस्य पदक.
- **70 किलो वजन भार :** चंदन यादव बोकारो स्वर्ण पदक, अंगद कुमार यादव साहेबगंज रजत पदक, मोहम्मद सदीक गोड्डा कांस्य पदक, अंकित कुमार धनबाद कांस्य पदक
- **74 किलो वजन भार :** मनीष कुमार यादव साहिबगंज स्वर्ण पदक, भीम कुमार यादव जामताड़ा रजत पदक, साहिल सिंह देवघर कांस्य पदक, विशाल पांडे रांची कांस्य पदक
- **79 किलो वजन भार :** नीतीश जायसवाल गिरिडीह स्वर्ण पदक, मनीष कुमार यादव साहिबगंज रजत पदक, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा रामगढ़ कांस्य पदक, प्रहलाद कुमार साहू गुमला कांस्य पदक
- **86 किलो वजन भार :** विजय कुमार बोकारो स्वर्ण पदक, मोतीलाल यादव जामताड़ा रजत पदक, साहिल बारीक सिमडेगा कांस्य पदक, कार्तिक यादव साहेबगंज कांस्य पदक
- **92 किलो वजन भार :** अमन कुमार स्वर्ण पदक, पीयूष कुमार गोड्डा रजत पदक, राहुल कुमार महथा गढ़वा कांस्य पदक
- **97 किलो वजन भार :** हर्षित कुजूर गुमला स्वर्ण पदक, संजय ठाकुर सिमडेगा रजत पदक
- **125 किलो वजन भार :** अंकित कुमार गोड्डा स्वर्ण पदक, रोहित केशरी देवघर रजत पदक, सुमित कुमार सिंह धनबाद कांस्य पदक

# नगर प्रशासक ने आश्रय विहीनों के बीच कंबल बांटे



**संवाददाता । रांची**

नगर निगम प्रशासक अमित कुमार ने शनिवार देर रात शहर भ्रमण कर विभिन्न चौक-चौराहों व आश्रयगृहों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान निगम की टीम ने सड़क किनारे रात गुजार रहे लोगों को निकटतम आश्रय गृह में शिफ्ट करवाया. साथ ही आश्रय विहीनों को ठंड से बचने के लिए कंबल दिये. नगर निगम प्रशासक ने टीम को हर दिन रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर गुजर बसर कर रहे लोगों को चिन्हित कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का निर्देश दिया. अमित कुमार ने आश्रय गृहों का भी निरीक्षण किया. इस क्रम में उन्होंने आश्रय गृहों में समुचित व्यवस्था जैसे साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि की जानकारी ली. साथ ही संबंधित अधिकारियों को इसके बेहतर संचालन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश भी दिये. मौके पर सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर आभियान प्रबंधक मयूर गहलोत एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे.

### नया कोविड वैरिएंट जेएन-1 तेजी से पसार रहा पैर

# रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक ने लिया व्यवस्था का जायजा

**संवाददाता । रांची**

देश में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 तेजी से पांव पसार रहा है. कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए झारखंड सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गयी है. सभी जिलों के अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं.

इसी क्रम में रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक हिरेंद्र बिरुआ अस्पताल में ऑक्सीजन, बेड सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने रिम्स के सभी कर्मियों को मास्क पहनने को कहा. साथ ही डॉक्टरों को ओपीडी में मास्क लगा कर परामर्श देने का आदेश दिया.

**सदर अस्पताल में अलग से ओपीडी की शुरुआत :** देशभर में कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए रिम्स के पहले तल्ले में ट्रामा सेंटर के पास कोरोना वार्ड बनाया गया है. वहीं सदर अस्पताल में भी अलग से ओपीडी की शुरुआत की गयी है. यहां सर्दी-खांसी के मरीजों की जांच की जाएगी. मरीजों में कोरोना के लक्षण पाये जाने पर उनके सैंपल की जांच की जाएगी.

### 3420 एक्टिव केस

भारत में कोरोना के एक्टिव केस 3,000 से बढ़ कर 3,420 हो गये हैं. ये आंकड़े कोरोना के नये सब-वैरिएंट जेएन-1 के मामलों में हो रही वृद्धि के बीच सामने आये हैं. डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, बीते कुछ दिनों में कोरोना के मरीजों की संख्या 52 फीसदी बढ़ी है. कोरोना के नये वैरिएंट जेएन.1 का पहला मामला केरल से सामने आया था. बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग ने नयी गाइडलाइंस भी जारी कर दी है.

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का महासम्मेलन

# बेहतर समाज बनाने का लिया संकल्प

**संवाददाता । रांची**



'शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का उत्थान कैसे हो' विषय पर एमडीएलएम हॉस्पिटल के धनवंतरी सभागार में सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का राज्यस्तरीय महासम्मेलन हुआ. इसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित विजया नंद सरस्वती मौजूद रहे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष डॉ अमिताभ कुमार और संचालन उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी मिश्रा ने किया. इस दौरान वर्तमान समय में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के विभिन्न पहलुओं, समस्याओं एवं चुनौतियों और इनके समाधान पर विचार विमर्श किया गया. सभी ने एक बेहतर और विकसित समाज बनाने का संकल्प लिया. इस महासम्मेलन में अवध मणि पाठक, आचार्य मिथिलेश, वसंत व्यास, वसंत कुमार पाठक, शैलेंद्र मिश्र, विभाकर मिश्र, बंशीधर मिश्र, रवीन्द्र कुमार मिश्र, डॉ. आशुतोष पांडेय, श्रवण कुमार पाठक, शशिकांत मिश्र, विनायक शर्मा, मनोज कुमार पुट्टू, पंकज कुमार पाठक, डॉ. अर्चना पाठक विशेष रूप से मौजूद रहीं.

### आदिवासी को हिंदू कहने वालों का कल करेंगे पुतला दहन : डबलू मुंडा

**रांची।** कांके रोड सरना समिति के संयोजक डब्लू मुंडा ने कहा कि जनजातीय सुरक्षा मंच के बैनर तले प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया था. इसमें मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, राष्ट्रीय सह संयोजक राजकिशोर हांसदा एवं भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी प्रकाश सिंह उइके ने कहा कि आदिवासी हिंदू हैं. आदिवासी को धर्म कोड की कोई जरूरत नहीं है. इन बातों से आदिवासी समाज की भावना आहत हुई है. डब्लु मुंडा ने बताया कि 26 दिसंबर को इन तीन नेताओं का कांके में पुतला दहन किया जाएग, ताकि आदिवासी समाज को हिंदू कहने वाले को सबक मिल सके .

### स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार अभियान में 1200 लोगों ने किया हस्ताक्षर

# कांग्रेस, भाजपा व अन्य संगठन आए साथ

**संवाददाता । रांची**



स्वर्णरेखा नदी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अलबर्ट एक्का चौक पर स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया. विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों के बुद्धजीवियों व सदस्यों ने स्वर्णरेखा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए हस्ताक्षर किया.

कांग्रेस पार्टी के डॉ राजेश गुप्ता, आलोक दुबे, दीपेश पाठक, पिया बर्मन ने हस्ताक्षर कर सहयोग दिया. वहीं भाजपा के रवि वर्मा, नीतू सिंह, श्वेता सिंह, अनामिका सिंह ने भी हस्ताक्षर किया. करीब 1200 लोग इस अभियान में हिस्सेदारी निभाई. समाजसेवी भैरव सिंह ने कहा स्वर्णरेखा की रक्षा और संरक्षण हम सबका दायित्व है. अभियान को सफल बनाने में श्री महावीर मंडल तपोवन मंदिर के सचिव राजीव रंजन, शिवम सिंह, शशि कुमार, भावेश सिंह, राजीव रंजन, दीपेश पाठक, विक्रम साहू, राहुल राम, रोहित कुमार, अभय सिंह, सुबोध सिंह, चंदन साह, निखिल साह, राजन साहू, भोला केशरी,आनंद केशरी, कुनाल भोक्ता, मोहन चौधरी, शुभम कुमार शामिल थे.

**साहित्योदय**

### अगले वर्ष ऋषिकेश में होगा श्री नीलकंठ अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का आयोजन

# साहित्य समागम में शिवायन के पोस्टर का विमोचन

**संवाददाता । रांची**

अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति साहित्योदय के तत्वावधान में रविवार को साहित्य समागम 2023 का आयोजन किया गया. इसमें रांची सहित झारखंड और बिहार के रचनाकारों ने भाग लिया. कार्यक्रम में शिवायन पोस्टर का विमोचन किया गया. इसके साथ ही कृष्णायण ग्रंथ वितरण, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड सम्मान समारोह और काव्यपाठ का आयोजन किया गया.



महाकाव्य शिवायन के पोस्टर का विमोचन करते गणमान्य अतिथिगण.

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष कवि पंकज प्रियम ने साल 2023 में साहित्योदय की उपलब्धियों के साथ साथ अगले वर्ष शिवायन सहित अन्य कार्यक्रमों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भगवान शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित शिवायन महाकाव्य का सृजन किया जा रहा है. इसका विमोचन अगले वर्ष ऋषिकेश में प्रस्तावित श्री नीलकंठ अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में किया जाएगा. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वाईबीएन स्कूल के निदेशक रामजी यादव ने साहित्योदय के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी रचनाकारों का स्वागत किया. मंत्रोच्चारण रेणु झा रेणुका ने किया. सुरिन्दर कौर नीलम ने सरस्वती वंदना किया. कार्यक्रम का संचालन राकेश रमण, रंगोली सिन्हा और अस्मिता साई पाल ने संयुक्त रूप से किया. अतिथियों का स्वागत डॉ रजनी शर्मा चंदा, खुशबू बरनवाल और किशोरी भूषण ने किया.

कार्यक्रम में संगीता वर्मा, रेणु झा रेणुका, सूरज श्रीवास्तव, ऋतुराज वर्षा, पुष्पा सहाय, राजश्रीराज, सुनील सिंह बादल, कामेश्वर सिंह कामेश, विष्णुदेव अलबेला, प्रतिमा त्रिपाठी, सुरेंद्र उपाध्याय, अंजू यादव, रीना प्रेम दूबे, रेणुबाला धार, सदानंद सिंह यादव, सुजाता जागृति, विभा वर्मा वाची, निवेदिता श्रीवास्तव, पूनम सिंह, गुरमीत मीत समेत करीब 60 रचनाकारों ने काव्यपाठ किया. अंत में धन्यवाद ज्ञापन रजनी शर्मा चंदा ने किया.

**खास बातें**

- कृष्णायण ग्रंथ वितरण और काव्यपाठ का भी आयोजन
- भगवान शंकर के जीवन और दर्शन पर आधारित है महाकाव्य

### आदिवासियों को हिंदू कहनेवालों को झारखंड में घुसने नहीं देंगे : धान

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक गणेश राम भगत द्वारा आदिवासी को हिंदू कहे जाने पार आदिवासी संगठनों में बहुत उबाल है. रविवार को पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि यदि आदिवासी हिंदू है, तो वह कौन सी वर्ण व्यवस्था में आते हैं. आदिवासियों का अपना जन्म, विवाह एवं मृत्यु संस्कार है. उनके अपने पर्व, त्यौहार हैं. साथ ही अपनी पूजा पद्धति है. आदिवासी मूर्ति पूजा नहीं करते हैं. बल्कि वे अदृश्य अमूर्त ईश्वर की पूजा करते हैं. ऐसे में आदिवासियों को हिंदू कहना उनके अस्तित्व को नकारना है. और आदिवासी समाज ऐसे संगठनों का विरोध करती है. साथ ही कहा गया कि इस प्रकार बयान देने वाले संगठनों एवं व्यक्तियों को झारखंड में घुसने नहीं दिया जाएगा.

# आरक्षी विज्ञापन में ओबीसी आरक्षण शून्य का मुद्दा उठा

**संवाददात । रांची**

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने 8919 आरक्षी नियुक्ति विज्ञापन में ओबीसी आरक्षण शून्य करने का मसला उठाया है. मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि रोस्टर घोटाले के कारण राज्य में होने वाले 8919 आरक्षियों की नियुक्ति के विज्ञापन में ओबीसी का आरक्षण शून्य है. उन्होंने कहा कि आरक्षियों की नियुक्ति में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने के कारण गांव से शहर तक के अभ्यर्थियों में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश है.

इस संबंध में पूर्व में भी राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने रोस्टर घोटाले की जांच करने की मांग उठाई थी. लगातार देखा जा रहा है कि जेपीएससी या जेएसएससी जो भी नियुक्तियां निकल रही हैं, उसमें ओबीसी को न्यूनतम आरक्षण का प्रावधान किया जा रहा है. इसका कारण बताया जाता है कि रोस्टर में ओबीसी के पद रिक्त नहीं है, जबकि इसका एकमात्र कारण रोस्टर में घोटाला है. मोर्चा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग करता है कि अविलंब रोस्टर की जांच-पड़ताल कर घोटाला करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करें. तभी ओबीसी का हक अधिकार मिल पाएगा.

**खास बातें**

- ओबीसी मोर्चा ने रोस्टर घोटाला को बताया कारण
- अविलंब रोस्टर की जांच-पड़ताल करने की मांग

## ब्रीफ खबरें

### मुस्लिम लीग के झारखंड प्रदेश सह सचिव पदमुक्त

**रांची।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष अशरफ हुसैन की अध्यक्षता में रविवार को बैठक में प्रदेश कमेटी के द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर को सह सचिव फिदाउल अंसारी द्वारा पार्टी के प्रदेश महासचिव शानुल हक के साथ दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा का प्रयोग करने की वजह से प्रदेश कमेटी के सभी सक्रिय पदाधिकारियों की सहमति से फिदाउल अंसारी को प्रदेश कमेटी ने पद से बर्खास्त कर कमेटी से निष्कासित किया है.

### भाजपा का सुशासन दिवस आज, गोष्ठी का आयोजन

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती (25 दिसंबर) को भाजपा सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी. इस मौके पर जिला स्तर पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा. प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश के सांसद, विधायक गोष्ठी के मुख्य वक्ता होंगे. बाबूलाल मरांडी धनबाद नगर में गोष्ठी को संबोधित करेंगे.

### मशिरा फाउंडेशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** मशिरा फाउंडेशन और हेल्थ पॉइंट की ओर से रविवार को पुरानी रांची स्थित मोमिन हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इसकी शुरूआत फाउंडेशन के निदेशक रमजान अंसारी ने रक्तदान कर किया. शिविर में 50 लोगों ने स्वेच्छा से अपना रक्त दान किया है. शिविर में हेल्थ पॉइंट हॉस्पिटल से ऐमन रजा, टीम में आशुतोष झा, विनीत मिश्रा शामिल थीं. पुरानी रांची के सदर मो हामिद इरशाद, बबलू, आदम सेना के आसिफ, फैयाज आदि ने सहयोग किया.

### रांची विवि में ली गई पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया यह परीक्षा दो घंटे कि थी. रिपोर्टिंग टाइम 9 :30 बजे से थी. वहीं परीक्षा कि शुरुआत 10: 30 से हुई. स्कूल ऑफ मास कम्यूनिकेशन, आर्ट्स ब्लॉक, सांस ब्लॉक और लिगल स्टडी सेंटर को परीक्षा केंद्र बनाया था. रांची विवि के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरिक्षण किया. इस प्रवेश परीक्षा के लिए 633 सीटें हैं.

### भारतीय एकता कमेटी ने नेत्रहीनों के बीच बांटे कंबल

**रांची।** भारतीय एकता कमेटी की ओर से रविवार को संत माइकल ब्लाइंड स्कूल बहू बाजार में गरीबों के बीच ठंड से राहत के लिये कंबल बांटे गये. कमेटी के संस्थापक गुलाम मुस्तफा ने कहा कि नेत्रहीन दुनिया की खूबसूरती अपने मन की आंखों से देखते हैं. ऐसे लोगों को स्नेह व प्यार की भरसक जरूरत है. इन्हें प्यार मिलेगा तो इनकी अंधेरी दुनिया भी रंगीन व खुशहाल लगेगी.

## विभिन्न संस्थाओं में क्रिसमस महोत्सव की धूम, रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

# प्रेम-आनंद का सुसमाचार देता है क्रिसमस : प्रतिभा

**बसंत मुंडा।रांची**



रांची नगर और आसपास के विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थानों में रविवार को क्रिसमस महोत्सव की धूम मची. इस अवसर पर जहां का रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन हुए, वहीं वक्ताओं ने क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाला. साथ कार्यक्रमों में भाग लेनेवाले लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं. दिनभर गणमान्य लोग बिशपों और पादड़ियों से मिलते रहे.

इसी क्रम में मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को क्रिसमस गैदरिंग धूमधाम से मनायी गयी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षिका प्रतिभा सुमन सुरीन शामिल हुई. कार्यक्रम का उद्घाटन उन्होंने चरणी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया. उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिसमस प्रेम, विश्वास, त्याग, समर्पण और सौहार्द का पर्व है. यह पर्व हमें परमेश्वर के उस बड़े प्रेम को बताता है जो उसने समस्त मानव जाति से किया. संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि प्रभु यीशु का यह जन्म पर्व आनंद का सुसमाचार देता है. कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कैरोल एवं नागपुरी गीतों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी. इस दौरान म्यूजिकल चेयर गेम का भी आयोजन किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. काव्या के बेहतरीन डांस प्रस्तुति तथा प्रिंस के द्वारा आकर्षक क्रिसमस ट्री बनाने के लिए मुख्य अतिथि प्रतिभा सुमन ने उन्हें सम्मानित किया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षिका रिया, शमिता ,रागिनी ,अंजलि, सुमित एवं पुष्कर का योगदान सराहनीय रहा कार्यक्रम का संचालन बिपाशा एवं आराध्या ने संयुक्त रूप से किया.

### परमेश्वर ने हमें अपने स्वरूप में बनाया : राजीव संतोष टोप्पो

**रांची।** बाइबल बतलाती है कि परमेश्वर को किसी मे कभी नहीं देखा है. प्रभु यीशु ने मनुष्य के रूप में जन्म लेकर अपने कार्य और वचन के द्वारा उन्हें प्रकट किया है.रविवार को क्रिसमस के मौके पर एनडब्ल्यु जीईएल चर्चे के आर्च बिशप राजीव सतीश टोप्पो ने बताया कि परमेश्वर ने हम मनुष्यो को अपने स्वरूप में बनाया है. और वे हम सभी से अत्यधिक प्रेम करते हैं.



### सुबोधकांत ने आर्च बिशप को क्रिसमस की दी बधाई



**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रविवार को पुरुलिया रोड स्थित आर्चबिशप हाउस पहुंचकर आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो से मुलाकात कर उन्हें क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई दी. उन्होंने आर्चबिशप हाउस परिसर में बालक प्रभु यीशु के दर्शन किये. आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने भी सहाय को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं. युवा कांग्रेस महासचिव सह रांची विधानसभा प्रभारी रोहित सिन्हा ने पूरे झारखंड वासियों को क्रिसमस पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा प्रभु यीशु से राज्यवासियों के लिए अमन-चैन तथा सुख, समृद्धि की कामना की. मौके पर सुबोधकांत सहाय की सुपुत्री यशस्विनी सहाय, वरिष्ठ कांग्रेसी दीपक लाल, राजन वर्मा, राजेश कुमार सनी, वेद कमार, सर्फे आलम आदि शामिल थे.

### आशा की एक किरण आदिश केंद्र में क्रिसमस डे सेलिब्रेशन

**रांची।** हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित पटेल पार्क के निकट आदिश आशा की एक किरण के केंद्र में रविवार को क्रिसमस डे सेलिब्रेशन मनाया गया. इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर पास द बॉल चूस द कलर इत्यादि कई तरह के बच्चों के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. संस्था में आने वाले बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों का भी काफी अच्छा सहयोग एवं अहम भूमिका रही.

## न्यूज अपडेट

### रॉबिन का आईपीएल में चयन, अनाथ आश्रम में बंटी मिठाई

**रांची।** सोनेट क्रिकेट क्लब के सदस्य और झारखंड के उभरते क्रिकेट सितारे रॉबिन मिंज के आईपीएल में चयन होने और गुजरात टाइटंस टीम का हिस्सा बनने की खुशी में रविवार को क्लब के डायरेक्टर और क्रिकेटर एसपी गौतम के नेतृत्व में माहेर अनाथ आश्रम के बच्चों के बीच फल, मिठाइयां बांट कर खुशी मनाई गई. वहां रॉबिन मिंज के पिता, पूर्व रणजी क्रिकेटर - सह- भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रदेशमंत्री अजातशत्रु, चंचल भट्टाचार्य, आसिफ और रॉबिन मिंज के मित्रगण उपस्थित रहे.



### बालाजी मंदिर में बैकुंठ एकादशी महोत्सव का आयोजन

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर बाला जी मंदिर में आयोजित बैकुंठ एकादशी महोत्सव रविवार को दर्शन-पूजन और सहस्त्रनाम अर्चना के साथ संपन्न हो गया. अंतिम दिन मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा. श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन-पूजन कर घंटों भक्ति में रमे रहे. सहस्त्रनाम अर्चना कर मंगल कामनाएं की. सुबह दैनिक पूजन के तहत भगवान का विश्वरूप दर्शन हुआ. अर्चकों ने तिरूवाराधन कर प्रभु, श्रीदेवी, श्रीभूमि देवी, सुदर्शन भगवान्, उत्सव मूर्ति, भोग मूर्ति, शालिग्राम भगवान् और शटकोप भगवान की आरती उतारी. भोग नैवेद्य अर्पित कर अनेक स्तोत्रों का गायन किया.



### भाषण प्रतियोगिता में छात्रा प्रतिष्ठा को मिला प्रथम पुरस्कार

**रांची।** आर्य समाज के 129वें वार्षिकोत्सव और स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें डीएवी हेहल की 10वीं कक्षा की छात्रा प्रतिष्ठा ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया. वहीं, डीएवी नंदराज के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र अमन राज को द्वितीय पुरस्कार एवं डीएवी गांधीनगर की छात्रा श्रेया पाण्डेय को तृतीय पुरस्कार मिला. विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रणाम-पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर झारखंड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रेम प्रकाश आर्य ने 'आर्य समाज की पुकार', 'आर्य बनो-करो सुधार' नामक पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों के बीच किया.



### मिल्लत एकेडमी में टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन

**रांची।** मिल्लत स्कॉलर्स एकेडमी, माही व जमैतुल इराकीन की पहल पर रविवार को कर्बला चौक स्थित इराकी उर्दू गर्ल्स स्कूल में टैलेंट सर्च परीक्षा एमटीएस 2024 संपन्न हुई. जिसमें करीब 90 प्रतिभागियों ने विभिन्न स्कूलों व क्षेत्रों से भाग लिया. यह परीक्षा स्कॉलरशिप के लिए संपन्न हुई. जिसमें गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान,अंग्रेजी, तर्क शास्त्र, सामाजिक विज्ञान और दीनियात से 100 प्रश्न पूछे गए. परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को मिल्लत स्कॉलर्स एकेडमी द्वारा बोर्ड परीक्षा के बाद उच्च माध्यमिक परीक्षा (12वीं) के साथ नीट,आईआईटी, जेईई, क्लाइट,सीए फाउंडेशन, एनडीए 2026 व सीए फाउंडेशन बीकॉम के साथ निःशुल्क दो वर्षों की तैयारी लॉजिंग व फूडिंग के साथ बैंग्लोर, हैदराबाद, पुणे में कराई जायेगी.



### अंकित रंजन क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आगाज

**रांची।** संत जेवियर स्कूल के खेल मैदान में अंकित रंजन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ. जिसका उद्घाटन संत जेवियर के प्राचार्य फादर इग्नेशियस लकड़ा ने किया. टूर्नामेंट के पहले पहले मैच में क्रिकेट अकादमी मथुरा की टीम ने 13.4 ओवर में 69 रन बनाये जिसके जवाब में रांची क्रिकेट अकादमी ने 11.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर क्रिकेट अकादमी मथुरा को 6 विकेट से हराया. 11 रन देकर 3 विकेट लेने वाले कार्तिक कुमार को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया. वहीं दूसरे मैच में अब्दुल क्रिकेट अकादमी अलीगढ़ ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 153 रन बनाए, जवाबी पारी खेलने उतरी कोलकाता पब्लिक स्कूल की टीम 16 ओवर में 102 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. अब्दुल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 51 रनों से जीत लिया.



### शोकफ का एक दिवसीय कराटे कैंप बेल्ट ग्रेडेशन



**रांची।** शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में रविवार को रातु रोड के अरबिंदो सोसाइटी कराटे सेंटर देवी मंडप रोड में कलर बेल्ट ग्रेडेशन टेस्ट एवं कराटे कैंप का आयोजन किया गया. जिसमें शोकफ रांची के विभिन्न सेंटरों से 223 कराटेकरों ने भाग लिया. व्हाइट बेल्ट से ब्राउन बेल्ट तक के कराटेकरो का ग्रेडेशन हुआ. कैंप एवं ग्रेडेशन शोकफ के मुख्य प्रशिक्षक एवम् मुख्य टेक्निकल डायरेक्टर हांशी मानस सिन्हा के द्वारा लिया गया. हांशी मानस सिन्हा का सहयोग शोकफ के कराटे प्रशिक्ष सेंसाई संजय मिश्रा, सेंसाई अमर वर्मा, सेंसाई लखन साहु, सेंसाई राज किशोर गुप्ता, सेंसाई नंद किशोर माहतो, सेंसाई उमेश कुमार रजक, संगीता कुमारी, संदीप यादव, संजीव कुमार, परीक्षित के द्वारा किया गया. सम्मानित होने वाले कराटेकार इस प्रकार हैं- आर्सिका राज, आराव भजाज, छवि गारी, अनुप्रिया लकड़ा, खुशिका तिवारी, तेज प्रताप सिंह, तनवी आर्या, आरुष चंद्रा, निधी कुमारी केसरी, दिव्या उत्सव, सांवि, रुद्रा कांत, नव्या श्री, श्रेया चौधरी, रिद्धि विश्वकर्मा, श्रीठी पांडे, अंतरा घटक, शिव गंगा मुंडा, राहुल कुमार, रीया रंजन, और कृष्णा रंजन.

### ब्राह्मण सभा का है गौरवशाली इतिहास : रमेशचंद्र



**रांची।** मारवाड़ी ब्राह्मण भवन, अपर बाजार में रविवार को मारवाड़ी ब्राह्मण सभा की वार्षिक सभा हुई. इसमें वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर द्वारा प्रस्तुत किया गया. साथ ही सभा के कार्यो की समीक्षा भी की गयी. अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा ने कहा कि सभा का गौरवशाली इतिहास रहा है. राजधानी में 1951 को अपर बाजार में भवन निर्माण और सभा गठन के साथ ही समाज के उत्थान का प्रयास जारी है. महिला सशक्ति हो गया कोई और मुद्दा सभा सभी में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेता है. सचिव कृष्ण कुमार शर्मा ने 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हम सब भगवान परशुराम के वंशज हैं. अपने इष्ट के जीवन दर्शन का अनुशरण करते हुए समाज हित में कार्य करें.

### सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का महासम्मेलन

**रांची।** दिगंबर जैन भवन, हरमू रोड में रविवार को सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का महासम्मेलन हुआ. इसमें सर्वसम्मति से डॉ. हरिहर प्रसाद पांडेय को अध्यक्ष और ब्रजबिहारी पांडेय को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया. साथ ही राज्यस्तरीय चुनाव में डॉ. अनिल कुमार मिश्र और मनीष वैद्य को उपाध्यक्ष, गोपाल पाठक को मंत्री, डॉ. सुधांशु शेखर मिश्र को संगठन मंत्री, देव शंकर मिश्र और कृष्णा पाठक सहसचिव निर्वाचित हुए. सुबोध कुमार मिश्र को संरक्षक बनाया गया. अन्य पदों के सृजन के लिए आमसभा से सहमति ली गई. सम्मेलन के दौरान समाज की पत्रिका मगबंधु (अखिल) के नवीनतम अंक 'मग-मगध विशेषांक' का लोकार्पण भी किया गया. मौके पर उद्गार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि पंडित कमलेश पुण्यार्क ने सामाजिक विरासत को बचाने की बात कही.

# धुर्वा में मां ललिता पॉलीडॉक का हेल्थ कैंप

## सर्जरी के 6 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए चुना गया : डॉ अजीत

**संवाददाता।रांची**



मां ललिता पॉलीडॉक की ओर से शर्मा रोड, धुर्वा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर रविवार को आयोजित हुआ. शिविर का उद्घाटन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और झारखंड राज्य कृषि विपणन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने किया. डॉ. अजीत कुमार और अन्य चिकित्सकों ने अतिथियों का स्वागत किया.

**इन चिकित्सकों का रहा योगदान :** चिकित्सा शिविर में मेदांता इरबा, रांची के ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार मिश्रा, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कुणाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ रिम्स के सहायक प्राध्यापक डॉ. विनय प्रभात, नेत्र रोग विशेषज्ञ (एम्स दिल्ली) की डॉ. कुमारी रीना, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीतिलता, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार आशुतोष, जनरल फिजिशियन डॉ. रविंद्र सिंह, एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अजीत कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. सम्मानित अतिथियों ने भी आम मरीजों के बीच अपना ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच करवाया. कुल 520 मरीजों ने इस चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया. दो मरीजों का माइनर ऑपरेशन डॉ. अजीत कुमार ने किया. वहीं डॉ. विनीत ने मरीजों को बताया कि ह्रदयघात के प्रमुख कारणों में एक कारण तंबाकू का सेवन भी है, हाई ब्लड प्रेशर को उन्होंने साइलेंट किलर बताया. बताया कि शुगर के मरीजों के लिए रक्तचाप की उच्चतम सीमा 130 एमएम ऑफ एचजी होनी चाहिए. सर्जरी के 6 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए डॉ. अजीत के द्वारा चुना गया. ईसीजी देखने के बाद 10 मरीजों को ईको एवं एंजियोग्राफी की सलाह दी गई. वहीं आये हुए अतिथियों और धुर्वा के लोगों ने डॉ. अजीत कुमार की माता जी की स्मृति में आयोजित इस दो दिनों के चिकित्सा शिविर को फायदेमंद बताया. लोगों ने बोला कि इससे वृद्ध और वैसे मरीज जो बड़े अस्पतालों में नहीं जा पाते हैं वह भी अच्छे चिकित्सकों से अपना इलाज करा सकते हैं. इस तरह के आयोजनों से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी आएगी.

# बालिका क्रिकेट कैंप के लिए 30 खिलाड़ियों का हुआ चयन

**संवाददाता।रांची**

झारखंड स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर 19 बालिका स्कूली क्रिकेट ओपन ट्रायल का आयोजन रविवार को स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी चुटिया में किया गया. राज्य के 12 जिला से कुल 72 खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया. 9 से 11 जनवरी तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के लिए अंडर-19 बालिका क्रिकेट टीम झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी. जिनमें 30 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन किया गया. 26 दिसंबर से 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय साउथ रेलवे कॉलोनी ग्राउंड में सुबह 8:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित की जाएगी. प्रशिक्षक के रूप में अनीता तिगा एवं रोशन कुमार होंगे. ओपन ट्रायल में चयनकर्ता के रूप में चंचल भट्टाचार्य, चंद्रदेव सिंह, रोशन कुमार, अनीता तिग्गा, राघवेंद्र चौधरी एवं पंकज कुमार थे. सिंपी कुमारी, आकांक्षा टोप्पो, प्रतीक्षा पांडे, शिवांजलि पाठक, लक्ष्मी कुमारी, प्रियंका कुमारी, नंदनी कुमारी, साक्षी कुमारी, अदिति दास, सरिता सोरेन, वैष्णवी पांडे, अनन्या मिश्रा, प्रीति कुमारी, सोनिया कुमारी, सृष्टि सिंह ,विजयलक्ष्मी शामिल हैं.

### राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रद्युम्न व सचिन का चयन

**रांची।** सीबीएसई द्वारा आयोजित क्षेत्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र प्रद्युम्न राज और सचिन का राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयन किया गया है. दोनों छात्रों द्वारा प्रदर्शित मॉडल किसान मित्र : द एग्रिबॉए के लिए उन्हें चयनित किया गया है. आधुनिक तत्वों के समावेश से बनाया गया यह मॉडल कृषि और किसानों के लिए लाभकारी बताया जा रहा है, जिसे अब पंचायत स्तर पर परीक्षण के लिए विचार किया जा रहा है. प्राचार्य समरजीत जाना ने छात्रों की इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि भारतीय कृषि विज्ञान दुनिया में सबसे पुरातन है, आज हम सस्टेनेबल और ऑर्गेनिक खेती की बात करते हैं.

# संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल एदलहातू में क्रिसमस गैदरिंग



**संवाददाता।रांची**

संत गैब्रियल एंड मोनिका स्कूल एदलहातू मोरहाबादी में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगां का मन मोहा. डॉन बॉस्को यूथ सेंटर के डायरेक्टर रेव फादर दीपक किंडो और पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे गैदरिंग में शामिल हुए. पासवा महानगर अध्यक्ष सह विद्यालय संचालक डॉ सुषमा केरकेट्टा के सौजन्य से समाज में प्रेम और सद्भावना से जीने के प्रभु यीशु के संदेश को प्रचारित किया गया. शुरुआत में स्कूली बच्चों और शिक्षकों के बीच प्रभु यीशु का संदेश दिया गया. कार्यक्रम में स्कूल के छात्र ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की संचालिका व पासवा महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा व शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रभु यीशु के जन्मोत्सव का गीत गाया गया.

मौके पर रेव फादर दीपक किंडो ने प्रभु यीशु के जन्म संदेशों को सुनाया. प्रभु ने कहा- तुम मुझसे सीखो, मैं स्वभाव से विनम्र हूं, हमें सेवा करना व दूसरों की चिंता करना सिखाया. कहा क्रिसमस प्यार का त्योहार है,अगर हम दूसरों को समय देते हैं ,उनके लिए चिंता करते हैं, तो वह हमारे प्रेम का प्रमाण है. प्रभु ने हमें दूसरा संदेश क्षमा करने का दिया. हमें पापों से क्षमा करना सिखाया,एक- दूसरे को क्षमा करना सिखाया और तीसरा हम लोगों को सही काम करने, सही दिशा दिखाने के लिए काम करने की प्रेरणा दी. क्रिसमस हमें सकारात्मक शिक्षा देता है, शांति, प्यार सद्भावना से रहने का, एक-दूसरे के प्रति आदर और सम्मान करने का. विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद झारखंड पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा प्रभू यीशु के जन्मोत्सव पर हम क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं. सांता क्लॉज देवदूत बनकर स्वर्ग से उपहार लेकर धरती पर आते हैं और बच्चों को उपहार देते हैं. प्रभु यीशु ने अपने संदेशों में कहा है कि मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूं. यहां तक कि दुनियां के अंत तक. पापियों एवं दुनिया को प्रलोभन से बचाने के लिए प्रभु यीशु ने मनुष्य रूप धारण किया और परिवार में जन्म लेकर परिवारिक जीवन को पवित्र किया.पासवा महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा ने कहा प्रभु यीशु का आगमन संसार में खुशहाली का प्रतीक है. उनके दिए हुए प्रेम, शांति और सेवा के संदेश को जीवन में अपनाते हुए समाज की बेहतरी के लिए काम करना चाहिए. डॉ केरकेट्टा ने सभी अतिथियों को सम्मान स्वरूप केक भेंट किया. स्कूल में आकर्षक चरनी सजायी गयी और प्रभु के जन्म की घटना को याद किया गया, जब माता मरियम बालक यीशु को गोद में लेकर आशीष प्राप्त करा रही थीं.

# भाषण प्रतियोगिता में डीएवी हेहल की 'प्रतिष्ठा' को मिला प्रथम पुरस्कार

**संवाददाता।रांची**

आर्य समाज के 129वें वार्षिकोत्सव और स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें डीएवी हेहल की 10वीं कक्षा की छात्रा प्रतिष्ठा ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया. वहीं डीएवी नन्दराज के ग्यारहवीं कक्षा के छात्र अमन राज को द्वितीय पुरस्कार एवं डीएवी गांधीनगर की छात्रा श्रेया पाण्डेय को तृतीय पुरस्कार मिला. विजयी प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रणाम-पत्र देकर सम्मानित किया गया. झारखण्ड राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान प्रेम प्रकाश आर्य ने 'आर्य समाज की पुकार' आर्य बनो-करो सुधार' नामक पुस्तक का वितरण विद्यार्थियों के बीच किया. मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन-बी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी हेहल के प्राचार्य एम के सिन्हा के साथ डीएवी पुंदाग के प्राचार्य संजीत कुमार मिश्रा, संजय पोद्दार, सुनील गुप्ता, आदि उपस्थित थे.






# पुलिस ने साइबर ठगी के 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता । गिरिडीह



पुलिस ने पिछले तीन दिनों में 10 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है. इनके पास से पुलिस ने 11 मोबाइल, 17 सिम कार्ड, चार एटीएम, एक पासबुक, एक चेकबुक और दो बाइक समेत कई अन्य समान जब्त किया है. एसपी दीपक कुमार शर्मा, डीएसपी संदीप सुमन और एसआई गौरव कुमार ने रविवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में बेंगाबाद थाना इलाके के दशरथ मंडल, डुमरी थाना के जीतकुंडी के जितेंद्र मंडल और उसका भाई रिंकू, इसी गांव का अजय मंडल, मुफ्फसिल थाना इलाके के सुनील मंडल, धनवार थाना के सचिन विश्वकर्मा एवं संतोष राणा, बगोदर थाना इलाके का हीरा यादव, अहिल्यापुर थाना इलाके के संतोष मंडल और बेंगाबाद के सिकंदर मंडल शामिल हैं.

एसपी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के एक आईएएस अधिकारी को संतोष मंडल और हीरा यादव ने उनके बैंक खाते से 60 हजार की ठगी किया. इसके बाद आईएएस अधिकारी ने बंगाल में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज कराया. केस दर्ज होने के बाद बंगाल पुलिस ने गिरिडीह के साइबर पुलिस से संपर्क किया. इन दोनों अपराधियों को दबोचा गया. इनकी निशानदेही पर अलग-अलग इलाके से आठ अन्य अपराधियों को दबोचा गया. उन्होंने बताया गया कि अबतक कुल 120 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. उन्होंने बताया कि गिरिडीह जिले से साइबर अपराध को खत्म करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसी कड़ी में लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने साइबर अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी लोग साइबर अपराध के धंधे में शामिल है, वह या तो अपना धंधा बदल दे, या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहे. छापेमारी दल में साइबर डीएसपी संदीप सुमन समदर्शी के अलावे साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुअनि सरोज मंडल, पुअनि, रोशन कुमार, पुअनि सुबल डे, सअनिका संजय मुखियार, आरक्षी साकेत वर्मा, सौरभ कुमार, जितेंद्र आदि शामिल थे.

## आओ जानें

### देश के इन राज्यों में कितने प्रशासनिक अधिकारियों के पोस्ट खाली हैं

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | : 67.6 | पंजाब | : 29.3 |
| कर्नाटक | : 14.5 | राजस्थान | : 37.3 |
| केरला | : 6.9 | आंध्रप्रदेश | : 23.2 |
| मध्यप्रदेश | : 41.4 | बिहार | : 25.8 |
| तमिलनाडु | : 11.0 | छत्तीसगढ़ | : 64.7 |
| तेलंगाना | : 8.0 | गुजरात | : 30.0 |
| उत्तरप्रदेश | : 36.1 | हरियाणा | : 34.6 |
| उत्तराखंड | : 77.1 | | |
| पश्चिम बंगाल | : 24.3 | | |
| महाराष्ट्र | : 22.0 | | |
| ओडिशा | : 23.3 | | |



## ब्रीफ खबरें

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**गुमला ।** गुमला घाघरा रोड में सोसो मोड़ के समीप शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार शंकर कुमार साहु 35 वर्ष की मौत हो गई. मृतक घाघरा थाना अंतर्गत रुकी का रहने वाला है. घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एसआई राजू कुमार और सगीर आलम घटनास्थल पहुंचे और शव को पुलिस वाहन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टर ने जांच मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है.

### 45 वर्षीय विवाहिता लापता, शिकायत

**आदित्यपुर ।** आरआईटी थाना क्षेत्र के जनता फ्लैट जे-9/12, रोड नंबर 11, आदित्यपुर-2 निवासी रामजी सिंह की 45 वर्षीय पत्नी धर्मशीला देवी जो कि रविवार को लगभग 8 बजे बिना किसी को बताए कहीं चली गयी है. परिवारवालों ने दिन भर प्रयास किया पर उनका कही पता नहीं चला तो आज शाम में आर आई टी थाना में समाजसेवी निरंजन मिश्रा ने परिवारजनों के साथ जाकर उनकी गुमशुदगी की सूचना दी है. पुलिस लापता महिला की तलाश में जुट गई है.

### सडक दुघर्टना में लखन लोहरा की मौत

**लोहरदगा ।** जिले के भंडरा सिसई मुख्य पथ के धनामुन्जी मोड़ के समीप रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में मसमानो गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता लखन लोहरा उर्फ सरदार की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि लखन लोहरा अपनी बाइक से सेमरा साप्ताहिक बाजार से लौट रहे थे. इसी बीच धनामूंजी मोड़ के समीप साइकिल चालक को बचाने के क्रम में लखन की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस घटना में लखन लोहरा की मौके पर मौत हो गयी. ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने एम्बुलेंस से शव को लोहरदगा सदर भेज दिया.

### नाबालिग को भगाया पिता की भी कर दी पिटाई

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना अंतर्गत छोटा गोविंदपुर निवासी 17 वर्षीय नाबालिग को भगा ले जाने और विरोध करने पर नाबालिग के पिता की पिटाई का मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में नाबालिग के पिता ने गोविंदपुर थाने में लिखित शिकायत भी की है. शिकायत में पीड़ित ने बताया है कि शनिवार देर रात उनकी बेटी लापता हो गई थी. सुबह जानकारी मिली कि जय मिश्रा उसे अपने साथ भगा ले गया है. सुबह वे जय के घर गए जहां उनकी बेटी मिली. वे बेटी को लेकर जाने लगे इतने में जय ने लोहे के रॉड से वार कर दिया. घटना के बाद पत्नी ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया. इधर, मामले को लेकर थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले की लिखित शिकायत की गई है. मामले की जांच की जा रही है.

### बाइक हादसे में मृतकों की हुई शिनाख्त

**साहिबगंज ।** बोरियो थाना क्षेत्र के बोरियो-साहेबगंज मुख्य पथ के मोगरा पुल के समीप शनिवार की देर शाम को बाइक हादसे में जान गंवाने वाले दोनों लोगों की शिनाख्त हो गई है. दोनो रिश्ते में मामा-भांजे थे. मृतक बोरियो थाना क्षेत्र के बिजुलिया पहाड़ इलाके का दुखिया पहाड़िया (55) व दाऊद पहाड़िया (25) है. दुखिया पहाड़िया के पुत्र ने दोनों की पहचान की. मृतक दुखिया पहाड़िया के पुत्र श्यामसुन पहाड़िया ने बताया कि उसके पिता एवं दाऊद दोनों बाइक से बोरियो हटिया कर अपने घर वापस लौट रहे थे. इसी क्रम यह हादसा हो गया, जिसमें दोनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई.

### युवक ने फंदे से झूल कर दे दी जान

**खूंटी ।** मुरहू के बम्हनी गांव निवासी देवनाथ नायक ने अपने घर में ही फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली. स्वजनों के अनुसार देवनाथ नायक रविवार को दिन में घर से अन्यत्र कहीं गया था. वापस घर लौटने के बाद वह अपने कमरे में चला गया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पत्नी की साड़ी से पंखे में फंदा लगाकर उसमें झूल गया. स्वजनों ने जब कमरे की खिड़की से इस घटना को देखा, तो कमरे की छत में लगे चदरा शेड को उखाड़ कर कमरे में प्रवेश किया और देवनाथ को फंदे से नीचे उतारा. उसे सदर अस्पताल खूंटी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

## जेजेएमपी के एरिया कमांडर को पकड़ने के लिए अभियान जारी

# गढ़वा में पुलिस मुठभेड़ में शामिल उग्रवादी मनोज राम गिरफ्तार



### उग्रवादी की निशानदेही पर भारी मात्रा में जंगल से हथियार बरामद

संवाददाता । गढ़वा

**खास बातें**

- पुलिस-एरिया कमांडर दिनेश उरांव के दस्ता के साथ मुठभेड़
- एसपी बोले-एरिया कमांडर भी पुलिस गिरफ्त में होगा

जिले के रंका थाना क्षेत्र में पिछले 17 दिसंबर को पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर दिनेश उरांव के दस्ता के साथ मुठभेड़ हुई थी. पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई थी.

एसआईटी ने रमकंडा थाना क्षेत्र के दुर्जन ग्राम निवासी मनोज राम उर्फ मनोज कुमार, पिता राजेश राम उर्फ साहब राम को शनिवार रात गिरफ्तार किया. गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम ढेंगुरा और वैदिसी के बीच डुमरिया नाला जंगल से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया. एक इंसास राइफल, इंसास राइफल का मैगजीन एक, 5.56 एमएम कैलिबर की गोली 6, 315 बोर का राइफल 4, 315 बोर में लगने वाले मैगजीन 4, 315 बोर का गोली 4 और गोली रखने के लिए दो पाउच बरामद किया गया है.

**जल्द होगी जेजेएमपी के एरिया कमांडर की गिरफ्तारी : एसपी:** एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल जेजेएमपी नक्सली संगठन के अन्य क्रियावादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया. छापेमारी दल ने मुठभेड़ में शामिल सक्रिय उग्रवादी मनोज राम उर्फ मनोज कुमार को देर रात गिरफ्तार किया. उसकी निशानदेही पर ढेंगुरा एवं बैदिसी के बीच डुमरियानाला जंगल में स्थित पत्थर के खोह से दुनेश उरांव दस्ता के हथियारों का जखीरा की बरामदगी हुई. घटना में शामिल जेजेएमपी नक्सली संगठन के एरिया कमांडर दुनेश उरांव एवं उसके दस्ता में शामिल फरार उग्रवादी की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है.

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि जल्द ही जेजेएमपी का एरिया कमांडर भी पुलिस की गिरफ्त में होगा. छापेमारी दल का नेतृत्व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार कर रहे हैं. इसमें पुलिस निरीक्षक रंका राम जी महतो, पुलिस अवर निरीक्षक शिवलाल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी रामकंडा,पुलिस अवर निरीक्षक राजबल्लभ कुमार थाना प्रभारी चिनिया,पुलिस अवर निरीक्षक पिंकू कुमार राणा रंका थाना, डोमन मोची लक्ष्मी महतो, अमित सिंह, हरिश्चंद्र भगत, ओंकारनाथ दुबे, गिरधारी राम, मोहम्मद नदीम अहमद शामिल थे.

### बिजली विभाग की लापरवाही से गई मिस्त्री की जान

संवाददाता । रांची

नगड़ी थाना क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक निजी मिस्त्री दीनबंधु महतो की रविवार को मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार 11 हजार वोल्टेज के पोल पर चढ़कर दीनबंधु महतो लाइन कटवाकर काम कर रहा था. इसी बीच बिजली चालू हो गयी और करंट लगने से उसकी मौत हो गई. वह जेएमडी एजेंसी के अंदर में काम कर रहा था.

दीनबंधु महतो रातू थाना क्षेत्र के बाजपुर रहना वाला था. घटना की सूचना मिलते ही नगड़ी थाना प्रभारी रोहित सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला बिजली विभाग की लापरवाही का प्रतीत हो रहा है. पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है. बता दें कि इससे पहले भी बिजली विभाग की लापरवाही से बहुत सी घटना घट चुकी है, इसके बावजूद भी विभाग को कोई सीख नहीं मिलती है. हर बाद कर्मी की मौत होने पर विभाग की ओर से मुआवजे की रकम मिल जाती है लेकिन एजेंसी पर कोई कार्रवाई नहीं करती है.

## हनुमान मंदिर की दानपेटी तोड़कर पैसे उड़ा ले गये चोर



संवाददाता । रंका

रंका अनुमंडल मुख्यालय की खरडीहा पंचायत अंतर्गत एनएच 343 पर स्थित बजनवा हनुमान मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया. शनिवार देर रात चोरों ने दानपेटी का ताला तोड़कर पैसे उड़ा ले गये. दानपेटी में 50,000-70,000 रुपये थे. पुरोहित श्रीनिवास पांडेय सुबह जब मंदिर पहुंचे तो देखा कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है. उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी बजनवा मंदिर समिति के लोगों को दी. कमेटी के अध्यक्ष बुधन यादव ने घटना की जानकारी रंका थाना को दी. सूचना पाकर सब इंस्पेक्टर पिंकू कुमार राणा मंदिर पहुंचे हैं और पुरोहित से जानकारी ले रहे हैं. बुधन यादव ने बताया कि मंदिर में दान पेटी तोड़कर चोरी करने की यह चौथी घटना है. दानपेटी में कितने पैसे थे, यह बताना मुश्किल है. हालांकि राशि संग्रह अनुमान के अनुसार दानपेटी में अनुमानित 50000 से 70000 होंगे.

## ड्रंक एंड ड्राइव अभियान में 18 वाहन चालक पकड़ाए

संवाददाता । रांची



रांची के ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की चारों थानों ने अलग-अलग जगह पर अभियान में 10 वाहन चालक शराब के नशे में पकड़ में आए. इनमें दो पहिया और चार पहिया वाहन शामिल थे. ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर अभियान चलाया गया. इसी क्रम में सड़क से होकर गुजरने वाले वाहनों के चालक और सवार की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई. एसपी ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें, शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी. साथ ही एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रथम अपराध पर 10 हजार रुपये जुर्माना और छह माह का कारावास की सजा है. जबकि दोनों पश्चातवर्ती अपराध के लिए 15 हजार रुपये जुर्माना और दो वर्ष का कारावास का भी प्रावधान है. इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन का भी नियम है.

### वाहन की चपेट में आने से राजनगर के युवक की कोवाली में मौत

संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर से सटे कोवाली थाना क्षेत्र के नागा में रविवार सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान राजनगर निवासी 28 वर्षीय कानू राम मुर्मू के रूप में की गई. स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचित किया. रविवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है.

परिजनों ने बताया कि कानू राम आपने एक साथी के सात राजनगर से शनिवार रात ही रसूनचोपा एक कार्यक्रम में शामिल होने आया था. सुबह पुलिस ने घटना के बारे में बताया. परिजनों के अनुसार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. इधर, पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरु कर दी है. वहीं मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोक बुरा हाल हो गया है.

## शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

# 3 लाख की संपत्ति हुई राख



संवाददाता । गिरिडीह

नगर थाना क्षेत्र के शास्त्री नगर मोहल्ले के एक मकान में बीते शनिवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. अगलगी की इस घटना के बाद इलाके में अपरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. आग की लपटें को देख आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुटे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. इधर, घटना के बाद भुक्तभोगी कल्पना मिश्रा ने बताया कि वह रात में घर में अकेली थी और अचानक शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गया. किसी तरह उन्होंने घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और आस-पास के लोगों को इसकी सूचना दी. सूचना मिलने के बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काम किया. इधर, घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड और नगर थाना पुलिस को भी दे दी गई.

## रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के गांधी मैदान के समीप दबंगों ने शनिवार को की थी पिटाई

# चोरी का लगाया था आरोप, युवक को पीटा, तीन गिरफ्तार

संवाददाता । रांची



3 की तलाश जारी

राजधानी रांची के गोंदा थाना क्षेत्र के गांधी मैदान के समीप शनिवार को चोरी का आरोप लगाकर एक युवक की कुछ दबंग युवकों ने बेरहमी से पिटाई कर दी गई. युवक को लाठी, बेल्ट और लात-घूसों से बेरहमी से मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया. घायल युवक का नाम आकाश कुमार है.

घटना के बाद आकाश और उसके परिजनों ने मारपीट के छह आरोपियों के खिलाफ एसटी-एससी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुये 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. बाकी फरार तीन आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है.

गिरफ्तार आरोपियों में राजू यादव 32 वर्ष, पंकज कुमार सिंह 30 वर्ष और गोलू जायसवाल 28 वर्ष शामिल है. तीनों कांके रोड के गांधी नगर और धावन नगर के रहनेवाले हैं. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मारपीट करने के आरोपी युवक नशे के कारोबार से जुड़े हैं और दबंग किस्म के हैं.

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि शनिवार को मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था. इसको लेकर एसटी-एससी थाने में 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं. वहीं मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी मारपीट करते नजर आ रहे हैं. पुलिस ने कार्रवाई करते हुये 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. बाकी आरोपी की तलाश जारी है. जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

जानकारी के अनुसार गांधीनगर के एक घर में चोरी हुई थी. आरोपियों को संदेह था कि आकाश ने ही चोरी की है. इसी को लेकर सभी एक खटाल में पहुंचे जहां पकड़कर आकाश की बेरहमी से पिटाई कर दी और चलते बने.

## कालाबाजारी | जनप्रतिनिधियों ने इसकी सूचना गिरिडीह डीसी और जमुआ बीडीओ को दे दी

# कार से ले जा रहे सरकारी चने की चोरी पकड़ी गई

संवाददाता । जमुआ (गिरिडीह)



जमुआ में भाजपा के एक नेता के कार में कालाबाजारी के लिए ले जाए जा रहे किसानों के सरकारी चने को उसी के पार्टी के लोगों ने उसकी चोरी पकड़ कर उसकी पोल खोल दी. बताया जाता है कि भाजपा का एक वरिष्ठ नेता अपने निजी कार में सरकारी चने की बोरियां लाद कर कालाबाजारी के लिए ले जा रहे थे. इतने में सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि बैजनाथ यादव और प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव की नजर पड़ गई. मौके पर पहुंचने पर भाजपा नेता ने चने की बोरियों को सड़क पर फेंक कर किसी तरह अपनी कार लेकर चंपत हो गए, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने इसकी सूचना गिरिडीह डीसी और जमुआ बीडीओ को दे दी. इस संबंध में जमुआ बीडीओ कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह बहुत बड़ी गलती और लूट है. प्रथम दृष्टया इसमें बीटीएम दोषी है. आज छुट्टी के दिन रविवार को वह कैसे कार्यालय खोला और किस परिस्थिति में चना निकाला. उस पर चने के बोरे को किसी नेता के निजी कार में कैसे लोड करवाया. जिस पंचायत में यह चना बांटा जाना था वहां के जनप्रतिनिधियों को भी कोई सूचना नहीं दी गई है.

कहा कि उसे शोकॉज किया जा रहा है. जवाब लिया जाता है फिर कार्रवाई होगी. वहीं चना ले जा रहे नेता पर कार्रवाई के संबंध में बीडीओ ने कुछ भी नहीं कहा. वहीं, जमुआ प्रमुख मिष्टू देवी ने कहा कि कुछ पदाधिकारी और कर्मी प्रखंड में लूट मचाए हुए है. जमुआ बीडीओ इस पर प्राथमिकी दर्ज करें. चना देने वाले और चना को ले जाने वाले सभी पर प्राथमिकी दर्ज करे बीडीओ. अन्यथा मामले को आगे लेकर जाया जाएगा. जमुआ कांग्रेस अध्यक्ष महसर ईमाम ने कहा कि इससे पहले भी इस कार्यालय से किसानों के लिए आए सरसों की लूट हुई है. एक दिन एक बड़े जनप्रतिनिधि के रक्षक द्वारा चावल की बोरी एफसीआई गोदाम से ले जाने की खबर वायरल हुई थी, लेकिन किसी में कार्रवाई नहीं हुई. ऐसा होने से ऐसे लोगों का मन बढ़ रहा है. यदि इस मामले में जमुआ बीडीओ द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो कांग्रेस आंदोलन को विवश होगा. बहरहाल, इस घटना की चर्चा चौक चौराहों पर हो रही है. लोग नेताजी का फ़ोन लगाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन नेता जी का फोन हमेशा बंद मिल रहा है.

## कर्मी की मौत के बाद मुआवजे के लिए शव के साथ दिया धरना



**तेतुलामारी ।** आठ लेन पर नवाडीह के समीप शनिवार की देर रात सड़क दुर्घटना में बीसीसीएल कर्मी सुनील भुइयां की मौत हो गई थी. रविवार को यूनियन प्रतिनिधियों व उसके परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव के साथ वेस्ट मोदीडीह कोलियरी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए. सभी उचित मुआवजा व नियोजन की मांग करने रहे थे. घंटों बाद एपीएम रामानुज प्रसाद व सौरव कुमार के साथ यूनियन के प्रतिनिधियों की वार्ता हुई, जिसमें सुनील के पुत्र को 18 वर्ष पूरा होने के बाद नियोजन देने की सहमति बनी. पुत्र के 18 वर्ष पूरा होने तक मृतक की पत्नी गुड़िया देवी को आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा. उसके बाद शव को दाह-संस्कार के लिए परिजन ले गये. वार्ता में एटक के शत्रुधन महतो, अशोक कनौजिया, जितेंद्र चौहान, विनोद सिंह, दिनेश कुमार, बिपिन राय आदि शामिल थे.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्रमा उच्च का है. अप्रत्याशित लाभ हो सकता है. साथ ही किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी. माता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. पुराना रोग उभर सकता है. विवाद से क्लेश संभव है, पर सुख का सामान मिलेगा.

**वृषभ** समय उत्तम है, पर दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी. कार्य में विलंब होगा. घर में वृद्ध का स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. पारिवारिक चिंता बनी रहेगी. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. अन्न दान करें.

**मिथुन** खर्च अधिक होगा, पर बाहर से शुभ समाचार मिलेगा. मेहनत का फल मिलेगा. निद्रा में खलल होगी. व्यापार में वृद्धि के योग हैं. निवेश शुभ रहेगा. गणेश जी का पूजन करें. माता का आशीर्वाद लें. मंदिर में खीर का भोग लगावें.

**कर्क** लग्न का मालिक उच्च का है. नई योजना बनेगी. आय का नया मार्ग मिलेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. नए व्यापारिक अनुबंध होंगे. धनार्जन होगा. लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी. सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी.

**सिंह** सरकार से कोई लाभ मिलेगा. सरकारी कार्य में गति आएगी. कर्म में वृद्धि होगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा. आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार अच्छा चलेगा. नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे.

**कन्या** जीवनसाथी का सुख सहयोग होगा. ससुराल में पूछ परख बढ़ेगी. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आपके कर्म के बल पर आय में निश्चितता होगी. ऐश्वर्य पर व्यय होगा.

**तुला** कुछ मानसिक तनाव होगा. पुराना रोग उभर सकता है. आपकी मेहनत रंग लाएगी. साथ ही भागदौड़ रहेगी. विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा. किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. घी का दीपक मंदिर में दिखाएं.

**वृश्चिक** समय सामान्य है. नस के रोग से बचना चाहिए. किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है. कार्य में बिलंब होगा. साथ ही व्यर्थ भागदौड़ होगी. कार्य पूर्ण नहीं होने से चिंता तथा तनाव रहेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**धनु** किसी रोग के चलते कुछ परेशानी हो सकती है. स्वाथ्य संबंधित परेशानी पर ध्यान दें. मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी में चैन रहेगा. आय में वृद्धि होगी. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा.

**मकर** शिक्षण संस्थानों के संचालक के लिए समय उत्तम है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें. चोट व रोग से बचें. प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी.

**कुंभ** आय के लिए समय उत्तम है. आपके कार्य और व्यवहार से पराक्रम बढ़ेगा. किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. चोट व रोग से बचें.

**मीन** भाई बहन का सुख सहयोग मिलेगा. कारोबार में वृद्धि होगी. पुराना और पैतृक कार्य में निवेशादि शुभ रहेंगे. नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे. स्त्री पक्ष से लाभ होगा. अज्ञात भय रहेगा. लाभ के अवसर हाथ आएंगे.

**समापन :** विमर्शमय रहा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में आयोजित किताब उत्सव का अंतिम दिन

# झारखंड में जल्द ही साहित्य अकादमी बनने की संभावना : महुआ माजी

संवाददाता। रांची



राजकमल प्रकाशन समूह और रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में आयोजित किताब उत्सव का रविवार को समापन हो गया. उत्सव का अन्तिम दिन विमर्शमय रहा. पहला सत्र 'साहित्य और राजनीति' विषय पर केंद्रित रहा. इस सत्र में राज्यसभा सांसद एवं लेखक महुआ माजी से धर्मेन्द्र सुशांत ने उनके लेखन और राजनीति जीवन पर बातचीत की. महुआ माजी ने रांची शहर में किताब उत्सव के जरिए एक साहित्यिक माहौल देने के लिए राजकमल प्रकाशन और डॉ. रामदयाल मुंडा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में आई हूं, पर अंदर का लेखक जिंदा है. साहित्य ने ही मुझे राजनीति में संवेदनशीलता से काम करना सिखाया है. विकास या विध्वंस के सवाल पर उन्होंने कहा कि जंगल लूटने के लिए केंद्र सरकार ने नया फॉरेस्ट बिल पास कराया है. साहित्य अकादमी के सवाल पर उन्होंने कहा कि झारखण्ड में भी जल्द ही साहित्य अकादमी बनाई जायेगी. इस दौरान महुआ माजी के हाथों आदिवासी महोसव 2023 के ट्राइबल क्यूज़ीन प्रतियोगिता के विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और आखिर में केक काटकर सबको क्रिसमस की बधाई भी दी गई. दोपहर से 'हमारा झारखण्ड हमारा गौरव' सत्र में योगेंद्र नाथ सिन्हा के साहित्यिक जीवन पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई. इस सत्र के वक्ता के रूप में विद्याभूषण उपस्थित रहे. वरिष्ठ साहित्यकार विद्याभूषण ने बताया कि योगेंद्र नाथ सिन्हा का लेखन मुख्यतः हो जनजाति की जीवनशैली पर केंद्रित रहा. योगेंद्र नाथ सिन्हा ने 56 कहानियां आदिवासी समुदाय की पृष्ठभूमि पर लिखा. वे एक समर्पित कथाकार थे. तीसरे सत्र का विषय रहा "विरासत निर्माता" जिसमें रघुनाथ मुर्मू, लाको बोदरा, पंडित आयता उरांव और प्यारा केरकेट्टा के जीवन और संघर्ष पर विशेष चर्चा की गई. इस सत्र में दूमनी माई मुर्मू, दयामनी सिंकु, प्रेमचंद उरांव और डॉ. तरकेलेंग कुल्लू ने विभिन्न संस्मरणों के माध्यम से झारखंड के विरासत निर्माताओं को याद किया.

### अंतिम सत्र में काव्य संध्या का आयोजन

किताब उत्सव का अंतिम सत्र काव्य संध्या का रहा. इसमें आदिवासी कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया. इस सत्र का संयोजन वरिष्ठ आदिवासी साहित्यकार वन्दना टेटे ने किया. सात दिनों तक चले किताब उत्सव में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया. इस दौरान लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी में आदिवासी संस्कृति और साहित्य की पुस्तकों को सर्वाधिक पसन्द किया गया.

**आयोजन समिति :** अध्यक्ष बनीं पद्मश्री छुटनी महतो, उपाध्यक्ष पद्मश्री डॉ. जानुम सिंह सोय

# अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मनाएगी स्वर्ण जयंती, तैयारी शुरू

संवाददाता।जमशेदपुर



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्था की ओर से देश भर मे स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है. इसके मद्देनजर रविवार को जमशेदपुर के जुगसलाई में संस्था की एक बैठक हुई. इसमें एक आयोजन समिति का गठन किया गया. समिति में जमशेदपुर के अलावा राज्य के विभिन्न जिलों से गणमान्य लोगों को शामिल किया गया है. इससे पूर्व बैठक की विधिवत शुरुआत की गई. बैठक में आमंत्रित अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो, पद्मश्री डॉ. जानुम सिंह सोय, समाजसेवी डॉ. कविता परमार, डॉ. बिनोद एक्का, शिक्षाविद ऐंजिल उपाध्याय उपस्थित थीं.

विषय प्रवेश कराते हुए संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने कहा कि सामाजिक समता के लिए ग्राहकीय जागरूकता एक अनिवार्य विषय है, जिस पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कार्य करती है. वृत्त निवेदन करते हुए प्रांत सचिव डॉ. कल्याणी कबीर ने जून 2022 से अब तक के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया. डॉ. विनोद एक्का ने कहा कि झारखंड आंदोलन की भूमि है, पर दुःखद है कि जनता सदैव शोषण का शिकार रही है. ऐसे परिप्रेक्ष्य में ग्राहक पंचायत जैसी संस्था की अनिवार्यता से इंकार नहीं किया जा सकता है. डॉ. कविता परमार ने कहा कि महिलाओं को आत्मसंयम और परिपक्व सोच रखना होगा, ताकि वह दिखावे की संस्कृति से दूर रहें.

द्वितीय सत्र में प्रांत की उपाध्यक्ष बिमला हेंब्रम ने स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति की घोषणा की. सभी सदस्यों को उत्तरीय भेंट कर सम्मानित किया गया. पद्मश्री छुटनी महतो को स्वर्ण जयंती अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया. प्रांत संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने प्रांत सह सचिव पद के लिए अधिवक्ता अरविंद राणा और प्रांत महिला आयाम प्रमुख रूबी लाल के नाम की घोषणा की. विधि आयाम पर रवि प्रकाश सिंह और महिला आयाम की योजनाओं पर डॉ कल्याणी ने प्रकाश डाला. आगामी योजनाओं की जानकारी आयोजन समिति के सचिव आर अजय कुमार ने दी. उपभोक्ता फोरम पर अधिवक्ता बबलू कुमार ने प्रकाश डाला.

तृतीय सत्र में डॉक्टर रजनी रंजन ने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि पंचमहाभूत महाप्राण को अपने जीवन में अंगीकार करना होगा. ऐंजल उपाध्याय ने कहा कि स्वदेशीकरण को अपनाने की जरूरत है. स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पद्मश्री जानुम सिंह सोय ने शुभकामना देते हुए कहा कि संगठन का यह स्वर्ण जयंती वर्ष सुखद हो. स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति की अध्यक्ष पद्मश्री छुटनी महतो ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए इस संगठन से जुड़ने पर हर्ष व्यक्त किया. साथ ही उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के बीच भी गोष्ठी और विचार-विमर्श करने पर बल दिया. आनंद तुलस्यान ने तीनों सत्र के आरंभ में ग्राहक गीत और स्वर्ण जयंती वर्ष गीत प्रस्तुत किया. डॉली परिहार ने प्रथम सत्र, अधिवक्ता रवि प्रकाश सिंह व डॉ. कल्याणी कबीर ने द्वितीय सत्र और तृतीय सत्र का डॉ अनीता शर्मा ने संचालन किया. धन्यवाद ज्ञापन प्रांत सह सचिव अरविंद राणा ने किया.

### झारखंड प्रांत स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति

- **अध्यक्ष** : पद्मश्री छुटनी महतो जी( सरायकेला)
- **उपाध्यक्ष** : पद्मश्री डॉ जानुम सिंह सोय (घाटशिला), एंजेल उपाध्याय (जमशेदपुर), नंदा सिंह (धनबाद), डॉ विनोद एक्का (धनबाद)
- **सचिव** : आर अजय (रांची)
- **सह सचिव** : डॉ अनीता शर्मा (जमशेदपुर)
- **कार्यालय प्रमुख** : शंभू जायसवाल (जमशेदपुर)
- **सम्मानित सदस्य** : पप्पू सिंह, सरिता सिंह पूर्वी सिंहभूम, रूबी लाल जमशेदपुर, डॉ रजनी रंजन सरायकेला, आईपीएस अरुण उरांव, श्यामसुंदर महतो, सोनू साव रांची, पंचम एक्का गुमला, निरंजन सवासी, श्रीकांत श्रीवास्तव सिमडेगा, गया प्रसाद शाह दुमका, नेहा रानी खत्री चाईबासा, गौतम चौधरी रांची.

# मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति में अभी लगेगा समय: अमर बाउरी

संवाददाता। रांची



झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने रविवार को कहा कि कई आवेदकों की मृत्यु के कारण राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) और सूचना आयुक्तों की नियुक्तियों में देरी हुई है. भाजपा विधायक बाउरी ने कहा कि गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक के बाद भर्ती प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने कहा कि पदों के लिए विज्ञापन जनवरी में निकाले जाएंगे. बाउरी ने महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान के लिए कथित ढुलमुल रवैये अपनाने को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की. उन्होंने दावा किया कि चार साल पहले हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य में 100 से अधिक दंगे हुए. बाउरी ने अपराध में वृद्धि के लिए अवैध बांग्लादेशियों को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार इसे रोकने के लिए गंभीर नहीं है. भाजपा नेता ने कहा कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के कारण नल जल योजना के कार्यान्वयन में देरी हुई. अगले लोकसभा चुनावों के बारे में एक सवाल पर बाउरी ने कहा कि आलाकमान जिसे टिकट देगा, पार्टी कार्यकर्ता उस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे. उन्होंने कहा, पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए आलाकमान के आदेश का पालन करना हमारी जिम्मेदारी है.

# अबुआ आवास योजना में 29 के बाद शुरू होगा सत्यापन

संवाददाता। रांची

राज्य के छूटे हुए बेघरों को अबुआ आवास योजना से घर देने के लिए लाभुकों का सत्यापन ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा तैयार किए गये मोबाइल एप के जरिए किया जाएगा. ग्रामीण विकास विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों के उपविकास आयुक्त को निर्देश दिया है. पंचायत स्तरीय कमेटी इसका सत्यापन करेगी. राज्य में 15 नवंबर से आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यकम में बड़े पैमाने पर लाभुकों से आवेदन लिए जा रहे हैं, जिन्हें अन्य आवास योजना से अब तक आवास नहीं दिया जा सके. ऐसे छूटे हुए लाभुकों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है. अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार प्रथम चरण में 10 हजार लाभुकों को आवास देने की योजना बनायी है, लेकिन सूत्रों के अनुसार आवेदन इससे कहीं अधिक आ गये हैं. ऐसे में अब सरकार ने आवेदन किए गये इन लाभुकों के आवेदन का सत्यापन कार्य प्रारंभ कर रही है. सभी जिलों एवं प्रखंडों को अविलंब पंचायत स्तरीय कमेटी बनाने को कहा है कि ताकि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान लगाये जा रहे शिविर के 29 दिसंबर के समापन के बाद लाभुकों का सत्यापन का कार्य तत्काल शुरू किया जा सके. योग्य लाभुकों को आवास स्वीकृत किया जाएगा.

## रेडक्रॉस सोसाइटी ने बांटे कंबल



**सिमडेगा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी ईकाई, सिमडेगा द्वारा बुजुर्ग माता-पिताओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया. भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सह उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह जोकबाहर बकरी टोली गांव पहुंचकर बुजुर्ग गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया. कंबल का वितरण रेड क्रॉस सोसाइटी एवं समाजसेवी भरत के सौजन्य से किया गया. मौके पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र छोटन उरॉव, समाजसेवी भरत एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव मोहन सिंह, चेयरमैन मोतीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे.

## 'डांस वांस' के 'तरंग' का आयोजन



**रांची।** कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में प्रसिद्ध नृत्य संस्थान 'डांस वांस' के 12वें वार्षिकोत्सव 'तरंग' का रंगारंग आयोजन हुआ. इस अवसर पर संस्थान के बच्चों ने नृत्य, गीत, संगीत और ड्रामा के जरिए कई मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम में समा बांधा. उसके बाद बच्चों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि माधुरी मिश्रा, विशिष्ठ अतिथि लिटिल एंजेल प्ले स्कूल की निर्देशिका स्वेता सिंह, आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी अनुज वर्मा, ऋषिकेश लाल और अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित थे.

# अंजुमन फरोग-ए-उर्दू की परिचर्चा में की गई आंदोलन की घोषणा



संवाददाता। रांची

अंजुमन फरोग-ए-उर्दू के 3 वर्ष पूरा पूरे होने पर रविवार को मेन रोड स्थित अंजुमन मोसाफिरखाने में डीएसपीएमयू के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ उमर अयूब की अध्यक्षता में परिचर्चा हुई. इससे पूर्व अंजुमन फरोग ए उर्दू के तीन वर्षों में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया गया. साथ ही आने वाले नव वर्ष 2024 में उर्दू भाषा की तरक्की, उर्दू शिक्षकों की बहाली, उर्दू अकादमी का गठन, अल्पसंख्यक विद्यालय में उर्दू विषय की शिक्षा, मदरसा परीक्षा आलिम (बीए) एवं फाजिल (एमए) की परीक्षा विश्वविद्यालय से आयोजित कराने आदि विषयों पर आंदोलन की घोषणा की गई है.

**एस अली बने संरक्षक :** परिचर्चा के दौरान राज्य के सभी जिलों में संगठन के विस्तार पर बल दिया गया और प्रमंडल स्तर पर पदधारी नियुक्त किये गये. जिसमें अल्पसंख्यक मामलों के जानकार एस अली को संरक्षक बने. मौके पर उन्होंने कहा कि उर्दू के अधिकार के लिए बड़े पैमाने पर संघर्ष की जरूरत है. संचालन अध्यक्ष मो इकबाल ने किया. मौके पर सचिव डॉ गालिब नश्तर, डॉ तस्लीम आरिफ, प्रो शहनवाज खान, डॉ शगुफ्ता बानो, डॉ अब्दुल बासित, डॉ तनवीर मजहर, सुहैल सईद, दानिश अयाज, सुफिया खातुन, राजदा परवीन,मो इमरान, राशिद जमाल, वसीम अकरम, अब्दुल अहद, राशिद अयाज, मो इमरान, सरफराज आलम, मो मेराजउद्दीन आदि ने अपने विचार रखे.

## बिना किसी कामना के प्रभु के द्वार जाएं: विमलेश जी



**रांची।** जब निष्काम भक्ति बढ़ती है, तब सकाम भक्ति घटती है. आप निष्काम भक्त बनें. बिना किसी कामना के प्रभु के दर पर जायें. परमात्मा सभी की आत्मा की बातें जानते हैं, वे अपने भक्तों को कभी निराश नहीं करते. उक्त बातें आचार्य विमलेश जी ने कही. वे द्वारिकाधीश धाम श्रीराम मंदिर, गाड़ीखाना में आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन संगीतमय प्रवचन से श्रद्धालुओं को कथारस का पान करा रहे थे. उन्होंने अपनी बातों को और भी स्पष्ट करते हुए कहा कि दुःख या जरूरत होने पर हम भगवान से प्रसाद चढ़ाने का वादा कर बहुत कुछ मांगते हैं, पर जब मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं तो प्रभु को भूल जाते हैं.

# आरक्षियों की बहाली का मामला गरमाया

## ओबीसी आरक्षण पर सियासत, रोस्टर घोटाले का भी आरोप

संवाददाता। रांची

राज्य में 8919 आरक्षियों की नियुक्ति होनी है. इससे पहले 20 दिसंबर को जेएसएससी की ओर से 4919 आरक्षी पदों पर बहाली के लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया था. 15 जनवरी से 14 फरवरी तक इसके लिए आवेदन मंगाये गये हैं. इधर, इस पद के लिए जिला वार नियुक्तियों में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किए जाने को लेकर हंगामा शुरू है. राज्य के 24 में से एक दर्जन से अधिक जिलों में ओबीसी के लिए एक भी सीट तय नहीं किए जाने की शिकायतें की जाने लगी हैं. प्रदेश भाजपा सहित स्टूडेंट्स यूनियन, राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा सहित अन्य संगठनों ने इसे लेकर सरकार की नीयत पर सवाल शुरू कर दिया है.

**क्या कह रही है भाजपा :** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के मुताबिक 16 जिलों से ओबीसी वर्ग के कैंडिडेट के हकमारी की खबर है. सरकार ने फिर एक बार युवाओं के साथ धोखा किया है. यह केवल घड़ियाली आंसू बहाने में पारंगत है. उसे वास्तव में किसी वर्ग से प्रेम मोहब्बत नहीं है.

वह केवल खानापूर्ति करना जानती है. हर वेकेंसी में कोई न कोई विसंगति, पेंच फंसा देती है. इसका जोरदार विरोध होगा. प्रदेश प्रवक्ता ने सोशल मीडिया के जरिए सरकार की कथनी, करनी को लेकर सीएम से सवाल किया है. कहा है कि कभी 1932 का खतियान तो कभी ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण के नाम पर बार बार विधेयक लाकर बड़ी बड़ी बातें हो रही हैं. पर वर्तमान में चल रही आरक्षियों की नियुक्ति प्रक्रिया में ओबीसी के लिए सीटों की संख्या शून्य किये जाने की खबर है. आखिर सीएम हेमंत सोरेन की कथनी और करनी में ऐसा अंतर क्यों है.

### रोस्टर घोटाले में शामिल सरकार: ओबीसी मोर्चा

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता के मुताबिक ओबीसी आरक्षण को दरकिनार कर रोस्टर घोटाला किया जा रहा है. मोर्चा ने आरक्षण सुनिश्चित किए जाने को लेकर पूर्व में भी सीएम, मंत्रियों के पास फरियाद रखी थी. अभी पिछले ही दिनों झामुमो प्रमुख और सांसद शिबू सोरेन के नाम भी पत्र झामुमो नेता विनोद पांडेय के पास दिया गया है. इसमें कहा है कि राज्य में एससी, एसटी की आबादी के मुताबिक 10 प्रतिशत एवं 26 फीसदी आरक्षण है. इडब्लूएस का आरक्षण उनकी जनसंख्या से तिगुना 10 प्रतिशत दिया जा रहा है. पर राज्य में 55 फीसदी आबादी वाले ओबीसी मोर्चा का मात्र 14 प्रतिशत ही आरक्षण है. मोर्चा राज्य में गठबंधन के समर्थन में रहा है. ऐसे में ओबीसी को उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए.

**प्रतिभा का सम्मान** राज्य सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने किया था आयोजन

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव का रंगारंग समापन, विजेता पुरस्कृत

संवाददाता। रांची



झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा दो दिवसीय झारखंड राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट व आड्रे हाउस सभागार में हुआ. मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद विभाग के मंत्री हफीजुल हसन शामिल हुए. उत्सव में झारखंड के 24 जिलों से विभिन्न प्रतियोगिताओं और लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी व थीमेटिक (युवा कृति, हेल्थ एंड फिटनेस) से चयनित कुल 720 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. उत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड राज्य के युवा एवं एनएसएस अवार्डी को मंत्री हफीजुल हसन ने स्मृति चिह्न देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीआईजी अनूप बिरथरे, खेल निदेशक सुशांत गौरव ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में उप निदेशक साझा राजकिशोर खाखा, राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, उप निदेशक एनवाईकेएस सर्वेंद्र प्रताप सिंह , अवर सचिव राजेश कुमार तिवारी, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, अभिषेक नंद, एनएसएस के टीम लीडर दिवाकर, पुरुषोत्तम सहित कई स्वयंसेवक शामिल थे.

### सम्मानित प्रतिभाएं

ग्रुप इवेंट्स में प्रथम पुरस्कार 25,000 रु, द्वितीय 15000 रु एवं तृतीय पुरस्कार 10000 रु और एकल इवेंट में प्रथम 10,000 रु, द्वितीय 6000 हजार रु एवं तृतीय 4000 रुपये की नगद राशि दी गयी. पोस्टर मेकिंग : प्रथम–आयुष विश्वकर्मा (धनबाद), द्वितीय–अनुप्रिया कुमारी (दुमका) तृतीय– खुशबू कुमारी (धनबाद) रहे. लोक गीत (समूह ) में प्रथम–गुमला द्वितीय– रांची, तृतीय– पश्चिम सिंहभूम रहा. फोटोग्राफी में प्रथम– रोहित राज (बोकारो),द्वितीय– राहुल कुमार गुप्ता (हजारीबाग), तृतीय कुलप्रीत भामरा (पूर्वी सिंहभूम) रहे.

**कहानी लेखन :** प्रथम– सुजीता मुंडू (रांची), द्वितीय– सुरभि कुमारी (धनबाद), तृतीय– नव कुमार दत्त (धनबाद). लोक नृत्य (समूह) में प्रथम रांची जिला, द्वितीय– पश्चिम सिंहभूम, तृतीय– खूंटी जिला रहा. लोक गीत (सोलो) : प्रथम – ओलिविया विश्वास (पश्चिम सिंहभूम) द्वितीय– सिमरन साहा (चतरा), तृतीय– रिया साहा (देवघर).थीमेटिक में प्रथम– रांची जिला, द्वितीय– पलामू जिला, तृतीय– गोड्डा जिला रहा. भाषण प्रतियोगिता में प्रथम–आकाश कुमार ,द्वितीय– सान्या कपूर (दोनो रांची), तृतीय– शुभम कुमार सिंह (पूर्वी सिंहभूम) रहे. **युवा कृति** :रानी कुमारी व कुमारी पलक वर्मा रहीं

# ललित बने मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष

संवाददाता। रांची



मारवाड़ी भवन के प्रांगण में रविवार को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आमसभा जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें ललित कुमार पोद्दार सम्मेलन के सत्र 2024-26 के लिए अध्यक्ष घोषित किये गये. इस आशय की घोषणा आमसभा में चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने की. उन्होंने बताया कि सम्मेलन के द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए सिर्फ ललित कुमार पोद्दार ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया था और उनका नामांकन पत्र वैध पाया गया.

रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश कुमार अग्रवाल, झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा, उपाध्यक्ष मनोज बजाज, कमल कुमार केडिया, प्रमोद सारस्वत सहित रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार को पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया. नवनिर्वाचित अध्यक्ष का शपथ-ग्रहण समारोह का आयोजन जनवरी माह होगा. इससे पूर्व महामंत्री के रूप में ललित कुमार पोद्दार ने दो वर्षों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. कोषाध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया. संचालन सुरेश कुमार अग्रवाल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कौशल कुमार राजगढ़िया ने किया. इस अवसर पर सम्मेलन के कार्यों में निरंतर सहयोग देने के लिए 10 सदस्यों को पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. आमसभा में पवन शर्मा, प्रमोद कुमार अग्रवाल, पवन कुमार पोद्दार, नंदकिशोर पाटोदिया, मनोज चौधरी, ओम प्रकाश प्रणव, सुरेश कुमार जैन, कमल केडिया, विनोद कुमार जैन, आनंद जालान, संजय सर्राफ, सज्जन पाड़िया, विजय कुमार खोवाल, प्रमोद सारस्वत, रमाशंकर बगड़िया, संजय पोद्दार, प्रवीण व्यास, नरेश बंका, कमल खेतावत, किशन अग्रवाल आदि बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया.

- घरों की शोभा बढ़ा रहे हैं क्रिसमस ट्री, कट रहे हैं केक, बांटी जा रहीं खुशियां
- सांता के गिफ्ट से बच्चों के चेहरों पर रौनक, बधाइयों का सिलसिला जारी

# हैप्पी क्रिसमस मेरी क्रिसमस की गूंज



चारों ओर क्रिसमस की धूम मची है. लोग इसके उल्लास में झूम रहे हैं, गा रहे हैं और एक दूसरे के साथ मिलकर मस्ती कर रहे हैं. सच कहे के यह खुशी बांटने और खुशी को मिलकर सेलिब्रेट करने का त्योहार है. वैसे तो क्रिसमस ईसाई समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार है, लेकिन अब अन्य धर्मों, समुदायों के लोग भी इसमें शामिल होकर खुशी के रंग में रंग जाते हैं. राजधानी रांची सहित राज्य के अन्य हिस्सों में इस समय लोग क्रिसमस को सेलिब्रेट कर रहे हैं. चर्चों में गहमागहमी है, बाजार क्रिसमस के रंग में रंगे हैं और घरों में उल्लास, उत्साह का वातावरण है. लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे हैं, हैप्पी क्रिसमस की गूंज जैसे हर ओर फैल गई है. बच्चे बेहद खुश हैं. उन्हें क्रिसमस के गिफ्ट मिले हैं. दरअसल सैंटा क्लॉज क्रिसमस के दिन बच्चों के लिए कई सारे गिफ्ट लेकर आते है. सैंटा क्लॉज को एक देवदूत की तरह माना जाता है. यह भी कहा जाता है कि वह बच्चों के लिए चॉकलेट, गिफ्ट जैसी चीजें स्वर्ग से लेकर आते हैं और वापस वहीं चले जाते हैं. रांची, जमशेदपुर, धनाबाद, हजारीबाग सहित अन्य हिस्सों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. कोरोना की वजह से बीते दो साल क्रिसमस थोड़ी फीकी रही थी. पर इस बार क्रिसमस की खुशी परवान चढ़ रही है. क्रिसमस केक काटे जा रहे हैं. तो कहीं क्रिसमस गैदरिंग में लोग हिस्सा ले रहे हैं. कैरोल के धुन ने अलग ही समां बाध रखा है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के अलग-अलग जिलों में क्रिसमस पर आयोजित कार्यक्रमों को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट.

# झारखंड में क्रिसमस का उत्साह चरम पर, चर्चों में गहमागहमी है, बाजार क्रिसमस के रंग में रंगे

लातेहार

## आकर्षक चरनी सजाई गई है

शहर के पहाड़पूरी में संयुक्त चर्च समिति के द्वारा क्रिसमस की विशेष तैयारी की गयी है. यहां विशाल पंडाल बनाया गया है एवं आकर्षक चरनी सजायी गयी है. संयुक्त चर्च समिति के अध्यक्ष अनूप चंद खाखा ने बताया कि 24 दिसंबर की मध्य रात्रि यहां प्रभू यीशु का जन्मोत्सव मनाया गया. इसकी पूरी तैयारियां पहले ही कर ली गयी थी. आयोजन की तैयारियों में संयुक्त समिति के विभिन्न सदस्य लगे थे. मिशनहाता स्थित मनोनाइट चर्च में भी क्रिसमस को लेकर विशेष तैयारियां की गयी है. यहां भी चर्च की आकर्षक सजावट की गयी है.महुआडांड़ के विभिन्न चर्चों में भी क्रिसमस को लेकर विशेष सजावट की गई है. प्रखंड के विभिन्न चर्चों में विशेष पूजा अर्चना की गई. 24 दिसंबर की रात्रि से ही क्रिसमस का उत्सव प्रारंभ हो गया था. क्रिसमस को ले कर शहर के विभिन्न चौक चौराहों में क्रिसमस ट्री एवं अन्य सामग्रियों की खरीददारी करते लोगों को देखा गया. शहर के बाजार स्कूल के पास एंव पुराना बस स्टैंड में क्रिसमस ट्री खरीदते लोगों को देखा गया.




चांडिल

## बेडादा स्थित यीशु मार्शल चर्च में व्यापक तैयारी

### चर्च के अंदर और बाहर बनायी गयी है चरनी

क्रिसमस पर्व को लेकर चौका के पास बेडादा स्थित यीशु मार्शल चर्च में व्यापक तैयारियां की गई हैं. चर्च को अंदर और बाहर आकर्षक रूप से सजाया गया है. चर्च के अंदर और बाहर चरनी बनाए गए हैं. चरनी को प्राकृतिक व वास्तविक रूप देने के लिए उसे आकर्षक रूप से साजाया गया है. चर्च परिसर में क्रिसमस ट्री बनाने के साथ पूरे परिसर में सितारे लगाए गए हैं. चर्च समेत पूरे परिसर में रंग-बिरंगी लाइट्स और झालरें लगाए गए हैं. चर्च के अंदर रंग-बिरंगे बैलूनों से सजावट की गई है. चर्च से जुड़े लोग रविवार की शाम तक तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जुटे हुए थे.




### 11 साल पुराना है चर्च

बेड़ादा स्थित यीशु मार्शल चर्च 11 साल पुराना है. चर्च का उदघाटन 16 दिसंबर 2012 को हुआ था. मसीही समाज के लोग अधिक नहीं रहने के कारण चर्च में कोई विशेष कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा. रात में मिस्सा पूजा के बाद बलिदान होगा और लोग खुशियां मनांएगे. क्रिसमस पर रात्रि प्रार्थना की अगुवाई इस वर्ष जमशेदपुर धर्मप्रांत के बिशप के सचिव फादर सुशील डुंगडुंग करेंगे. इसके लिए रविवार की शाम तक फादर सुशील डुंगडुंग बेड़ादा पहुंचेंगे. वे लोगों को क्रिसमस का संदेश भी देंगे.

### प्रभु ने स्वयं को उपहार में दिया : फादर



यीशु मार्शल चर्च के फादर जोंड़को कांडेयांग ने अपने संदेश में कहा कि क्रिसमस का त्योहार लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है. प्रभु यीशु लोगों के करीब रहने और पापों से बचाने के लिए आए थे. जीशु ने स्वयं को हमें उपहार के रूप में दिया. जीशु हमारे करीब है और हमारे दिलों में रहते हैं. यीशु सभी के लिए उपहार हैं. हम सभी यीशु के बताए मार्ग पर चलकर और अपसी भाईचारे और प्रेम के साथ रहते हुए उनका अनुशरण कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि रविवार को मध्यरात्रि 12 बजे जैसे ही प्रभु का जन्म होगा, सभी खुशी से झूम उठेंगे ओर एक-दूसरे को बधाई देंगे. सभी ईश्वर के आशीर्वाद के लिए एक साथ प्रार्थना करेंगे.

धनबाद

## संत मेरी चर्च सजधज कर तैयार, दर्शनार्थियों के लिए रहेगी समय की पाबंदी



धनबाद हिल कॉलोनी स्थित संत मेरी चर्च (चर्च ऑफ नार्थ इंडिया) की स्थापना 1907 में फादर बी हैरिस के द्वारा की गई थी. धनबाद स्टेशन से सटे होने के कारण 25 दिसंबर को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग यहां आते हैं .इस वर्ष भी प्रभु यीशु के आगमन को लेकर संत मेरी चर्च पूरी तरह सज कर तैयार किया गया है .इस वर्ष दर्शनार्थियों के लिए वक्त की पावंदी भी तय की गई है, जिसका समय दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक का है. ताकि मसीह विश्वासी को सुबह के वक्त प्रार्थना और प्रभोज अनुष्ठान करने में दिक्कत न हो.



### प्रभु यीशु परमेश्वर का प्यार लेकर ही दुनिया में आए थे : फादर रेवरन अजित होरो



फादर रेवरन अजित होरो ने अपने क्रिसमस संदेश में कहा कि प्रभु यीशु मसीह दुनिया के ऐसे पहले और आखिरी व्यक्ति रहे हैं जिन्होंने कभी किसी स्कूल में नहीं पढाय़ा. लेकिन फिर भी पूरी दुनिया ने उन्हें अपना गुरु माना .उनका कोई दास नहीं था फिर भी लोगों ने उन्हें राजा कहा. उन्होंने कभी किसी प्रदेश को युद्ध में नहीं जीता फिर भी उन्होंने पूरी दुनिया में राज किया. उन्हें क्रूस की मृत्यु दी गई और दफना दिया गया फिर भी वे आज हमारे जीवित प्रभु यीशु मसीह हैं. इस प्रकार हम एक जीवित मसीह की आराधना करते हैं . प्रभु यीशु परमेश्वर का प्यार लेकर ही दुनिया में आए थे .हमे भी एक दूसरे से भाईचारा और प्रेम बनाये रखना चाहिए.

बोकारो

## सज धजकर तैयार हैं शहर के चर्च क्रिसमस को लेकर गहमागहमी बढ़ी

बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर चार स्थित सिटी चर्च बोकारो में लंबे समय से क्रिश्चियन मतावलंवियों की आराधना का केंद्र है. वैसे तो यहां क्रिश्चियन समुदाय से जुड़े लोगों की छोटी-मोटी गतिविधियां सालों भर किसी न किसी रूप में चलती रहती है, पर क्रिसमस त्यौहार के अवसर पर यहां हर वर्ष विशेष चहल-पहल देखी जा सकती है. क्रिसमस के दौरान पूरे चर्च को आर्कषक तरीके से सजाया-संवारा गया है. यूं कहें, क्रिसमस के कई दिनों पहले से चहल-पहल शुरू हो गयी है. मालूम हो कि बीएसएल प्रबंधन से प्राप्त भूखंड पर इस चर्च का निर्माण सामूहिक सहयोग से वर्ष 1972 के आसपास हुआ है. यह चर्च सभी रोमन, कैथोलिक, प्रोटेस्टेंट शाखा के अनुयायियों का सामूहिक वंदना स्थल है. प्रार्थना भवन के अलावा चर्च के अंदर कई प्रभाग हैं. परिसर से सटे चर्च के पादरियों का आवास बना हुआ है.




### 14 चर्चों के लोग अलग-अलग पारी में प्रार्थना करते हैं

यहां कुल 14 चर्चों के लोग मिलकर अलग-अलग पारी में प्रार्थना करते हैं. प्रत्येक रविवार को भी ईसाई श्रद्धालुओं की भीड़ देखते बनती है. दूर-दूर से श्रद्धालु आकर यहां अपने इष्ट क्राईस्ट की आराधना और पवित्र ग्रंथ बाईबिल का वाचन करते हैं. सिटी चर्च सेक्टर 4 के पास्टर ने बताया कि चर्च में हर साल 17 दिसंबर से लेकर 25 दिसंबर तक अलग-अलग चर्च के लोग कार्यक्रम का दौर चलता है. 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन प्रार्थना सभा आयोजित होगी. उसमें अलग-अलग चर्च के लोग अलग-अलग समय पर आकर प्रार्थना सभा में सम्मिलित होंगे..बताया कि सुबह 6 बजे से प्रार्थना सभा शुरू हो जाएगी और प्रत्येक चर्च को एक-एक घंटा का समय प्रार्थना के लिए दिया जाएगा. इसके अलावा बालीडीह के जीइएल चर्च में भी क्रिसमस के अवसर पर चर्च को आकर्षक रंग रोगन व बिजली की रंगीन लाइटों से सजाया गया है.

किरीबुरु

## प्रभु यीशु का बलिदान हमें परमेश्वर के पास वापस लाने का एकमात्र मार्ग : नरेश लुगुन




किरीबुरु स्थित जीईएल, सीएनआई और संत जोसेफ (रोमन) चर्च क्रिसमस पर्व के लिये पूरी तरह से सज-धज कर तैयार हो गया है. तीनों चर्च में अलग-अलग प्रभु यीशु की चरनी बनाई गई है. सभी को रंग-बिरंगी लाइटों, फूल-पत्तियों से सजाया गया है. चर्च परिसर में रात से ही गहमागहमी है. क्रिसमस से पूर्व सीएनआई चर्च, किरीबुरु के प्रचारक नरेश लुगुन ने प्रभु यीशु का संदेश जनता को देते हुये कहा कि यीशु का बलिदान हमें परमेश्वर के पास वापस लाने का एकमात्र मार्ग है, क्योंकि पाप हमें उनसे अलग करता है. लेकिन यीशु हमारे पापों को अपने ऊपर लेने के लिए तैयार थे. उन्होंने हमारे दंड को अपने ऊपर लिया और वह क्रूस पर उसके लिए चढ़ गए. प्रभु यीशु ने अपने जीवन में लोगों को सत्य, एक-दूसरे से प्रेम व मदद करने, दुश्मनों को क्षमा करने की शिक्षा दी. वह सिर्फ एक जाती या धर्म के लिये नहीं बल्कि सभी का उद्धार करने के लिए धरती पर आयें. प्रभु यीशु को जिसने ग्रहण किया वह अनंत जीवन पाया. उनकी प्रेम, करुणा, और कमजोरों की मदद करने की शिक्षाएं, आसपास के लोगो से बेहतर संबध बनाकर सहयोग करने आदि मानवजाति के लिये अहम संदेश दिये

## जिस तरह से मेरे पिता ने मुझसे प्रेम किया है, उसी तरह मैं भी तुमसे प्रेम करता हूं: फादर संतोष डिसूजा




संत जोसेफ, रोमन, किरीबुरु चर्च के फादर संतोष डिसूजा ने कहा कि यीशु ने कहा जिस तरह से मेरे पिता ने मुझसे प्रेम किया है उसी तरह मैंने भी तुमसे प्रेम किया है. प्रभु यीशु मसीह का जन्म न सिर्फ ईसाई जाति के लोगों के लिये हुआ है, बल्कि सभी मानव जाति व समुदाय के लिये है. वे इस धरती पर आये और यह संदेश दिया कि जो जहां पर रहता है, वह आसपास में रहने वाले सभी समुदायों के साथ प्रेम व भाईचारा के साथ रहे. एक-दूसरे को सहयोग व मदद करते हुए प्रेम व खुशियां बांटे. लोगों से नफरत नहीं करें, दुश्मनों को भी माफी दें. उन्होंने शांति का संदेश भी दिया. यीशु मसीह सभी लोगों के लिये शांति का दूत व दाता है. वह दुनिया में आपसी प्रेम व भाईचारा, लोगों के बीच शांति, समृद्धि का संदेश लेकर आया. सभी लोगों को शांति व समृद्धि मिले. जबकि दुनिया में कहीं भी शांति व समृद्धि नहीं है, मगर हम यीशु के माध्यम से शांति व समृद्धि पायेंगे. उन्होंने कहा कि हम सभी धर्म व समुदाय, गरीब से लेकर अमीर, समाज, बिरादरी से आपसी प्रेम व भाईचारा के साथ-साथ सुख, शांति व समृद्धि की कामना की अपील करते हैं. यहीं क्रिसमस पर यीशु मसीह का संदेश है.




बेरमो

## न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल फुसरो में शिक्षकों ने बच्चों संग मनाया क्रिसमस,नृत्य ने सबका मन मोहा



फुसरो के शास्त्रीनगर स्थित न्यू दिल्ली पब्लिक स्कूल में रविवार को शिक्षिकाओं ने छोटे छोटे बच्चो संग क्रिसमस हर्षोल्लास से मनाया. स्कूल की निदेशिका सुषमा सिंह के प्रोत्साहन परामर्श और शैक्षणिक शिक्षिका उन्नति महारुद्रा, अनिता झा, पूजा सिंह, नेहा मल्होत्रा,अलका देवी, बिन्दू गुलाटी, बबीता कुमारी और संगीता सिंह के निर्देशन में बच्चों ने अदभुत कार्यक्रम प्रस्तुत किए. छोटे छोटे बच्चों ने संता क्लॉज बनकर रंगारंग एवं मनमोहक डांस प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया. स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों को भी सांता की टोपी व ड्रेस पहनाकर जब एक साथ मंच पर लाया गया तो यह नजारा मनोहारी हो गया. एक साथ मंच पर नन्हे मुन्ने सेंटा क्लाज का शोरगुल वातावरण को हैप्पी क्रिसमस का संदेश दिया. इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने सांता की टोपी, क्रिसमस कार्ड व क्रिसमस ट्री बनवाने जैसी प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया. साथ ही जिंगल बेल, मैरी क्रिसमस के गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत कर समां बांध दिया.

### क्रिसमस पर संदेश

स्कूल के सचिव महारुद्र नारायण सिंह ने बच्चों को क्रिसमस के मौके पर संदेश दिया कि कैसे जीसस क्राइस्ट ने समाज के सभी वर्गो के में शांति का संदेश दिया. मौके पर गोपी डे, अंगद सिंह ,काजल देवी, नेहा कुमारी, गीतांजली कुमारी,इंदु कुमारी, सुमन देवी, सौरभ कुमार, दुर्गा देवी, गीतांजलि, ज्योति राठी, पीहू राज, आरती खत्री, यमुना, विधिका सिंहा, अंजलि सिंह, शोभा, हिना, नेहा ,रूपेश, सुमन, इंदु, सोनम प्रसाद ,ज्योति देवी, अशोक विहार, प्रियंका, रानी देवी, शालू कुमारी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित हुए.

रांची



## क्रिसमस के रंग में रंगी राजधानी, उत्साह का माहौल

राजधानी रांची में क्रिसमस की खुशी पसरी हुई है. चर्चा , बाजार , घर आंगन क्रिसमस के रंग में रंगे हुए हैं. सुबह से ही चर्चो में गहमा गहमी देखी गई. रांची में संत मरियम माह गिरजाघर, सीएनआई चर्च, जीईएल चर्च , होली ट्रिनिटी चर्च, समालौंग गिरजा, कडरु गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. जहां बड़ी संख्या में लोग जुटे.

### यीशु मसीह का जन्म ही आनंद का सुसमाचार है : बिशप

इस अवसर पर जीईएल चर्च के बिशप जोहान डांग ने अपने संदेश में कहा कि हम सब परमेश्वर की सुंदर सृष्टि हैं .परमेशवर सभी लोगों से प्यार करते हैं. लोगों को पाप और मृत्यु से बचाने के लिए परमेश्वर ने पुत्र यीशु मसीह को बालक के रुप में धरती में भेजा है .यही हमारे लिए खुशी की बात है .इस खुशी के संदेश को स्वर्गदूत ने चरवाहों को सुनाया .उस वक्त ये चरवाहे भेड़ों की रखवाली कर रहे थे .ये गरीब लोग थे, जो खुले असमान के नीचे अपनी भेड़ों के साथ बिताते थे. चरवाहों ने जब यीशु के जन्म के संदेश को सुना तो वे रुके नहीं .वे नये जन्मे बालक को देखने के लिए चल पड़े .वे बेतलहम में जाकर यीशु का दर्शन किया और आनंद और खुशी के साथ चले गये. यीशु मसीह का जन्म संदेश सब लोगों के लिए है .शायद यही कारण है कि क्रिसमस के आने पर सब लोग खुश होते हैं .पूरे दिसम्बर महीने में क्रिसमस के लिए हर प्रकार की तैयारी की जाती है .यह तैयारी हर स्तर और क्षेत्रों में होती है. अपने घरों और गिरजा घरों की साफ सफाई और रंगाई- पुताई की जाती है.

जमशेदपुर

## क्रिसमस को लेकर दिखा विशेष उत्साह




शांति के राजकुमार प्रभु यीशु के स्वागत के लिए जमशेदपुर व आसपास के सभी गिरजाघर सज-धज कर तैयार हैं. रविवार की मध्य रात्रि प्रभु का आगमन धरती पर होगा. प्रभु यीशु के स्वागत को लेकर ख्रीस्त विश्वासियों में काफी उत्साह है. इस दौरान विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन गोलमुरी संत जोसेफ चर्च, टेल्को लुपिटा चर्च, बिरसानगर ज्ञान दीप चर्च, बारीडीह मर्सी चैपल, मानगो संत एंथोनी चर्च, परसुडीह संत रॉबर्ट चर्च, बिष्टुपुर में संत मेरी चर्च, लोयला परिसर में इंस्टेंट जीजस चर्च व भिलाई पहाड़ी अस्पताल चर्च में होगा. इसके अलावा सोमवार को सभी गिरजाघरों में सुबह के वक्त विशेष प्रार्थना होगी. प्रभु के आगमन की व्यापक तैयारियां मसीही परिवारों द्वारा की गई है. कई जगह चरनी व पालना बनाये गये हैं, जहां लोग बालक रूपी प्रभु यीशु का दर्शन करेंगे. बता दें कि रविवार की रात शहर के विभिन्न चर्चों में मिस्सा पूजा के साथ चरनी में भगवान यीशु का जन्म होगा. इसकी तैयारी समुदाय के लोगों द्वारा जोर शोर से की गई है. चरनी यानी गोशाला, बताया जाता है कि यीशु मसीह का जन्म यहीं पर हुआ था. चरनी को जीवंत बनाने के लिए माह भर पहले से ही समुदाय के लोगों द्वारा तैयारी की गई है. यीशु के जन्म के बाद केक काट कर उनका जन्म दिन मनाया जाएगा. परसुडीह के फादर प्रिंस ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करके क्रिसमस धूमधाम से मनाते हैं. ऐसा इसलिए, क्योंकि क्रिसमस का संबंध सेवा से है. ऐसे में जितना संभव होता है, जरूरतमंदों की मदद करते हैं और प्रभु से अपनी और परिवार से हुई गलतियों की माफी मांगते हैं. क्रिसमस का साल भर इंतजार रहता है.

### काफी दिनों से तैयारी में जुटे थे मसीही

क्रिसमस को लेकर लोगों में काफी उत्साह है. मसीही परिवारों ने घरों व गिरजाघरों की रंगाई-पुताई पूर्व में ही कर ली है. साथ ही चर्चों में फूलों के पौधे रोपे गए हैं. प्रभु आगमन को लेकर मसीही समुदाय के लोग बाहरी व आंतरिक तैयारियों में काफी दिनों से जुटे हुए थे. बाहरी तैयारियों में चर्च, घर व अन्य संस्थानों की साफ-सफाई, पुष्प लगाना, कैंडल जलाना, क्रिसमस ट्री सजाना व तारा लगाने और आंतरिक तैयारियों में पश्चाताप करना, क्षमा करना, मेल-मिलाप करना, कैरोल गान व बाइबिल पाठ के जरिए स्वयं को प्रभु के राज्य के योग्य बनाने की तैयारियां की गई हैं.

गोड्डा



## क्रिसमस पर शहर में गहमागहमी, चर्च में जुटे लोग

जीसस क्राइस्ट के जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न चर्चों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इसके लिए सभी चर्च को बिजली की लड़ी और रन बिरंगी झालरों से सजाया गया है. शहर के पुराने स्कूल संत थॉमस विद्यालय स्थित चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया है. ऐसे तो चर्च में सालों भर कुछ न कुछ धार्मिक गतिविधि होती रहती है. मगर क्रिसमस डे के अवसर पर विशेष गतिविधि देखी जा रही है. चर्च मे ईसाई समुदाय के लोग काफी संख्या में जुटे. चर्च के सामने ही घास और पुआल से एक विशेष झोपड़ी चरनी का निर्माण कर उसे सजाया गया है. मान्यता है कि यीशु मसीह का जन्म गौशाला में ही हुआ था. इसलिए सांकेतिक रूप से गौशाला बनाकर उसे चरनी का रूप दिया गया है.

कोडरमा



## प्रार्थना सभा में जुटे लोग, जन्मोत्सव मनाया

कोडरमा में क्रिसमस को लेकर काफी गहमा गहमी है. जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में धूम मची हुई है. गिरजा घरों को आकर्षक रूप से सजाया संवारा गया है. स्थानीय जीवन ज्योति आश्रम स्थित गिरजा घर में आज का नजारा अन्य दिनों से अलग था. प्रार्थना सभा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए. जिला आदिवासी संघ के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार देर रात को प्रभु यीशु का जन्मोत्सव मनाया गया. इसके पूर्व फादर पात्रिक मिंज और फादर पौलुस के नेतृत्व में मीसा पूजा किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में रजत लकड़ा, कमल हेम्ब्रम ,अल्मा लकड़ा अरुण जोसेफ ने विशेष भूमिका अदा की.

## विपक्ष रहित बहस के बीच बदलाव

मुद्दा यह है कि दूरगामी महत्त्व के बेहद महत्त्वपूर्ण विधेयकों को बिना पूरी संसदीय निगरानी एवं पड़ताल के पास कर दिया गया और उसी समय देश को मिमिक्री के बहस में उलझाए रखा गया. निस्संदेह, ब्रिटिशकालीन आपराधिक कानूनों को समय की जरूरत के हिसाब से बदलना देश की आवश्यकता रही है. जिसके बाबत देश के आपराधिक कानून को बदलने वाले तीन महत्वपूर्ण विधेयक लोकसभा में पारित कर दिये गए. इनमें भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयक शामिल थे. हालांकि, विपक्षी नेता बड़ी संख्या में विपक्षी सांसदों के निलंबन के बीच इन महत्वपूर्ण विधेयकों को गंभीर चर्चा के बिना पारित करने को लेकर सवाल उठा रहे हैं. साथ ही विपक्षी नेता इन विधेयकों के कुछ प्रावधानों को अदालत में चुनौती देने की भी बात कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि ये बिल भारतीय दंड संहिता-1860, दंड प्रक्रिया संहिता-1898 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 की जगह लेंगे. सरकार का तर्क है कि ये विधेयक औपनिवेशिक काल के कानूनों का स्थान लेंगे और इन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से न्याय संगत बनाने की कोशिश की गई है. यह भी कि इनका मकसद दंड की जगह न्याय देने की कोशिश है. दरअसल, आजादी के बाद अपराध का पूरा तंत्र बदल चुका है. वहीं नई तकनीक से न्याय को अधिक विश्वसनीय बनाने का प्रयास भी किया जा रहा है. नये विधेयक में मॉब लिंचिंग को घृणित अपराध मानते हुए इसके लिये फांसी का प्रावधान किया गया है. साथ ही नाबालिग से बलात्कार के दोषी के लिये भी फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है. एक ओर ब्रिटिश शासन के दौरान से चले आ रहे राजद्रोह कानून को खत्म किया गया है, लेकिन देश के खिलाफ काम करने वाले को देशद्रोह कानून के तहत दंडित किया जाएगा. गैंगरेप के मामले में बीस साल की सजा या आजीवन कारावास की सजा होगी. यौन हिंसा के मामले में बयान महिला न्यायिक मजिस्ट्रेट ही दर्ज करेगी. सरकार का दावा है कि प्रस्तावित कानून व्यक्ति की स्वतंत्रता, मानवाधिकार और सबके साथ समान व्यवहार के आधार पर लाए गये हैं. वहीं दूसरी ओर विपक्षी इंडिया गठबंधन की बैठक में इस मामले में विमर्श किया गया. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का आरोप था कि इन विधेयकों को बिना चर्चा के पास करवाने के लिए ही विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है. थिंक टैंक इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन (आईएफएफ) ने कहा है कि नए कानूनों से कोई सुधार होना तो दूर, उनसे सरकार का नियंत्रण और सख्त होगा. आईएफएफ ने दूरसंचार विधेयक के बारे में कहा है कि इसके जरिए नई पैकेजिंग में औपनिवेशिक अतीत को प्रस्तुत किया गया है. इस बिल में निगरानी और इंटरनेट को सस्पेंड करने जैसे सरकार के सारे अधिकार बरकरार रखे गए हैं. ऐसे महत्वपूर्ण विधेयकों पर विपक्ष को बहस से वंचित कर आखिर क्या संदेश देने का प्रयास किया गया है.

> सरकार का तर्क है कि ये विधेयक औपनिवेशिक काल के कानूनों का स्थान लेंगे और इन्हें वक्त की जरूरत के हिसाब से न्याय संगत बनाने की कोशिश की गई है. यह भी कि इनका मकसद दंड की जगह न्याय देने की कोशिश है.

### सुभाषित

**आचाराल्लभते ह्यायुः आचारादीप्सिताः प्रजाः।**
**आचाराद्धनमक्षय्यम् आचारो हन्त्यलक्षणम्।।**

धर्माचरण से दीर्घायु प्राप्त होती है. आचार से उत्तम सन्तान की प्राप्ति संभव है. आचार से अक्षय धन प्राप्त होता है. धर्माचरण बुरे अधर्मयुक्त लक्षणों का नाश कर देता है. इसलिए अपने आचरण को सुदृढ़ रखना चाहिए और धर्माचरण में लीन हो चाहिए.

# 2024 में किसका भला करेंगे राम

**अयोध्या में राम मंदिर बन कर तैयार है. नये साल के जनवरी माह में मंदिर में रामजी की प्राण प्रतिष्ठा भी हो जाएगी. लोकसभा चुनाव से ऐन पहले राम मंदिर के होनेवाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाजपा के साथ-साथ विरोधी दल भी शामिल होना चाहते हैं. सबको लग रहा है कि राम जी चुनाव में वोटों का गणित सुधार सकते हैं. देखना यह है कि 2024 के चुनाव में अब राम जी किस पर मेहरबान होते हैं.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

अयोध्या में राम मंदिर का आंदोलन सदियों पुराना रहा है. राजनीति में इसकी एंट्री के बाद से हमेशा राम मंदिर पर बयानबाजी होती रही. 1990 में लालकृष्ण आडवाणी ने राम रथयात्रा से लेकर मंदिर निर्माण तक के सफर में चुनाव समेत कई मौके ऐसे आए, जब खुद को धर्मनिरपेक्ष बताने वाले राजनीतिक दलों ने खुल कर राम मंदिर को विवादों में घसीटा. अब राम मंदिर बन कर तैयार है तो इसके चुनावी लाभ-हानि तलाशे जा रहे हैं. राम मंदिर आंदोलन का विरोध करने वाले दल भी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होना चाहते हैं. विपक्षी गठबंधन इंडिया की बैठक में लालू यादव ने चिंता जताई कि भाजपा को इसका लाभ 2024 के लोकसभा चुनाव में मिल सकता है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के चार साल बाद अयोध्या में राम मंदिर बन कर तैयार हुआ है. 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी. धार्मिक अनुष्ठान और समारोह के लिए न्योते बांटे जा रहे हैं. निमंत्रण को लेकर भी विवाद हुआ. कांग्रेस समेत गैर भाजपा दलों ने आरोप लगाया कि सरकार राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भाजपा का कार्यक्रम बनाना चाहती है, इसलिए विपक्ष के नेताओं को निमंत्रण नहीं दिया जा रहा है. हल्ला-गुल्ला शुरू होते ही कांग्रेस के नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह और अधीर रंजन चौधरी को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने न्योता भेज दिया. ट्रस्ट की ओर से नृपेंद्र मिश्र खुद आमंत्रण पत्र लेकर कांग्रेस नेताओं के पास पहुंच गए. इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है. विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य नेताओं को निमंत्रण दिया जाएगा या नहीं, अभी इस पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से औपचारिक जानकारी नहीं दी है. हालांकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव न्योता मिलने पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की इच्छा जता चुके हैं. यानी अब यह राम मंदिर का लोकार्पण राष्ट्रीय कार्यक्रम बन चुका है.

राम मंदिर को लेकर राजनीति 1989 से शुरू हुई, जब भाजपा ने राम रथयात्रा निकाली. देश की राजनीति सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष के गुटों में बंट गई. साल 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद यूपी समेत सभी राज्यों और केंद्र की राजनीति में गठबंधन राम मंदिर के समर्थन और विरोध से तय होने लगे. इसके आधार पर ही सरकारें बनती रहीं. राम मंदिर में आंदोलन में बच्चा-बच्चा राम का नारा लगाने वाले युवा अगले 30 साल में बुजुर्ग होने के कगार पर पहुंचे, तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया. कोर्ट में सुनवाई के दौरान राम को काल्पनिक भी बताया गया. 9 साल की सुनवाई के बाद नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या में विवादित भूमि पर मंदिर ऐतिहासिक फ़ैसला सुनाया. 5 अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए राम मंदिर की नींव रखी. अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ ही राजनीतिक विवाद भी सुगबुगाता रहा. शिलान्यास में पीएम मोदी की मौजूदगी पर सवाल उठाए गए. तब पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की चर्चा भी खूब हुई, जो पंडित नेहरू की सलाह की अनदेखी कर गुजरात में सोमनाथ मंदिर के समारोह में शामिल हुए थे.

शिलान्यास के थोड़े दिन बाद 2021 में चंदे का विवाद शुरू हुआ. कांग्रेस, आप और सपा समेत कई दलों ने आरोप लगाया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट चंदे से मिलने वाली समर्पण निधि में हेर-फेर कर रहा है. अयोध्या में जमीन खरीद पर बवाल भी हुआ. प्रियंका गांधी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सपा नेता पवन पांडेय और आप के सांसद संजय सिंह ने इस मुद्दे पर कई प्रेस कॉन्फ्रेंस भी किए. इन नेताओं ने राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट पर भूमि खरीदने में घोटाले का आरोप भी लगाया. इस विवाद में चंपत राय और अयोध्या के भाजपा के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय का नाम भी खूब उछला. कांग्रेस नेता कांतिलाल भूरिया ने तो भाजपा नेताओं पर चंदे के पैसे से दारू पीने का आपत्तिजनक बयान भी दिया. तीर्थ क्षेत्र की ओर से कहा कि वह पाई-पाई का हिसाब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को देते हैं. इसके अलावा मस्जिद बद्र और अंगद टीले की जमीन को लेकर काफी विवाद हुआ. रामपथ के चौड़ीकरण को लेकर भी विरोध के स्वर सुने गए. इन तमाम आरोपों और विवाद के बीच अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण तय समय में पूरा हो गया. राम मंदिर बनाने में 2000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का प्रस्ताव है. मार्च 2023 तक राम मंदिर निर्माण के लिए 900 करोड़ रुपये खर्च हो चुके थे. तब अनुमान लगाया गया था कि जनवरी 2024 तक करीब 600 करोड़ और खर्च होंगे.

इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में लालू यादव ने राम मंदिर को लेकर चिंता जताई थी कि इसका चुनावी फायदा 2024 में भाजपा को हो सकता है. काफी हद तक यह सही है. राम मंदिर के लिए भाजपा और आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों ने 35 साल तक आंदोलन चलाया. भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में राम मंदिर शामिल रहा है. राम मंदिर के तय समय के भीतर निर्माण में पीएमओ और यूपी की योगी सरकार ने रुचि ली. राम मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम में अगर विपक्षी दलों के नेता शामिल होते हैं, तो भी इसका चुनावी लाभ भाजपा को मिल सकता है. 1990 में राम मंदिर का आंदोलन का असर गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, असम, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु में भी देखा गया था. भाजपा ने राम मंदिर को राष्ट्रीय अस्मिता और हिंदुत्व से जोड़ा, जिसका गैर सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष दलों ने लंबा विरोध किया था. 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के चार महीने के भीतर चुनाव होने हैं, नतीजों से पता चलेगा कि राम मंदिर का दांव कितना कारगर साबित होगा.

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## धर्म का उद्देश्य

धर्म का उद्देश्य, केवल मानव को ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि को अक्षय सुख लब्ध करवाने का मार्ग प्रशस्त करना है. मानव के लिए जीवन के अनुकूल सुख भी एक पड़ाव मात्र है, लक्ष्य तो निश्चित ही शाश्वत सुख है. सभी जीना चाहते हैं, मरना कोई नहीं चाहता. इसलिए जियो और जीने दो का सिद्धांत अस्तित्व में आया है. शान्ति से जीने और अन्य को भी जीने देने के उद्देश्य से ही सभ्यता और संस्कृति का विकास हासिल किया गया है. क्योंकि सभ्यता और संस्कार से हम भी आनंद पूर्वक जीते है, और अन्य सभी प्राणियों के लिए भी सहज आनंद के अवसर उपलब्ध करवाते है. यही है धर्म के उद्देश्य की सबसे सरल परिभाषा. इस उद्देश्य को प्रमाण वाक्य मानते हुए ही धर्म शास्त्रों की व्याख्याओं पर दृष्टिपात करना चाहिए. यदि किसी धर्मोपदेश की व्याख्या सभ्यता और संस्कार के विपरीत जाती है तो वह सर्वांग मिथ्या व्याख्या है. जो व्याख्या सभ्यता से पतनोमुख करने का कारण बनकर, पुनः आदिम जंगली संस्कार की ओर प्रेरित करे तो धर्मोपदेश की वह व्याख्या निश्चित ही कुमार्ग लक्षी है. हमने युगों के निरंतर, कठिन पुरुषार्थ और दुष्कर संघर्ष के परिणाम स्वरूप ही इस उच्च सभ्यता का संधान किया है. उसका मात्र भ्रांत धार्मिक व्याख्याओं से अधोपतन कैसे स्वीकार किया जा सकता है. उदाहरण के लिए, हमने जंगली, क्रूर, विकृत खान-पान व्यवहार को आज शुद्ध, अहिंसक, सभ्य आहार से सुसंस्कृत कर लिया है. यहां सभ्यता मात्र स्वच्छ और पोषक आहार से ही अपेक्षित नहीं, बल्कि अन्य जीवसृष्टि के जीवन अधिकार से सापेक्ष है. उसी तरह संस्कृति समस्त दृष्टिकोण सापेक्ष होती है. अब पुनः विकृत खान-पान की ओर लौटना धर्म सम्मत कभी नहीं हो सकता. सभ्यता के विकास का अर्थ आधुनिक साधन विकास नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विकास है. ऐसे विकसित आधुनिक युग में यदि कोई अपनी आवश्यकताओं को मर्यादित कर, सादा रहन सहन की शैली अपनाता है और अपने भोग उपभोग को संयमित करता हुआ, पुरातन दृष्टिगोचर होता है तब यह आदिम परंपरा की ओर लौटना नहीं, बल्कि सभ्यता के सर्वोत्तम संस्कार के शिखर को छूना है.

# इंडिया : अंतरविरोधों से निपटने की चुनौती

• सियासत

राधिका रामशेषन

गिलास आधा भरा है या खाली, यह देखने वाले के सकारात्मक या नकारात्मक नज़रिए पर निर्भर है. जून महीने में अपनी शुरुआत के साथ 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्कलुसिव अलायंस' (इंडिया) नामक गठबंधन, जिसमें 28 दल हैं, उसकी चाहत है कि 2024 के आम चुनाव में भाजपा से लड़ने को एक संयुक्त मोर्चा बनाने में जितना संभव हो, अधिक से अधिक विपक्षी दलों को साथ जोड़ा जाए. इस गुट की स्थापना करने में कांग्रेस का योगदान उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि अन्य क्षेत्रीय पार्टियों का, यह एक तरह से गांधी परिवार की स्वीकारोक्ति है कि उसकी राजनीतिक विरासत अपने बूते पर भाजपा से मुकाबला करने लायक नहीं रही. 'इंडिया' गठबंधन की बैठकों की श्रृंखला से भी यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस का रुतबा बाकियों से ऊपर न होकर, बराबरी का है. आदर्श रूप में, हालिया घटनाएं इस किस्म के गठबंधन की जरूरत को और गहराई से रेखांकित करती हैं खासकर कांग्रेस के लिए, क्योंकि पटना में 'इंडिया' गठजोड़ के पहले सम्मेलन से जो अनुकूल माहौल बना था, वह आगे चलकर फीका होता गया. इससे सात महीने पहले, राहुल गांधी की व्यापक 'भारत जोड़ो यात्रा' पूरा होने के बाद भी कुछ आस बंधी थी. जो आमतौर पर लोगों के बीच उनकी छवि एक अनिच्छुक और अनाड़ी राजनेता होने को बदलने में कुछ हद तक सहायक हुई. कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रभावशाली जीत भी हासिल की और जनता दल (सेक्युलर) को खत्म कर डाला, जिससे उसने 'राजग' की शरण लेनी चाही है. वर्ष 2023 का साल खत्म होते-होते विपक्ष के लिए परिदृश्य मायूसी में बदल गया. भाजपा ने हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस के साथ सीधी टक्कर में एकतरफा जीत हासिल कर ली. इस क्षेत्र में अब कांग्रेसी विधायकों का वजूद यहां-वहां है. संसद में चल रहे वर्तमान शीतकालीन सत्र में, भाजपा ने 2024 में सत्ता-वापसी के कयासों के बीच, अपनी लगभग-आधिपत्य वाली स्थिति को पुनः सुदृढ़ किया है. संसद की सुरक्षा में लगी हालिया सेंध पर विपक्ष द्वारा सरकार से सदन के भीतर वक्तव्य की मांग की भाजपा ने जरा परवाह नहीं की. न केवल सरकार ने सदन में हंगामा करने वालों को पास मुहैया करवाने वाले सांसदों को उत्तरदायी ठहराने के सुझाव को खारिज किया, बल्कि बिना बहस करवाए वह कानून भी पारित करवा लिए, जिनका डाटा सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली पर दूरगामी असर होगा. विपक्षी सांसदों का थोक में निलम्बन किए जाने के बाद, लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों की उपस्थिति शेष सत्र में नगण्य हो गई है. दोनों सदनों का यह परिदृश्य आरएसएस की लंबे समय से पाली आकांक्षा की परिणति है, जिसके तहत वह चाहती है कि केंद्र में एक धाकड़ सरकार हो और राज्य सरकारें उपग्रह की हैसियत से परिक्रमा करती रहें. ऐसे हालात विपक्ष के गठबंधन को फलीभूत करने में कितने पूर्व-संकेतक हैं? 19 दिसम्बर को 'इंडिया' गुट के घटकों की नई दिल्ली में बैठक हुई, मकसद था, आपसी फूट को लेकर चल रही चर्चाओं का निराकरण किया जाए, जो पिछले सत्रों के बाद और हालिया राज्यों के चुनावों से पहले सीट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी, जनता दल (युनाइटेड) और राष्ट्रीय लोकदल के बीच खींच-तान से पैदा हुई थीं. बैठक- जिसमें शिव सेना (उद्धव), उत्तर प्रदेश एवं बिहार में मंडल कमीशन नीत राजनीति करने वाली पार्टियां, डीएमके एवं उसके सहयोगी दल और आम आदमी पार्टी शामिल थे- दलों के बीच सहयोग और सर्वसम्मति बनाने को लेकर थी, लेकिन यह हो न पाया. अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या प्रतिभागी पूर्व में 'अप्रासंगिक' माने जा चुके मुद्दों को उठाकर अपना नुकसान करने पर आमादा थे या फिर अपने विरोधाभासों को व्यक्त करके बहुत खुश थे. इलाकाई कटुता और अंतर-राज्य अस्वीकार्यता को और उभारती कुछ लाल लकीरें भी बैठक में खिंच गईं. जब डीएमके के वरिष्ठ प्रतिनिधि टीआर बालू ने नीतीश के भाषण के अनुवाद की मांग की, इस पर बिहार के मुख्यमंत्री ने यह कहकर झाड़ दिया कि उन्हें हिंदी आनी चाहिए, जो कि 'राष्ट्रीय भाषा' है. मंगलवार को हुई इस बैठक में घटकों के बीच उत्तर-दक्षिण रार बल्कि और अधिक नुमाया हो गई, जबकि खुद प्रधानमंत्री भाजपा पर लगे 'उत्तर भारत की पार्टी' वाले ठप्पे से निजात पाने के लिए तमिलनाडु और केरल को डोरे डालने में निरंतर प्रयासरत हैं.

> कांग्रेस ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रभावशाली जीत भी हासिल की और जनता दल (सेक्युलर) को खत्म कर डाला, जिससे उसने 'राजग' की शरण लेनी चाही है. वर्ष 2023 का साल खत्म होते-होते विपक्ष के लिए परिदृश्य मायूसी में बदल गया. भाजपा ने हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस के साथ सीधी टक्कर में एकतरफा जीत हासिल कर ली.

# पोषक तत्वों से कब भरपूर होगी थाली

• सामयिकी

शोभा

यह सर्वविदित है कि व्यापक कुपोषण से निपटने के लिए भोजन की टोकरी में पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की उपलब्धता महत्वपूर्ण है. यह भारतीय संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जहां लगभग 3 में से 1 बच्चा अविकसित और कम वजन का है. आहार विविधीकरण का जनसंख्या, विशेषकर कमजोर महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है. फलों, सब्जियों, दालों जैसे विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का परिचय आवश्यक विटामिन, खनिज और मैक्रोन्यूट्रिएंट्स में योगदान दे सकता है, इस प्रकार उन कमियों को दूर किया जा सकता है जो कुपोषण का कारण बन सकती हैं. भारत में प्रतिदिन 47 ग्राम प्रोटीन की औसत खपत एशियाई और विकसित देशों में सबसे कम है. दालें, फलियां, डेयरी और लीन मीट जैसे प्रोटीन स्रोतों को शामिल करने से प्रोटीन सेवन की गुणवत्ता बढ़ सकती है जो विकास और समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है. सूक्ष्म पोषक तत्वों के साथ खाद्य फोर्टिफिकेशन गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों जैसे कमजोर समूहों के लिए फायदेमंद है. आहार विविधीकरण के पोषण परिणामों से परे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ भी हैं, क्योंकि यह आहार से संबंधित बीमारियों के जोखिम को कम करता है और स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति समुदायों का लचीलापन बढ़ाता है. खाद्य राशन को आयरन, विटामिन ए और जिंक जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों से समृद्ध करने से कुछ आबादी में प्रचलित विशिष्ट पोषण संबंधी कमियों से निपटा जा सकता है. हालांकि, इस दृष्टिकोण को खाद्य राशन योजना में क्षेत्रीय और सांस्कृतिक आहार संबंधी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखना चाहिए, जिससे स्वीकार्यता और अनुपालन बढ़ सकता है. एक विविध खाद्य राशन स्टंटिंग, वेस्टिंग और कुपोषण के अन्य रूपों को रोकने के लिए महत्वपूर्ण चरण के दौरान पोषण संबंधी जरूरतों में काफी सुधार कर सकता है. भारत की खाद्य आपूर्ति में आहार विविधीकरण में संतुलित और पौष्टिक आहार सुनिश्चित करने के लिए खाद्य पदार्थों की एक विस्तृत श्रृंखला को बढ़ावा देना शामिल है. भारत में, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को गेहूं और चावल प्रदान करती है. कुछ राज्य/केंद्र शासित प्रदेश अतिरिक्त वस्तुएं जैसे दालें, खाद्य तेल, आयोडीन युक्त नमक आदि प्रदान करते हैं. एनएफएसए अधिनियम 2013 के अनुसार, पात्र परिवारों की पात्रता ग्रामीण आबादी के पचहत्तर प्रतिशत और शहरी आबादी के पचास प्रतिशत तक होगी. यह आहार विविधीकरण और बाजरा जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच है. भारत सरकार ने बाजरा को पीडीएस में शामिल किया है और इसके उत्पादन और खपत को बढ़ाने के लिए बाजरा की जैविक खेती को भी बढ़ावा दिया है. आईसीडीएस कार्यक्रम में पूरक पोषण ने उनके गर्म पके हुए भोजन में बाजरा को भी एकीकृत किया है. हालांकि, जिन राज्यों में चावल और गेहूं को प्राथमिकता दी जाती है, वहां पीडीएस में बाजरा को अपनाने की कमी के कारण सभी राज्यों में इसका कार्यान्वयन एक समान नहीं है. इसके अलावा खरीद में देरी, बाजरा के फायदों के बारे में जानकारी की कमी और कम शेल्फ लाइफ के कारण बाजरा की स्वीकार्यता कम हो गई है.एफएसएसएआई द्वारा परिभाषित फोर्टिफिकेशन का अर्थ है ₹जानबूझकर भोजन में आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाना ताकि भोजन की पोषण गुणवत्ता में सुधार किया जा सके और स्वास्थ्य के लिए न्यूनतम जोखिम के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके₹. हालांकि, यह मुख्य भोजन में एक या अधिक विशेष पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने पर केंद्रित है. भारत सरकार 2024 तक सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पीडीएस, आईसीडीएस, पीएम पोषण/मध्याह्न भोजन योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से चावल फोर्टिफिकेशन को पूरी तरह से लागू करने की योजना बना रही है. दालों और फलियों, जैसे दाल (दाल) और छोले की खपत को प्रोत्साहित करने से प्रोटीन, फाइबर और आवश्यक खनिजों का एक समृद्ध स्रोत मिलता है, जो आहार विविधीकरण में योगदान देता है. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत सरकार पीडीएस के माध्यम से महामारी के दौरान मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध करा रही थी. 80 करोड़ गरीबों को हर महीने 5 किलो गेहूं या चावल और 1 किलो दाल मुफ्त मिली.

> खाद्य राशन को आयरन, विटामिन ए और जिंक जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों से समृद्ध करने से कुछ आबादी में प्रचलित विशिष्ट पोषण संबंधी कमियों से निपटा जा सकता है. हालांकि, इस दृष्टिकोण को खाद्य राशन योजना में क्षेत्रीय और सांस्कृतिक आहार संबंधी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखना चाहिए, जिससे स्वीकार्यता और अनुपालन बढ़ सकता है.

### मीडिया में अन्यत्र

## जेएन.1 वेरिएंट से सतर्कता जरूरी

दुनिया भर में जेएन.1 वेरिएंट के तेजी से बढ़ते प्रसार की वजह से बीए.2.86 ओमिक्रॉन वंश के इस वेरिएंट की व्यापकता 27 फीसदी से ज्यादा हो गई है, जो मात्र एक महीने में आठ गुना वृद्धि का परिचायक है. इस साल अगस्त के अंत में पहली बार लक्जमबर्ग में पहचाना गया, यह जेएन.1 वेरिएंट कुछ देशों में प्रमुख वेरिएंट भी बन गया है. इस वेरिएंट के वैश्विक स्तर पर प्रमुख स्ट्रेन बनने की काफी संभावना है. मूल वंश बीए.2.86 की तुलना में, जेएन.1 वेरिएंट स्पाइक प्रोटीन में एक अतिरिक्त उत्परिवर्तन (एल455एस) करता है, जो प्रतिरक्षा को भेदने की इसकी क्षमता को काफी बढ़ाता है. ओमिक्रॉन के अन्य वंशजों की तरह ही जेएन.1 वेरिएंट भी बेहद संक्रामक है. लिहाजा उत्तरी गोलार्ध में सर्दी का मौसम इस वायरस के फैलाव को आसान बना देगा. प्रतिरक्षा से बचने और संक्रामकता की बढ़ी हुई क्षमता के बावजूद, अब तक इस वेरिएंट के किसी बड़े प्रकोप की सूचना नहीं मिली है. अधिकांश देशों में जेएन.1 वेरिएंट की मौजूदगी और इसके तेजी से बढ़ते प्रसार से प्रेरित होकर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कुछ दिन पहले जेएन.1 को एक अलग वेरिएंट के रूप में वर्गीकृत किया. जेएन.1 पर पहले बीए.2.86 के एक अंग के रूप में नजर रखी गई थी, लेकिन अब यह बीए.2.86 वंश का "विशाल बहुमत" वाला वंशज बन चुका है. उपलब्ध सीमित साक्ष्यों के आधार पर, वैश्विक स्वास्थ्य निकाय ने इस तथ्य को दर्ज किया है कि जेएन.1 अन्य मौजूद वेरिएंट की तुलना में रोग की गंभीरता में इजाफा करने से जुड़ा नहीं है. जिन देशों में जेएन.1 वेरिएंट की वजह से मामलों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है, वहां से मिलने वाले साक्ष्य भी उच्च मृत्यु दर का संकेत नहीं देते हैं. भले ही जेएन.1 वेरिएंट की वजह से सामने आने वाला कोविड-19 का पहला मामला नियमित निगरानी के दौरान केरल में पाया गया, लेकिन गोवा में अब तक इसके सबसे अधिक 19 मामले दर्ज किए गए हैं. भारत में अब तक जेएन.1 के कुल 21 मामले सामने आए हैं. ये सभी 21 मामले चिकित्सकीय लिहाज से हल्के हैं और इसके लिए 'होम आइसोलेशन' (यानी घर पर ही बाकी लोगों से अलग रहने) की जरूरत है. पिछले एक पखवाड़े में, भारत में कोविड-19 के मामलों की संख्या में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है.



### शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## बत्ती/बत्तीस/बत्तीसी

**संकल्प** की अवधि पूरी हो जाने के बाद अखंड दीप की बत्ती तत्काल बुझा देनी चाहिए. इस प्रकार की सलाह कर्मकांडी आचार्य अपने यजमान को दिया करते हैं. बत्ती ऐसी चीज है, जिसके अभाव में सनातन धर्म का कोई अनुष्ठान हो ही नहीं सकता. ऐसी मान्यता है कि जलता दीपक आपके द्वारा किये गये अनुष्ठान का साक्षी होता है. बत्ती की महानता देखिए, यह स्वयं जल कर अंधकार के साथ संघर्ष करता है और प्रकाश फैलाता है. बत्ती केवल स्नेह की भूखी होती है. स्नेह का मतलब तेल भी होता है और प्यार भी. यह तो इसका आध्यात्मिक रूप है, लेकिन इसका अर्थगत रूप भी है.हिंदी शब्दसागर में इस शब्द पर अर्थगत विचार किया गया है. शब्दकोश के अनुसार बत्ती हिंदी का तद्भव रूप में संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है. इसका तत्सम रूप है वर्ति और वर्तिका. प्राकृत भाषा में इसे पत्ति कहा जाता है. बत्ती का मतलब है सूत, रुई, कपड़े आदि की पतली छड़, चौड़े फीते के आकार का टुकड़ा, जिसे बांटकर या बुनकर बनाया जाता है और जिसे तेल में डाल कर दीप जलाया जाता है, चिराग जलाने केलिए रूई या सूत का बंटा हुआ लच्छा. अगरबत्ती, धूपबत्ती, मोमबत्ती आदि इसके अन्य रूप हैं. दीपक,चिराग, रोशनी तथा प्रकाश को भी झटके में बत्ती कह देते हैं. सनातन धर्मियों के घर में अनिवार्य रूप से संध्या काल में देवी-देवताओं को बत्ती दिखायी जाती है. बत्ती का मतलब लपेटा हुआ चिथड़ा, जो किसी वस्तु में आग लगाने के लिए काम में लाया जाये, बाती, पलीता. जैसे लाह की बत्ती, मूलेठी के सत की बत्ती, लपेटे हुए कागज की बत्ती. बत्तीस बहुप्रचलित तद्भव विशेषण शब्द है. इसका तत्सम द्वाविंशत और प्राकृत रूप है बत्तीसा. बत्तीस का मतलब है तीस से दो अधिक की संख्या. बत्तीस का समूह, मनुष्य के नीचे और ऊपर की दांतों की पक्ति. बत्तीसी शब्द का प्रयोग प्रायः इसी अर्थ में किया जाता है. जैसे उसने बत्तीसी दिखा दी.

# अपार है प्लीज और सॉरी की महिमा

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



अंग्रेजी में प्लीज और सॉरी दो ऐसे शब्द हैं, जिनसे दुनिया भर का कोई भी काम लिया जा सकता है.सॉरी कहने के बाद व्यक्ति के सात खून माफ हो जाते हैं. प्लीज कहने के बाद आप किसी को उसका काम करने से शायद ही मना करें. कुछ लोगों के तो प्लीज कहने का अंदाज इतना मार्मिक होता है कि व्यक्ति मना कर ही नहीं सकता. एक सज्जन से किसी सुंदर-सी लड़की ने जब यह कहा "आप मेरा यह भारी-भरकम बैग अपने हाथ में उठाकर बस तक चढ़ा दीजिए." तब उन्होंने पहले तो मना कर दिया, लेकिन फिर जब उस लड़की ने बहुत प्यार से उनसे प्लीज कहा तो वह यह भी भूल गए कि उनकी रीढ़ की हड्डी में दर्द रहता है. आव देखा न ताव, भारी-भरकम बैग उठाया और बस तक ले जाकर ही नहीं रुके अपितु बैग को भीड़भाड़ के बीच किसी तरह खिसकाकर आगे बढ़ाया और जब लड़की ने सीट पर बैठने के बाद उन्हें थैंक्यू कह दिया, तब वह एक वीर-विजेता की तरह मानो कोई वीरता का चक्र लेकर लौट रहे हों, इस एहसास के साथ बस से उतरे. उतरने के बाद उनकी रीढ़ की हड्डी ने उन्हें सूचित किया "क्यों भाई साहब ! आप किस मोहक मुस्कान में फंस गए? अब मैं आपको कम से कम एक महीने के लिए बिस्तर पर अवश्य लिटाऊंगी ." बेचारे एक महीने से बिस्तर पर लेटे हैं और उस दिन को याद कर-करके कोस रहे हैं, जब उन्होंने प्लीज के चक्कर में अपनी पीठ की हालत खराब करवा ली थी. इसे कहते हैं, अपने पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मारना. सॉरी की तो दुनिया ही अलग है. आप साफ-सुथरे कपड़े पहन कर सड़क पर जा रहे हैं. गली में से गुजर रहे हैं. किसी गृहणी ने आपके ऊपर छत की बालकनी से कूड़ा फेंक दिया, जो सीधा आपके ऊपर जाकर गिरा. बदले में आपको केवल एक शब्द सुनने को मिलता है, सॉरी. आप सिर ऊपर करके नजर उठाते हैं और देखते हैं कि कोई सुंदरी बड़े प्यार से आपको सॉरी कह रही है. अब इसके बाद झगड़े की कोई गुंजाइश नहीं बचती . अनेक लोग साइकिल की ही नहीं, अपितु स्कूटर और बाइक की टक्कर तक से चोट खा चुके हैं, लेकिन चलाने वाले ने जैसे ही सॉरी कहा, तब उसके बाद रास्ता चलते चार राहगीर भी यही कहते हैं " भाई साहब ! अब इन्होंने जब सॉरी कह दिया ,तब आप लड़ाई को आगे क्यों बढ़ा रहे हैं ? " हार कर सॉरी को स्वीकार करना पड़ता है और अपना मुँह-मसोसकर आगे बढ़ जाना पड़ता है. असली दिक्कत यही है कि सॉरी के बाद विवाद को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता .



एक अच्छी बयार देश में इन दिनों कुछ पर्वो को लेकर दिखती है. दीवाली, ईद, क्रिसमस अब किसी धर्म-जाति के नहीं, ग्लोबल पर्व की तरह मनाए जाते. धर्म चाहे जो भी हो, क्रिसमस उत्सव के साथ बच्चों को नेक संदेश देने का एक अच्छा बहाना है. जॉय ऑफ गिविंग यानी देने के सुख को महसूस करने का इससे बेहतर मौका क्या होगा. समाज के किसी एक भी वंचित, अलाभान्वित, मायूस, बेघर, अनाथ, परेशां बच्चों के लिए सांता बनने की एक छोटी सी कोशिश कितना सकून देगी! किसी बच्चे के लिए कुछ पल के लिए ही सही, सांता बन जाने का ऐसा ही अनुभव साझा कर रहे हैं संवेदना से भरे कुछ खास शख्स..



आइए बन कर सांता...

# किसी रोते हुए बच्चे को हंसाया जाए

## इन बच्चों की मुस्कुराहट पर हूं फिदा

कई बार बच्चों के लिए कुछ करने का मौका मिला. याद आती है जामताड़ा की वह महिला जिसके पेट में सात महीने से अधिक का बच्चा था और उसके पति गुजर गए. वह बच्चे का गर्भपात कराकर नई जिंदगी शुरू करना चाहती थी. तब मैंने उसे समय अधिक बीत जाने का हवाला देकर इस बात के लिए राजी किया कि वह सुरक्षित प्रसव करे और फिर किसी और को कानूनी तरीके से बच्चा सौंप दे. उसके राजी होने पर उसे रांची डिलीवरी के लिए लाई. योग्य चिकित्सक की निगरानी में प्रसव कराने के बाद जन्मजात को करूणा अनाथ आश्रम में सौंपा. बाद में जानकारी मिली कि बच्ची किसी अच्छे घर में गोद ले ली गई है. वहीं महिला भी पुर्नविवाह कर चुकी है.

इसी तरह रिम्स के बाहर बैठी एक मां की गुहार अखबार में देखी जिसके प्रीमेच्योर तीन बच्चों का अगर तत्काल आंखों का ऑपरेशन नहीं होता तो वे जिंदगी भर के लिए अंधे हो सकते थे. उस दिन हम सपरिवार दिल्ली से लौटे ही थे. तुरंत बच्चों के अभिभावक और प्रख्यात चिकित्सक भारती कश्यप से संपर्क किया. इलाज के लिए अपेक्षित राशि चुकाई. चिकित्सक ने भी अपनी तरफ से सहयोग किया और तीनों बच्चों का सफल ऑपरेशन हुआ. यह मेरे दिल का सुकून है.



अनु पोद्दार



## याद है उस बच्ची की मुस्कान

मेरी एक घरेलू सहायिका थी जो घर-बर्तन की साफ-सफाई में मदद करती थी. कुछ दिनों से उसे कुछ उदास देख रही थी. एक बार यूं ही पूछ लिया तो फफक कर रो पड़ी- कहने लगी कि बहुत इच्छा थी कि मेरी बेटी भी अंग्रेजी स्कूल में पढ़े. बिटिया भी उस स्कूल में पढ़ना चाहती है. पिछले दिनों उसे लेकर स्कूल गई भी, लेकिन उस स्कूल की एडमिशन फीस और मासिक फीस दोनों मेरी पहुंच से बाहर है. अब बेटी रोज पूछती है कि मां, मैं कब यूनिफॉर्म पहन कर उस स्कूल जाउंगी. अब क्या जवाब दूं. रोज बेटी का रोता चेहरा देखकर काम पर आती हूं.

उसकी बात दिल को छू गई. मैंने अगले कुछ दिनों में ही बेटी का एडमिशन उसके मनचाहे स्कूल में करा दिया. अब मां और बेटी दोनों बेहद खुश थीं. बाद में लंबे समय तक उसका ट्यूशन फी भी लगातार देती रही. उसकी बेटी स्कूल में कुछ अच्छा परफॉर्म करती या बेहतर रिजल्ट लाती तब भी प्रोत्साहन स्वरूप उसे कुछ उपहार देती. तब उसके चेहरे की चमक देखने लायक होती, और मेरे दिल का सुकून भी कुछ अलहदा होता. बाद में वे लोग कहीं दूर शिफ्ट हो गए, तब से उसकी कोई खबर नहीं.



डॉ सुनीता यादव



## एक छोटी सी लौ से रौशन जिंदगानी

हमारी सीता मासी (वहां हम सब कामवाली को मासी ही कहकर संबोधित करते थे) हमारे असम प्रवास के दौरान कई वर्ष तक हमारे घर काम करती रही थीं. यह तकरीबन पंद्रह सोलह वर्ष पहले की बात है. उसके बेटे ने जब दसवीं तृतीय श्रेणी में पास किया तो वह बड़ी मायूस सी होकर मुझसे उसे किसी दुकान या घर में काम पर लगाने का अनुनय करने लगीं, क्योंकि आगे पढ़ाने योग्य न तो उसके पास पैसे थे न इतने नंबर ही. ये बात जब मैंने अपने पति को बताई तो उन्होंने कहा कि वहां के एक आईटीआई के प्रिंसिपल से बात करेंगे कि किसी तरह की अनुकंपा के आधार पर उसे दाखिला मिल जाए. जीवन में पहली बार पति ने किसी से व्यक्तिगत संबंध को इस रूप में इस्तेमाल करने की कोशिश की और वह कामयाब रहे.



रश्मि सिंह

हमने उसके बेटे की फीस का और किताब का खर्च और जिम्मा उठा लिया. साइकिल बेटे की कम ही इस्तेमाल होती थी वो आवाजाही के लिए उसे दे दी. इस तरह वह दिहाड़ी मजदूरी करने की बजाय आगे तकनीकी शिक्षा लेने लगा. उसकी पढ़ाई समाप्त होने में कुछ महीने ही बचे थे कि हमें यहां रांची आना पड़ा. हमने पढ़ाई का शेष खर्च भी हिसाब कर उसके हाथ में दिया क्योंकि उसका बैंक अकाउंट नहीं था. साथ ही उसे ताकीद की कि वो राशि अन्यत्र खर्च न करे. हमारे वहां से आने के बाद दो तीन वर्ष उससे बात होती रही, बेटे ने पढ़ाई तो पूरी कर ली थी पर नौकरी नहीं लग पा रही थी. यह सुनकर मैं भी दुखी होती थी, पर कुछ कर नहीं सकती थी. फिर धीरे धीरे संपर्क मृतप्राय हो गया. अचानक वर्षों बाद पिछले वर्ष फोन पर उसकी वही टूटी फूटी सिलेटी हिंदी सुनकर कितने पुराने वाकये याद आ गये. उसने हमारी, बच्चों की खबर पूछी, फिर जब अपने बारे में बताया तो खुशी के मारे मेरी आंखें भी छलक आईं. बेटा बैंगलूरू में अच्छे वेतनमान पर नौकरी हो गयी थी और अब वह अपनी मां को भी वहीं ले आया था. छोटा सा घर भी वहां के संभ्रांत इलाके में ले लिया था जहां आज मां के साथ रहता था. दूसरे के घरों में बर्तन मांजने वाली मासी के बेटे की इस जिंदगी पर जितनी खुशी हुई शायद अपने बेटे की नौकरी लगने पर भी नहीं हुई थी. मैं सोचने लगी कि हमने तो बस शिक्षा की छोटी सी लौ लगाई, जीवन उनका सूरज सा दैदीप्यमान हो गया.

## हम तो बस माध्यम बनें

बात पांच महीने पहले की है. हम रात में सब्जी लेने मोराबादी गए. 9.40 के आसपास जब लौट रहे थे तो रास्ते में भीड़ जमा देखी. कोई एक्सीडेंट हुआ था. जब पास से गुज़रे तो देखा एक लड़की ज़ख्मी हालत में पड़ी है. कई गाड़ियां रुक रही थीं. मैंने राजेंद्र से कहा कि गाड़ी साइड कर लो, देखते हैं. किसी बेटी का एक्सीडेंट हुआ है. उन्होंने गाड़ी साइड की. जहां गाड़ी खड़ी की थी, वहीं पास में एक लड़का बैठा हुआ था उसको भी चोट आई थी. राजेंद्र उसके पास रुके और मैं लड़की के पास पहुंची. उसके आसपास और चेहरे पर खून था. एक उसके पास बैठा लड़का था जिसने उसके मुंह पर रुमाल रखा हुआ था क्योंकि बहुत खून निकल रहा था. आसपास भीड़ जमा थी. कुछ लोग फोटो खींच रहे थे तो मन हुआ उनका मोबाइल तोड़ दूं. वहां एक पुलिस वाला था जो भीड़ को हटा रहा था. उसने पहले एक इलेक्ट्रॉनिक रिक्शे को रोका, घायल लड़की को अस्पताल ले जाने के लिए, जिसमें उसको लेकर जाना संभव नहीं हुआ. फिर वह एम्बुलेंस के लिए कोशिश करने लगा. लोग गाड़ी रोककर देख रहे थे. लेकिन कोई अस्पताल नहीं ले जा रहा था बल्कि फोटो शूट हो रहा था. मैंने कहा कि एंबुलेंस में देर लगेगी, हम अस्पताल पहुंचा देते हैं. तो उस पुलिसकर्मी ने पूछा, आपके पास गाड़ी है? आप देंगी अपनी गाड़ी? कहां है? एकसाथ तीन सवाल. जख्मी बच्ची को देखकर वो भी हड़बड़ा रहा था. मैंने कहा थोड़ी दूर पर ही खड़ी है क्योंकि एक्सीडेंट हुए कुछ समय हो गया था और लोग रुककर देख रहे थे. वो तुरंत गया, सबको हटाते हुए घटना स्थल तक खुद ही गाड़ी लाया. बेटी को किसी तरह गाड़ी में लिटाया. उस बच्ची के पैर में, हाथ में, मुंह में मल्टीपल फ्रैक्चर थे. उसका पैर बिल्कुल झूल जैसा रहा था. ऐसे ही पड़ा था जैसे फोल्डेबल हो. जैसे गाड़ी स्टार्ट की उसी समय उसकी मां आई और बेटी की हालत देखकर बदहवासी में चिल्लाने लगीं. उनका चिल्लाना देखा नहीं जा रहा था और वो गाड़ी चलाने नहीं दे रही थीं. वो कह रही थीं साथ जाएंगी. पीछे सीट के नीचे बैठेंगी. मैंने पुलिसकर्मी से कहा उन्हें रोकिए और आप या कोई और उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे क्योंकि इस समय बच्ची को समय से अस्पताल पहुंचाना बहुत जरूरी है. एक अन्य लड़की जो केवल यह जानती थी कि वो डीएवी की स्टूडेंट थी, वो साथ आई और दो और बच्चे थे वो अस्पताल अपनी बाइक से आए. हम लोग उसे लेकर रामप्यारी अस्पताल आए. वहां उसके माता - पिता आए. फिर नाना, नानी आए. मां बदहवास थी. सीटी स्कैन, एक्स रे, और उसकी मां को संभालते 12 तो अस्पताल में ही बज गए. हालांकि वो बेटी ज्यादा मजबूत है. रिपोर्ट में हाथ, पैर, मुंह में मल्टीपल फ्रैक्चर आए. उसकी जरा सी चीख पर उसकी मां ने इस तरह मेरा हाथ दबाया और लिपट गईं कि मेरे हाथ में स्याह निशान पड़ गया. मुझे डिस्क प्राब्लम है. आधा घंटा भी खड़ी नहीं रह पाती. और उस दिन खड़े रहकर उन्हें संभाला. उसके बाद हम अस्पताल और फिर घर पर भी देखने गए. एक बार उनका फोन आया कि देखिए चेतना चलने लगी. आज वो कुछ कदम चली. हम भी तुरंत उससे मिलने पहुंचे. उसकी मां इतनी खुश थी और वो बच्ची भी. वो सारा क्रेडिट हमें दे रही थीं और कहा कि आप तो फरिश्ता हैं हमारे लिए जिसने समय पर अस्पताल पहुंचाया. हमने कहा, चेतना की किस्मत में समय पर अस्पताल पहुंचना था, ईश्वर ने हमें माध्यम बनाया वर्ना कोई और पहुंचा देता. अब भी उस बेटी और परिवार से फोन पर बात होती है.



वीणा श्रीवास्तव

मोटिवेशन

# ऑटो सजेशन के अद्भुत परिणाम



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

नेपोलियन हिल ने अपनी पुस्तक थिंक एंड ग्रो रिच में ऑटो सजेशन के बारे में अद्भुत बातें बताई हैं. ऑटो सजेशन का अर्थ होता है - खुद को सलाह देना. यह एक कमाल का तरीका है जिससे आदमी अपने रोग को दूर कर सकता है, अपनी बुरी आदतों को छोड़ सकता है, अपने संबंधों को सुधार सकता है और सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है. शब्द और विचार में गहरा संबंध है. जिस तरह के शब्दों का हम अपनी जिंदगी में इस्तेमाल करते हैं, वे हमारी सोच का हिस्सा बन जाते हैं. हमारा पूरा चेतन और अवचेतन मन उसी के अनुसार काम करने लगता है. उदाहरण के तौर पर, अगर हम कहते हैं - आज का दिन बेकार और नीरस है, तो हमारा दिमाग से स्वीकार करता है. वह यह संदेश अवचेतन मन को भेजता है. फिर हमारा दिल-दिमाग-शरीर इस विचार से भरा जाता है. हम पाएंगे कि हम उस दिन बहुत डल महसूस करते हैं और कुछ अच्छा नहीं कर पाते हैं. कभी अपने मार्क किया है, असफल लोगों का तकियाकलाम क्या होता है? वे इन वाक्यों का प्रयोग बहुत ज्यादा करते हैं -

1. मुझसे यह काम नहीं होगा. यह बहुत कठिन है.
2. अब जी कर क्या होगा, बहुत जी लिया.
3. मेरा तो इस एग्जाम में नहीं होगा.
4. पता नहीं मुझे नौकरी मिलेगी या नहीं.
5. मेरी तबीयत हमेशा खराब रहती है. मेरा सिर हमेशा घूमता रहता है.
6. मेरे साथ हमेशा बुरा ही होता है.
7. कोई मुझे नहीं समझता. सारी दुनिया मतलबी है.
8. पता नहीं, मेरा क्या होगा.

जब वे इन वाक्यों का प्रयोग करते हैं, तो उनका अवचेतन मन इन्हें स्वीकार करता है. इन्हीं पर 24x7 काम करता है. परिणाम? इन्हें नौकरी नहीं मिलती, इनका स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहता, सभी से उनके संबंध खराब रहते हैं. न खुद खुश रहते हैं, न दूसरों को खुश रहने देते हैं. हम अपने अवचेतन मन को ट्रेनिंग देकर अपनी सफलता को अपने करीब ला सकते हैं, अपने व्यक्तित्व को आकर्षक बना सकते हैं, जिंदगी को खुशहाल बना सकते हैं.

## ऑटो सजेशन करते कैसे हैं?



ऑटो सजेशन करने का बेस्ट समय सोने के पहले होता है. मान लीजिए आपको सुबह 4 बजे उठना है. आप सोने के पहले एकाग्रचित होकर अपने अवचेतन मन से बोलें–कल मुझे 4 बजे उठना है. मुझे 4 बजे उठा देना. ठीक 4 बजे. कोई बहाने बाजी नहीं. मुझे 4 बजे उठना है और मैं उठूंगा. उसके बाद आप भगवान का नाम लेकर सो जाइए. देखिएगा, आपकी आंखें ठीक 4 बजे खुल जाएंगी. यह तो एक बहुत छोटा सा प्रयोग है. अगर आपको किसी रोग से छुटकारा पाना है, सोने से पहले आप अपने अवचेतन मन को बोलिए – मुझे ठीक होना है, पूरी तरह से ठीक होना है. एक दिन/सप्ताह में मुझे पूर्ण रूप से अच्छा होना है. आप बहुत स्ट्रांग्ली इस बात को रोज बोलेंगे तो आप अपने आप में परिवर्तन होता देखेंगे. आपको जो चाहिए सोने के पहले पूरे विश्वास के साथ बोलिए और अपने अवचेतन मन में विजुलाइज कर सो जाइए. ये बातें आप अपनी पढ़ाई, लक्ष्य, सम्बंध, व्यक्तित्व पर लागू कर के देखिए. याद रखें – सिर्फ बोलकर बात नहीं बनेगी. आप जो बोलते हैं, उस पर पूर्ण विश्वास करना जरूरी है और उसे फॉलो करना भी. पहले छोटी–छोटी बातों से शुरू कीजिए फिर बड़े लक्ष्य प्राप्ति पर ध्यान दीजिए.

**मूल मंत्र** : नेपोलियन हिल ने बहुत सही कहा है–आप अपने भाग्य के स्वामी हैं. ऑटो सजेशन के द्वारा अपना जीवन को वैसा बना सकते हैं जैसा आप चाहते हैं.

श्रीनिवास पानुरी जयंती व खोरठा दिवस विशेष

# खोरठा भाषा के अग्रदूत श्रीनिवास पानुरी



डॉ. मुकुन्द रविदास

"आपन भाषा सहज सुंदर, बुझे गिदर बुझे बांदर" इन पंक्तियों के रचनाकार महान कवि और खोरठा के आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध श्रीनिवास पानुरी का जन्म 25 दिसम्बर 1920 ई. में धनबाद जिले के कल्याणपुर, लोहारबरवा- बरवाअड्डा में हुआ था. इनके पिता का नाम शालिग्राम पानुरी व माता का नाम दुखनी देवी है. पानुरी जी अत्यंत गरीब परिवार से थे. यही कारण रहा कि किसी तरह मैट्रिक तक की पढ़ाई की और फिर भरण- पोषण के लिए एक पान की गुमटी खोल लिए. लेकिन खोरठा में लेखन के प्रति उनका लगाव बहुत गहरा रहा और वे अनवरत लिखते रहे. उस जमाने में खोरठा भाषा व उसकी लेखनी को उतनी अहमियत नहीं मिली थी. कई बार उपहास के पात्र भी बने परंतु दूसरी ओर वीर भारत तलवार, भवानी प्रसाद मिश्र, राधाकृष्ण, श्याम नारायण पांडेय, शिवपूजन सहाय जैसे प्रसिद्ध साहित्यकारों के द्वारा प्रशंसा भी पाते रहे.



### प्रमुख कृतियां

पानुरी जी का पहला कविता–संग्रह "बाल–किरण" 1954 ई. में प्रकाशित हुआ. उन्होंने संस्कृत के महान कवि कालिदास द्वारा रचित कृति –"मेघदूतम" का अनुवाद खोरठा भाषा में "मेघदूत" नामक शीर्षक से किया. अन्य प्रकाशित प्रमुख कृत्यों में –उद्भासल कर्ण (नाटक) आंखिक गीत (कविता–संग्रह), रामकथामृत (खंड–काव्य), मधुक देशे (प्रणय–गीत), मालाक फूल (कविता–संग्रह), चाबी काठी(नाटक), कुसुम (कहानी) आदि हैं. इसके अलावा कई कृतियां हैं जिनका अर्थाभाव में वे प्रकाशन नहीं करवा सके.

**उपाधियां** : खोरठा के विद्वान विश्वनाथ दसौंधी जी ने पानुरी जी को खोरठा का भीष्मपितामह कहा तो रामदयाल पांडेय ने खोरठा के वाल्मीकि, विकल शास्त्री ने खोरठा के नागार्जुन, चतुर्भुज साहू जी ने खोरठा के टैगोर की उपाधि दी है.

**खोरठा साहित्य के विकास में योगदान** : यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है की उनके त्याग और समर्पण की वह भाषा आज झारखंड की मातृभाषा ही नहीं है बल्कि राज्य की द्वितीय राजभाषा बनने की सभी अहर्ताएं रखती है. यह पानुरी जी जैसे साहित्यकारों का ही अवदान है कि आज खोरठा झारखंड लोक सेवा आयोग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ साथ सभी विद्यालयों, विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में शामिल कर भाषा–संस्कृति को समृद्ध कर रही और रोजगार की भाषा भी बन गई है.

श्रीनिवास पानुरी जनकवि थे. आम जनजीवन के दुख–दर्द,शोषण व विस्थापन इनकी काव्य कृतियों के मुख्य विषय रहे. खोरठा का अलख जगाने वाले श्री निवास पानुरी जी का हृदयगति रुक जाने से 07 अक्टूबर 1986 ई. को निधन हो गया.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### नवादा : भतीजे ने चाचा को पीट-पीट कर मार डाला

**नवादा ।** नवादा में जमीनी विवाद में रविवार को भतीजे ने अपने ही चाचा की पीट-पीटकर हत्या कर दी है. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. मामला जिले के रोह थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव का है. जहां जमीनी विवाद को लेकर बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दिया गया है. मृतक ताजपुर गांव निवासी 46 वर्षीय रामभजू राजवंशी हैं. मामले को लेकर मृतक के बेटे ने बताया कि उनके दादा की जमीन सर्वे में किसी दूसरे व्यक्ति के नाम पर हो गया. इसी में पिता और उनके भतीजे में विचार-विमर्श के दौरान ही विवाद हुआ.

### फूंक मारकर महिला से लूटे लाखों के जेवरात

**रोहतास ।** बिहार में ठगों ने ठगी का नया तरीका इजात किया है. बदमाशों ने एक महिला को ठगी का शिकार बनाते हुए नायाब तरीके से उसके लाखों के सोने के जेवर ठग लिए और रफूचक्कर हो गए. दरअसल, ठगों ने रोहतास में मुंह पर फूंक मारकर महिला से लूट की है. मामला जिले के डेहरी इलाके का है. मिली जानकारी के मुताबिक डेहरी इलाके के चौधरी मुहल्ला वार्ड नं 32 निवासी रवि शंकर प्रसाद की पत्नी अनुरेखा देवी सब्जी मंडी में सब्जी खरीद रही थी, तभी बदमाशों ने महिला के मुंह पर फूंक मार कर उससे लाख रुपए मूल्य के जेवरात लेकर भाग खड़े हुए.

### जहानाबाद में अधेड़ की गला दबाकर हत्या

**जहानाबाद ।** जहानाबाद में अधेड़ की गला दबाकर हत्या कर दी गई. आपसी विवाद में उसे मौत के घाट उतार दिया गया. मृतक व्यक्ति का नाम रामप्यारे बिंद है, जो परस बीघा थाना क्षेत्र के हृदय चक गांव का रहने वाला था. मृतक के भाई रामानंद बिंद ने बताया कि मेरा भाई मेरे घर में छठी का कार्यक्रम था, इसी के सामान लाने के लिए शनिवार को शाम नेहालपुर बाजार गया था. जब देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो हम लोगों ने खोजबीन शुरू की.काफी खोजबीन के बाद पता चला कि नेहालपुर मुसहरी के पास झाड़ी में रामप्यारे का शव मिला है.

# थाने में रखी जब्त शराब धंधेबाजों को बेच डाली, थानेदार-जमादार बर्खास्त

**संवाददाता ।वैशाली**

नीतीश सरकार ने बिहार में 2016 में शराब की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था. तस्कर लगातार शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ाते रहे हैं. लेकिन अब कानून का पालन करवाने वाली पुलिस भी इसको धत्ता बता रही है. वैशाली जिले से ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है. यहां सराय थाना के पुलिसकर्मियों ने थाना में रखी जब्त शराब नष्ट करने की जगह तस्करों को बेच डाली. तिरहुत रेंज के आईजी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए सराय थाना के तत्कालीन थानेदार विदुर कुमार और मालखाना प्रभारी (एएसआई) मुनेश्वर कुमार को बर्खास्त कर दिया. वहीं वैशाली एसपी ने भी जिला बल के सिपाही सुरेश कुमार को सस्पेंड किया है.

**दोनों को किया बर्खास्त :** आईजी ने बताया कि मद्य निषेध टीम को 17 सितंबर 2023 को सूचना मिली थी कि जब्त शराब थाना से धंधेबाजों को बेची जा रही है. सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना में छापेमारी की गयी. इस दौरान पाया गया कि जब्त शराब को मालखाना से पिकअप वैन में लोड किया जा रहा है. इसके बाद सराय थाना के दारोगा पुष्पराज शर्मा के बयान पर तत्कालीन थानेदार विदुर कुमार, मालखाना प्रभारी मुनेश्वर कुमार, संतरी ड्यूटी में तैनात सिपाही सुरेश कुमार व थाना में मौजूद चौकीदार परमेश्वर राम को गिरफ्तार किया गया था. विभागीय कार्यवाही के तहत जेल में ही तत्कालीन थानेदार और मालखाना प्रभारी से पूछताछ की गयी. दोषी पाये जाने पर बर्खास्त किया गया. आईजी के अनुसार, दो कांडों में 3728 लीटर शराब जब्त की गयी थी. इसके बाद इसको थाना के मालखाना में रखा गया था. इसको 16 सितंबर को ही नष्ट करना था. लेकिन पुलिसकर्मियों ने 2782.590 लीटर शराब को नष्ट किया और बाकी बचे शराब को धंधेबाजों को बेच डाली.

### दो ट्रक से शराब बरामद चार तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** चकिया टोल प्लाजा के समीप पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो ट्रक पर लदे 300 कार्टन विदेशी शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है. बताया गया कि शराब की यह बड़ी खेप चकिया के रास्ते मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था. इसी बीच मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र को गुप्त सूचना मिली कि नये साल पर शराब को खपाने के लिए यूपी नंबर की ट्रक से शराब की बड़ी खेप मोतिहारी होकर मुजफ्फरपुर जाने वाली है.

### गोपालगंज में छापेमारी में 50 लोग गिरफ्तार

**गोपालगंज।** उत्पाद विभाग की टीम ने नोडल रेड के तहत विभिन्न जगह छापेमारी कर 50 लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें शराब तस्कर और शराब पीने वाले शामिल हैं. फिलहाल गिरफ्तार लोगों पर उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. दरअसल, शराबबंदी कानून को लागू करने के लिए उत्पाद विभाग को लगातार शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ रही है.

### आओ जानें

## बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| सर्वाधिक वन क्षेत्र वाला जिला | –पश्चिमी चंपारण |
| न्यूनतम वन क्षेत्र वाला जिला | – स्योहर |
| सबसे अधिक वन प्रतिशत वाला जिला | – कैमूर |
| सबसे कम वन प्रतिशत वाला जिला | – शेखपुरा |
| सर्वाधिक अनुसूचित जाति की आबादी वाला जिला | – गया |
| न्यूनतम अनुसूचित जाति की आबादी वाला जिला | – किशनगंज |
| बिहार की जनसंख्या – 10 करोड़ 38 लाख 4 हजार 6 सौ 37 | |
| महिलाओं की संख्या – चार करोड़ 96 लाख 19 हजार 2 सौ 90 | |
| बिहार में पुरुषों की संख्या – 5 करोड़ 41 लाख 85 हजार 3 सौ 47 | |
| जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक बड़ा जिला | – पटना |
| जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक छोटा जिला | – शेखपुरा |
| सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला | – शिवहर |
| न्यूनतम जनघनत्व वाला जिला | – कैमूर |
| सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला | – पटना |

## बिहार में सियासत गरमायी, डीएमके नेता दयानिधि मारन बोले-

# बिहार के लोग तमिलनाडु में शौचालय साफ करने आते हैं



- भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने वीडियो पोस्ट कर पूछे सवाल
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद हिंदी भाषी लोगों पर अपने गठबंधन के सहयोगी की राय से सहमत हैं?

**संवाददाता ।पटना**

तमिलनाडु के डीएमके नेता दयानिधि मारन ने यूपी-बिहार के हिंदी भाषी को लेकर विवादित बयान दिया है. सोशल मीडिया पर मारन का एक वीडियो वायरल हो रहा है,जिसमें वो कह रहे हैं कि यूपी, बिहार के हिंदी भाषी तमिलनाडु में शौचालय साफ करने आते हैं. उन्होंने यह भी कहा कि यूपी-बिहार के लोग तमिलनाडु में कंस्ट्रक्शन से जुड़े छोटे-मोटे काम करते हैं. उनके इस बयान के बाद सियासत गरमा गयी है. भाजपा नेता सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से इस बयान पर उनकी राय पूछ रहे हैं.

**गिरिराज ने नीतीश-लालू से पूछा-क्या आप मारन की राय से सहमत :** भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने वीडियो पोस्ट कर लिखा कि डीएमके सांसद का कहना है कि यूपी/बिहार के हिंदी भाषी लोग तमिलनाडु आते हैं और सड़कें और शौचालय साफ करते हैं. क्या मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू यादव हिंदी भाषी लोगों पर अपने गठबंधन सहयोगी की राय से सहमत हैं? उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि डीएमके और इंडिया गठबंधन को हिंदी भाषी बिहारी भाइयों और बहनों से इतनी नफरत क्यों है?

**डिवाइड एंड रूल कार्ड खेलने का प्रयास :** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी नीतीश, तेजस्वी, लालू और अखिलेश यादव पर निशाना साधा है. उन्होंने लिखा कि बार फिर डिवाइड एंड रूल कार्ड खेलने का प्रयास. पहले राहुल गांधी ने उत्तर भारतीय मतदाताओं का अपमान किया. तब रेवंत रेड्डी ने बिहार डीएनए को गाली दी. इसके बाद डीएमके सांसद सेंथिल कुमार ने बिहार को गौमूत्र राज्य बताया था. अब दयानिधि मारन ने हिंदी भाषियों और उत्तर के लोगों का अपमान किया है. हिंदुओं/सनातन को गाली देना, फिर बांटो और राज करो का कार्ड खेलना भारत का डीएनए है. क्या नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, लालू यादव, कांग्रेस, सपा, अखिलेश यादव सब दिखावा करेंगे कि ऐसा नहीं हो रहा है? वे कब स्टैंड लेंगे?

**डीएमके भी इंडिया गठबंधन में शामिल :** बता दें कि तमिलनाडु की डीएमके भी इंडिया गठबंधन में शामिल है. इस गठबंधन में नीतीश कुमार की जदयू और अखिलेश यादव का समाजवादी पार्टी भी शामिल है. इसके बावजूद उनके गठबंधन के नेता बिहार और यूपी के लोगों को निशाना बना रहे हैं. इन्हें शौचालय साफ करने वाला बता रहे हैं.

### दयानिधि मारन के बयान पर तेजस्वी का सीधा जवाब, कहा-

### ऐसे बयान से बचना चाहिए, इससे हमलोग सहमत नहीं

**पटना ।** डीएमके सांसद दयानिधि मारन के बयान को लेकर बिहार में जमकर बयानबाजी हो रही है. वहीं, इस पर डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि करुणानिधि की पार्टी डीएमके जो है वह सामाजिक न्याय की पार्टी है लेकिन उनके दल के लोगों ने बिहार और यूपी के लोगों को लेकर इस तरह की बातें कही है तो बहुत निंदा करने वाली बात है. इसका हमलोग निंदा करते हैं. इससे हमलोग सहमत नहीं हैं. इस तरह के बयान से दूसरे राज्यों के नेताओं को बचना चाहिए. तेजस्वी ने कहा कि बिहार-यूपी के मजदूरों की मांग कई राज्यों में होती है. दूसरे राज्यों में बिहार और यूपी के मजदूर न जाए तो उनकी जिंदगी ठप हो जाएगी. ये बात लोगों को समझाना चाहिए. हम लोग हर किसी का सम्मान करते हैं. हम चाहते हैं कि अन्य राज्यों के लोग भी यूपी-बिहार के लोगों का सम्मान करें.

# राजस्व पदाधिकारी समेत 7 पुलिसकर्मी घायल

- अतिक्रमण हटाने गयी पुलिस पर पथराव, ग्रामीणों ने की पत्थरबाजी

**संवाददाता ।पटना**

पटना से सटे इलाके बाढ़ के नवादा पंचायत अंतर्गत पासवान टोली इलाके में अतिक्रमण हटाने गयी पुलिस पर हमला किया गया. इस हमले में राजस्व पदाधिकारी समेत 7 पुलिसकर्मी घायल हो गये. सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में राजस्व पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन, पुलिसकर्मी शिवानी, अरुण, अनिल सिंह, वर्षा, सोनी, लूसी व सुनीता शामिल हैं. हालांकि घटना के बाद थाना प्रभारी प्रदीप कुमार समेत कई थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया. जख्मी आरओ ने थाना में शिकायत दर्ज करायी है. वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया है.

**एक माह पहले ही भेजा गया था नोटिस :** बताया जाता है कि राजस्व पदाधिकारी दल बल के साथ पासवान टोली इलाके में गैरमजरूआ जमीन से अतिक्रमण हटाने गये थे. तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया. इस दौरान दोनों पक्षों की नोक-झोंक शुरू हो गयी. बात इतनी बढ़ गयी कि ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया. इस दौरान किसी ने झोपड़ी में आग लगा दी. जिसके बाद घटनास्थल पर भगदड़ मच गयी. ग्रामीणों ने प्रशासनिक टीम पर लोगों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया. आरओ ने बताया कि उनको एक महीने पहले नोटिस भेजा गया था. लेकिन उन्होंने जमीन पर कब्जा नहीं हटाया था.

### सहरसा में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, 3 घायल

**सहरसा ।** सहरसा जिले में रविवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के दो लोग की मौत हो गयी तथा तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि एक दूसरी घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी. सौरबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कपसिया पुल के समीप अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों को रौंद दिया, जिसमें दो लोगों की मौके पर मौत हो गई. मृतकों में नारायण साह और उसकी तीन साल की नातिन आशिका कुमारी हैं जबकि नारायण साह की पुत्री नूतन कुमारी गंभीर रूप से घायल है. उसे स्थानीय पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है.

### गोलियों की गूंज से थर्राया सीवान

# एआईएमआईएम नेता आरिफ जमाल को गोली मारी, मौत

**संवाददाता ।सीवान**

शनिवार की देर शाम सीवान में बदमाशों ने एआईएमआईएम के जिलाध्यक्ष आरिफ जमाल को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. घटना हुसैनगंज थाना क्षेत्र के कुतुब छपरा मोड़ की है. आरिफ जमाल अपनी दुकान पर बैठे हुए थे. इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाश पहुंचे और गोली मार दी. आरिफ जमाल (उम्र 40 साल) की फास्ट फूड की दुकान है. यह घटना 8.30 से 9 बजे के आसपास हुई है. गोली मारने के बाद बाइक सवार बदमाश फरार हो गए. आनन-फानन में आरिफ जमाल को घायल अवस्था में लोगों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. इस मामले में हुसैनगंज थानाध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि आरिफ जमाल की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है. सूचना मिली है कि वो दुकान पर बैठे हुए थे तभी बाइक सवार अपराधियों ने उनके ऊपर गोली चला दी. गोली उनके पेट में लगी थी. स्थानीय लोग और परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे जहां उनकी मौत हो गई. मामले की जांच की जा रही है.

## कारोबार

### आर्थिक वृद्धि से बढ़ेगी कॉरपोरेट मांग : फिच

**कोलकाता ।** क्रेडिट रेटिंग फर्म फिच रेटिंग्स ने अनुमान जताया है कि भारत की लचीली आर्थिक वृद्धि से कॉरपोरेट जगत से आने वाली मांग बढ़ेगी. क्षेत्र का रुझान 2024 में कहा कि यह 2023 में कॉरपोरेट क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन की अगली कड़ी है और इससे प्रमुख विदेशी बाजारों में धीमी वृद्धि से आने वाली कमजोरी की भरपाई हो सकेगी. फिच ने कहा कि बढ़ती मांग और लागत दबाव कम होने से अगले वित्त वर्ष में कंपनियों के मार्जिन में बढ़ोतरी होनी चाहिए. रेटिंग एजेंसी के मुताबिक, भारत 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था होगा.

### 421 परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़

**नयी दिल्ली ।** नवंबर में 150 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली 421 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत 4.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई. एक आधिकारिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की इस रिपोर्ट के मुताबिक, उसकी निगरानी में शामिल 150 करोड़ रुपये और उससे अधिक निवेश की 1,831 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से 421 परियोजनाओं की लागत बढ़ गई है जबकि 845 परियोजनाएं विलंब से चल रही है.

### आईपीओ के लिए 89 रुपये प्रति शेयर रखा

**नयी दिल्ली ।** पाइप बनाने वाली कंपनी एआईके पाइप्स एंड पॉलीमर्स ने कल से खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 89 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है. कंपनी ने रविवार को एक बयान में कहा कि 28 दिसंबर को बंद होने वाले इस निर्गम में 16.88 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे. इस निर्गम से कंपनी को 15.02 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है. जयपुर स्थित एआईके पाइप्स ने कहा कि निर्गम के बाद उसके शेयरों को बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध किया जाएगा. निर्गम से मिली राशि का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय, कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने और सामान्य कामकाजी खर्चों के लिए किया जाएगा.

### विकसित भारत बनने के लिए अगले 24-25 वर्षों तक 7 से 8% की विकास दर होनी चाहिए

# कॉरपोरेट सेक्टर को निवेश बढ़ाना ही होगा: रमेश चंद

**भाषा ।नयी दिल्ली**



रूरल वॉयस एग्रीकल्चर कॉन्क्लेव 2023 का उद्घाटन करते हुए प्रो. रमेश चंद ने कहा कि कृषि क्षेत्र की तेज वृद्धि दर के बगैर विकसित भारत के लक्ष्य को पाना मुश्किल होगा. इसलिए कृषि क्षेत्र में तेज वृद्धि दर चाहिए तो यहां कॉरपोरेट सेक्टर को निवेश बढ़ाना ही होगा. देखा जाय तो खेती-बाड़ी क्षेत्र की भारत के जीडीपी में भले ही हिस्सेदारी घट रही हो, लेकिन यह अभी भी देश में सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराता है. लेकिन दिक्कत यह है कि इस क्षेत्र में अभी भी कारपोरेट सेक्टर का पर्याप्त निवेश नहीं हो पा रहा है. उन्होंने कहा कि भारत दो लक्ष्य के साथ चल रहा है, भारत को विकसित बनाना है और इस विकास में सबको साथ लेकर चलना है.

उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनने के लिए अगले 24-25 वर्षों तक 7 से 8 प्रतिशत की विकास दर होनी चाहिए. विश्व बैंक के अनुसार विकसित देश होने के लिए प्रति व्यक्ति आय 12000 डॉलर यानी 10 लाख रुपये होना चाहिए. अभी हमारी प्रति व्यक्ति आय 1,70,000 रुपये के आसपास है. इसे अगले 24 वर्षों में 6 से 7 गुना बढ़ाना पड़ेगा. अगर कृषि क्षेत्र 3.5 से 4% की दर से नहीं बढ़ता है तो 2047 तक विकसित भारत बनना लगभग असंभव हो जाएगा. कृषि में ऊंची विकास दर हासिल किए बिना हम विकसित भारत नहीं बन सकते हैं.

उन्होंने बताया कि भारत में कृषि में तीन तरह के निवेश होते हैं. पहला निवेश किसान करता है. कृषि में 80 से 82% निवेश किसान खुद या कर्ज लेकर करता है. उसके बाद 15 से 16% निवेश सरकार करती है. यह नहरों के रूप में, गांव में बिजली उपलब्ध कराने के तौर पर, वेयरहाउस बनवाकर आदि के रूप में होता है. तीसरा निवेश कारपोरेट सेक्टर का है. अपेक्षा तो की जाती है कि कारपोरेट सेक्टर कृषि क्षेत्र में निवेश करेगा लेकिन अभी यह ज्यादा मार्केटिंग तक सीमित है. उत्पादन के क्षेत्र में उनका निवेश सिर्फ 0.5% है. जहां भी कारपोरेट सेक्टर ने अच्छा निवेश किया है उसके नतीजे भी बेहतर आए हैं.

इंडियन डेयरी एसोसिएशन के प्रेसीडेंट डॉ. आरएस सोढ़ी ने इस अवसर पर कहा कि जब भी किसान और शहरी उपभोक्ता के बीच किसी एक को चुनने की बारी आती है तो नीति निर्माता अक्सर कंज्यूमर की ओर झुक जाते हैं. इससे शेयर बाजार का सेंसेक्स बढ़ता है तो उसे खुशहाली के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है, लेकिन जब सब्जियों के या खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ते हैं तो उसे खाद्य महंगाई करार दे दिया जाता है. इसकी जगह फूड प्रॉस्पेरिटी इंडेक्स आए. इसके लिए माइंडसेट बदलने की जरूरत है. उन्होंने बताया कि अभी संगठित क्षेत्र में रोजाना 12 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है. अगले 7 वर्षों में यह 24 करोड़ लीटर हो जाएगा.

इस तरह देखें तो अगले 7 से 8 वर्षों के दौरान दूध क्षेत्र में एक लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा.

### चाहिए निवेश

- प्रति व्यक्ति आय 10 लाख रुपये होना चाहिए
- अभी प्रति व्यक्ति आय 170,000 के आसपास है




बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री आलिया भट्ट मुंबई पुलिस उमंग 2023 के दौरान फोटो सेशन करवाते हुए.

## मार्केट

### कोई अतिरिक्त, अपवाद का नकारात्मक कारण ही मार्केट में बड़ी बिकवाली ला सकता, नहीं तो मार्केट शक्तिशाली स्थिरता में रहेंगे

# जिन कंपनियों में अच्छे विकास की संभावना दिख रही, उनमें भी निवेश करना चाहिए



शशांक भारद्वाज
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

**पिछला** सप्ताह भारतीय शेयर मार्केट में गिरावट का रहा. निफ्टी 110 अंक लुढ़का. परंतु यह गिरावट कोई गिरावट की दिशा ही बन गई है, ऐसा नहीं है. हुआ यह कि बुधवार को भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के ले कर बातें आईं जिसने शेयर बाजार में एक घबराहट उत्पन्न कर दी. इससे लाभ ले लेने का एक क्रम प्रारंभ हुआ तथा मार्केट तीव्र गति से नीचे गिरे. चूंकि भाव पिछले कुछ समय में बहुत बढ़े थे तो हर भाव पर बिकवाली कर लाभ घर ले जाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति दिखी. निफ्टी में 302 अंकों की गिरावट आयी. अगले दिन गुरुवार को मार्केट नीचे खुला अवश्य,एक बार निफ्टी 21000 का स्तर तोड़ 20976 तक गिरा भी परंतु अंत में 105 अंक बढ़ 21255 पर बंद हुआ. यदि गुरुवार को भी निफ्टी में एक बड़ी गिरावट रहती तो फिर निवेशकों के लिए संकट हो जाता. ऐसा हुआ नहीं. फिर शुक्रवार को भी निफ्टी में 94 अंक की तेजी रही. निफ्टी की यह चाल दर्शाती है कि निवेशकों का आत्मविश्वास शक्तिशाली दृढ़ है. गिरावट का उपयोग खरीदारी के लिए हो रहा है. अब यदि कोरोना को लेकर कोई अधिक बुरा समाचार नहीं आता तो भारतीय शेयर मार्केट में अच्छी तेजी का वातावरण बना रह सकता है. यदि एक भिन्न दृष्टि से देखा जाए तो निफ्टी ने सप्ताह के निचले स्तर से अच्छी तेजी दिखाई है.

अमेरिका में उछाल पर बिकवाली हो रही है. यह अच्छा संकेत नहीं है, परंतु वहां यदि उछाल को आत्मसात कर लिया जाता है, तब शेयर मार्केट के लिए यह बहुत शक्तिशाली सकारात्मक संकेत होगा तथा मार्केट में तेज उछाल दिख सकती है. अभी के स्तरों पर निफ्टी की पीई 20 की मापी जा रही है. अतः मूल्यांकन के आधार पर ये कोई अधिक मूल्यांकन नहीं है. कोई अतिरिक्त, अपवाद का नकारात्मक कारण ही मार्केट में बड़ी बिकवाली ला सकता नहीं तो मार्केट शक्तिशाली स्थिरता में रहेंगे. न्यायोचित पीई के मूल्यांकन पर उपलब्ध शेयर ढूंढ उनमें निवेश अच्छा प्रतिफल दे सकता है. जिन कंपनियों में अच्छे विकास की संभावना दिख रही, उनमें भी निवेश करना चाहिए. राजनीतिक घटनाक्रम भारतीय शेयर मार्केट के लिए एक आशंका हो सकता था परंतु विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी सफलता ने बहुत सीमा तक मोदी के पुनः प्रधानमंत्री बनने को ले कर आश्वस्त सा ही कर दिया है, अन्यथा मार्केट में इतनी अधिक तेजी नही आती. जब राज्यों में इतना अधिक समर्थन मिला तो लोकसभा में तो मोदी प्रत्यक्ष मुख होंगे. आईएमएफ ने सरकार का ऋण जीडीपी से अधिक होने की आशंका जतायी है परंतु तथ्य यह है कि अभी ये लगभग जीडीपी का 82 प्रतिशत है. इसमें कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है, 2005 -06 के बराबर ही है. फिर अमेरिका व जापान जैसे विकसित राष्ट्रों में यह जीडीपी से बहुत अधिक है. ऋण वो चिंताजनक होता है जो चुकाया नहीं जाने की स्थिति में होता है. फिर मोदी सरकार आर्थिक मोर्चे पर बहुत सजग, समझदार सरकार है.

भारत में आर्थिक गतिविधियां लगातार अच्छी बनी हुई हैं. फिच ने भारत के तीव्र आर्थिक विकास के कारण भारतीय कंपनियों के व्यापार तथा लाभ में अच्छी वृद्धि की संभावना बताई है. यह शेयर मार्केट को अधिक सुदृढ़ करेगा, अच्छा विदेशी निवेश भी आकर्षित करेगा. विदेशी निवेशक बड़ी नकद धनराशि के साथ बैठे हुए हैं. इसका बड़ा भाग भारतीय शेयर मार्केट में आ सकता है. प्रमुख शेयर जो अपेक्षाकृत नहीं बढ़े थे. उनमें अच्छी तेजी देखी जा सकती है. इससे सूचकांकों में बढ़त बनी रह सकती है तथा ऐसा हुआ तो पूरे शेयर मार्केट के मनोभाव के तेजी के रहने की संभावना है. भारत में 17 दिसंबर तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़ 13.7 लाख करोड़ रुपए हो गया. कॉरपोरेट तथा व्यक्तिगत कर, दोनो में अच्छी वृद्धि हुई है. यह कंपनियों के लाभ में वृद्धि तथा व्यक्तिगत आय में भी वृद्धि दर्शाता है,शेयर मार्केट के लिए भी उत्साहजनक है. जीडीपी में कृषि की भागीदारी घटकर 15 प्रतिशत हो गई है. यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा समाचार है. विकसित राष्ट्रों में यह एक अंक में होती है. यह कमी इसका संकेत है कि भारत का ग्रामीण क्षेत्र, कृषि क्षेत्र प्रच्छन्न जीविकाहीनता की स्थिति से उबर रहा है, ग्रामीण भारत में जीविका स्वउद्यमिता के अवसर बढ़ रहें हैं. दीर्घ अवधि में यह परिवर्तन देश की अर्थव्यवस्था को अधिक शक्तिशाली बनाएगा, साथ ही भारतीय राजनीति तथा राजनीतिक दलों को एक विवशता से मुक्त करेगा, ढोंग से मुक्त करेगा. धन, आर्थिक संसाधन अपेक्षाकृत अधिक उत्पादक कार्यों में लगेगा.

पिछले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशक नकद संभाग में सप्ताह के पांचों व्यापारिक दिन बिकवाल रहे एवं 6430 करोड़ रूपए के शेयर बेचे. परंतु अधिक ध्यान देने योग्य यह है कि इस बड़ी बिकवाली के बाद भी निफ्टी में मात्र 110 अंकों की कमी आई. गुरुवार तथा शुक्रवार को उन्होंने 1636 करोड़ एवं 2828 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, फिर भी गुरुवार को निफ्टी में 105 अंकों की तथा शुक्रवार को 94 अंकों की बढ़त ही आई. लगता है भारतीय शेयर बाजार एफआईआई की बिकवाली को आत्मसात करने में समर्थ होने की राह पर हैं. यह क्रम, प्रवृत्ति, सामर्थ्य बना रहता है तो यह अत्यंत सुखद संकेत है. घरेलू भारतीय संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह एफआईआई को अच्छा प्रत्युत्तर देते हुए नकद संभाग ने 9091 करोड़ रुपए की खरीदारी की. गुरुवार को जब बड़ी गिरावट थी तब उन्होंने 4754 करोड़ रुपए की खरीदारी की.बड़ी गिरावट में वो आक्रामक खरीदार हैं तथा उसके लिए सक्षम भी हैं. तकनीकी आधार पर निफ्टी के 20900 के नीचे आने पर ही मंदी का क्रम आरंभ हो सकता है. निफ्टी 21400 के ऊपर आने पर मंडाडियों की तीव्र कटान आ सकती है. ब्रेंट क्रूड में डॉलर की दुर्बलता के कारण थोड़ी तेजी रही एवं 78.34 डॉलर प्रति बैरल रहा.यद्यपि ये तेजी नही टिकने की ही संभावना है.डॉलर इंडेक्स गिरकर 101.71 तथा यूएस बॉन्ड यील्ड 3.90 पर है. अभी के आर्थिक कारकों के आधार पर तो भारतीय शेयर मार्केट में तेजी की ही अधिक संभावना है.

### ब्रीफ खबरें

## टंडवा प्रखंड प्रमुख ने कंबल वितरित किया

**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कल्याणपुर, मंडेर और,बहेरा में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी ने गरीब, असहाय वृद्ध लोगों के बीच बढ़ती ठंड के प्रकोप से बचाव को लेकर कंबल का वितरण रविवार को किया. टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीब, असहाय वृद्ध लोगों को ठंड में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. इस दौरान बृजमोहन उरांव, बंदनी देवी,रूपु भगत,टाना भागत, विश्वनाथ उरांव, रुपनी टाना भगत आदि को कंबल दिया गया.

## दुर्गा वाहिनी समिति गठन को लेकर बैठक

**पिपरवार।** कोयलांचल स्थित बचरा रामजानकी मंदिर के प्रांगण में दुर्गावाहिनी समिति विस्तार को लेकर बैठक हुई . बैठक की अध्यक्षता नीलु कुमारी और संचालन ऋषि रिया ने की . इस बैठक में सर्वसम्मती से बचरा दुर्गावाहिनी समिति का गठन जल्द से जल्द कर क्षेत्र में संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया गया.जिसमें स्कूल कॉलेज से जुड़े छात्राओं को संगठन में भागीदारी देकर सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा सहित बताना पूर्वजों के बलिदान को स्मरण कराना है .

## मुरी में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** बंसारूली पंचायत भवन में रविवार को कृष्णा ऑप्टिकल्स सिल्ली के संचालक मारुति नंदन मिश्रा के नेतृत्व में सेंटर फॉर साइट के द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया.शिविर का उद्घाटन उप प्रमुख आरती देवी ने किया. शिविर में 100 लोगों की नेत्र जांच की गई.मौके पर सेंटर फॉर साइट अस्पताल से आए राजीव कुमार, संजीव कुमार तथा रुकसार प्रवीण के द्वारा नेत्र रोगियों को निशुल्क परामर्श तथा आंख को स्वस्थ रखने की जानकारियां भी दी गई.

## राहे में दर्जनों लोगों ने आजसू का दामन थामा

**राहे।** प्रखंड के अंबाझरिया पंचायत के सूअरमारा गांव में रविवार को आयोजित एक समारोह में गांव के दर्जनों लोगों ने आजसू की सदस्यता ग्रहण किये. आजसू अध्यक्ष विधायक सुदेश महतो ने सभी नये सदस्यों को पार्टी का माला पहनकर स्वागत किया. इस दौरान विधायक ने कहा कि नए लोगों को आने से पार्टी में मजबूती मिलेगी और संगठन विस्तार में सहयोग मिलेगा. मौके काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## शिव गुरु चर्चा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**तमाड़।** राधारानी मंदिर परिसर तमाड़ में रविवार को भक्तों ने शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया गया. पूरे कार्यक्रम के दौरान ''आइए भगवान शिव को अपना गुरु बनाएं'' विषय पर चर्चा हुआ. कार्यक्रम में दूर-दूर से आए शिव के शिष्य एवं शिष्याओं ने भाग लिया.कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था लोगों को शिव के गुरु स्वरूप से जोड़ना.कार्यक्रम के दौरान शिव के गुरु स्वरूप पर चर्चा की गयी. कार्यक्रम में दूर-दूर से आए शिव के शिष्य एवं शिष्याओं ने भाग लिया.

## खेलो सिल्ली अभियान का आज होगा शुभारंभ

**सिल्ली/मुरी।** खेलो सिल्ली अभियान का पिस्का पंचायत से 25 दिसंबर को शुभारंभ होगा. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो एवं बिरसा मुंडा आर्चरी अकादमी सिल्ली की अध्यक्ष नेहा महतो उपस्थिति रहेंगी . अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अजय सिंह, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज एंजेला सिंह,लान बाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिनेश कुमार,कबड्डी के खिलाड़ी हरीश कुमार, वॉलीबॉल के खिलाड़ी अमर पाल के साथ और भी कई खिलाड़ी मौके पर उपस्थित रहेंगे.

## शिविर में 200 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**ओरमांझी।** वेलकेयर हॉस्पिटल पिछले लगभग कई सालों से ओरमांझी के निवासियों को सस्ती और अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर लगाता रहा है. इसी कड़ी में वेलकेयर हॉस्पिटल ने रविवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन ब्लॉक चौक के समीप वेलकेयर हॉस्पिटल में लगाया. शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश चंद्रा ने रोगियों की जांच की.

### पटना और गया से आये भजन गायकों ने साईं भक्तों को देर रात तक खूब झुमाया

# साईं मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा लापुंग का साईं मंदिर

सुनील कुमार गुप्ता





**लापुंग।** ओम साईं नमो नमः श्री साईं नमो नमः जय जय साईं नमो नमः सदगुरु साईं नमो नमः जैसे मंत्रों के बीच लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साईं मंदिर में साईं महोत्सव का आयोजन किया गया. शिरडी साईं विकास केन्द्र सरसा एवं कान्हा टेंट हाउस एवं कैटरिंग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पटना, गया और रांची के प्रसिद्ध भजन गायक दलजीत सिंह, खुश्बू कुमारी, आनंद जी हलचल सहित अन्य लोककलाकारों ने "जब जब खिड़की खोलूं साईं तेरा दर्शन हो जाय"... और साईं नाथ तेरै हजारों हाथ.... जैसे भजनों से उपस्थित साईं भक्तो को खूब झुमाया. कार्यक्रम का शुभारंभ काकड़ आरती के साथ किया गया. साईं मंदिर के मुख्य पुजारी विभीषण पांडेय, पंचाक्षरी स्वामी और जगेश्वर भगत ने हजारों श्रद्धालुओं को साईं बाबा का दर्शन कराया. उन्होंने साईं भक्तों को विधिवत पूजा अर्चना करायी और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया. ढोल ढाक नगाड़ों एवं शंख की प्रतिध्वनि के बीच साईं बाबा की विशेष आरती का आयोजन किया गया. कान्हा कैटरिंग एवं टेंट की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया. साईं बाबा को निवेदित खिचड़ी सहित खीर पूडी.सब्जी सहित अन्य प्रकार के भोग प्रसाद का वितरण किया गया. इस मौके पर साईं बाबा के मंदिर को फूलों एवं बैलून से सजाया गया. नेकी के द्वार कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को कॉपी किताब का वितरण किया गया वहीं सैकड़ों ग्रामीणों के बीच नए पुराने गर्म कपड़े एवं बूढ़े बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया.

**खास बातें**

- नेकी का द्वार कार्यक्रम में नए पुराने कपड़ों का वितरण हुआ
- नेत्र चिकित्सा जांच शिविर सहित कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन
- भंडारा के दौरान खिचड़ी के महाप्रसाद का वितरण किया गया

### प्रभु यीशु के आगमन के साथ ही चरनी के पास बालक यीशु को चूमा गया

# बेड़ो और लापुंग में देर रात मना प्रभु यीशु का जन्मोत्सव

संवाददाता। लापुंग/बेड़ो



प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर क्रिसमस के आयोजन को लेकर लापुंग और बेड़ो प्रखंड क्षेत्र के गिरजाघरों में देर रात प्रभु यीशु के आगमन के साथ बालक यीशु को पारंपरिक रुप से चुमा गया . प्रभु यीशु के आगमन पर लापुंग प्रखंड के महुगांव, कुरकुरिया सारंगलोया मनहा टोंगरी में रोमन कैथोलिक चर्च में प्रभु यीशु के आगमन पर खुशियां मनाई गई. लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी. पल्ली पुरोहित राजेश होरो, मतियस कंडुलना एवं फादर ब्रिसियुस बरला ने लोगों को प्रभु यीशु के आगमन की शुभ समाचार सुनाया. इस दौरान चरनी का आशीष, प्रार्थना अनुष्ठान, मिस्सा पूजा, यीशु चुंबन, यीशु संदेश का सुनाया गया. इसके बाद लोगों ने चर्च के अंदर खूबसूरत तरीके से सजाए गए चरनी में जन्म लेने वाले बालक यीशु का लोगों ने स्वागत किया. वहीं दूसरी ओर बेड़ो प्रखंड के दिघिया चर्च परिसर में रविवार की रात 10 बजे से मिस्सा पूजा अनुष्ठान, चरनी की आशीष के बाद व मिस्सा अनुष्ठान व प्रार्थना की गई. प्रखंड के रोमन कैथोलिक चर्च दिघिया व खत्रीखटंगा गिरजाघर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था. आकर्षक चरनी बना कर बिजली बल्ब,रंग बिरंगे लट्टूओं व रंगीन झालर से पूरे चर्च को सजाया गया, जहां दिघिया पल्ली में चरनी में प्रभु यीशु का दर्शन कर चुम्बन लिया गया. इसके पूर्व चर्च के पल्ली पुरोहित सह मुख्य अनुष्ठान कर्ता फादर विंनसेंट मिंज की अगुवाई में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव पर चरनी का आशीष, प्रार्थना अनुष्ठान, मिस्सा पूजा, यीशु चुंबन, यीशु संदेश का आयोजन किया गया. वही सभी अनुष्ठान में फादर अजय मिंज, राबर्ट मिंज, माता प्रबला केरेकेट्टा, सिस्टर नीलिमा का सहयोग किया. जबकि प्रवचन फादर परम् दयाल खेस के द्वारा किया गया. चर्च में एलएसटी संस्था की सिस्टर दिव्या एवं अंजू, लिवन्स एकेडमी के स्टाफ की अगुवाई वेदी का श्रृंगार किया गया. . काथलिक सभा अध्यक्ष देवनिश तिग्गा, पत्रिक खेस, निकोलश प्रकाश मिंज, प्रकाश भूषण तिर्की, रवि फ्रांसिस मिंज, दिलीप कुजूर ने ब्रदर जोनिस गाड़ी,एव अमन तिर्की एवं कैथोलिक संघ, युवा संघ व महिला संघ की अगुवाई में चरनी व परिसर का आकर्षक की सजावट किया.

**पिपरवार क्षेत्र में क्रिसमस को लेकर उत्साह चरम पर**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में क्रिसमस को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर हैं . क्रिसमस मनाने को लेकर क्षेत्र के गिरजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है . रात में क्षेत्र के गिरजाघरों मसीही समुदाय के लोगों ने केरोल गाया, प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई . जिसे लेकर सारी तैयारी दिन में ही पूरी कर ली गई थी . कोयलांचल क्षेत्र के कैथोलिक चर्च मंडेर में क्रिसमस को लेकर पूरे चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया है .रात्रि में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में फादर सुनील बारा,सिस्टर विक्टोरिया मिंज, रौशन रामु मिंज, अलेकजेंडर तिरगा सहित कई लोग शामिल हुए .

# अयोध्या से अक्षत कलश पहुंचा लापुंग, हर घर तक पहुंचेगी



संवाददाता। लापुंग

लापुंग प्रखंड के फ़तेहपुर हनुमान मंदिर प्रांगण में राममन्दिर प्राण प्रतिष्ठा का पूजित अक्षत कलश पहुंचा, लोगों ने किया भव्य स्वागत. बाल संस्कार केंद्र के बच्चे भिक्षाटन के भंडारा मन्दिर परिसर का आयोजन किया गया. . इस मौके पर फतेहपुर बजरंगबली मंदिर के समीप विहिप कार्यकारी अध्यक्ष राम प्रसाद साहु, मंत्री समीर गुप्ता, महेश कुमार, सहायक अध्यापक सुजीत कुमार रक्षित समेत कई विहिप सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया. इस दौरान पुजारी अजीत शर्मा के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अक्षत व कलश का पूजन किया गया. इसमें दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने भी पूजित अक्षत ग्रहण किया.

## आदिवासी मूलवासी एकता मंच ने टोल गेट पर किया प्रदर्शन



**अनगड़ा।** आदिवासी मूलवासी एकता मंच के बैनर तले रविवार को विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने हेसल टोल गेट के समीप धरना प्रदर्शन किया. ग्रामीणों का नेतृत्व आदिवासी मूलवासी एकता मंच के अध्यक्ष रामपदो महतो व सचिव मुन्ना मुंडा कर रहे थे. सुबह से ही टोल गेट पर ग्रामीणों का जुटान शुरू हो गया था. करीब पांच घंटे तक ग्रामीणों ने टोल पर ही डेरा डाले रखा. इस दौरान रोड की दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गयी. बाद में प्रशासन के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए और धरना स्थल को खाली कर दिया. मौके पर कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल अहोदार, सखिश्चंद्र महतो, मुखिया कविता देवी, राजेश महतो, मिनहाज अंसारी, तिवारी भोगता, बाबूराम महतो, गबेश्वर महतो, सुप्रेस महतो सहित अन्य उपस्थित थे.

# विधायक अंबा प्रसाद ने दो पथों का किया शिलान्यास



संवाददाता। पिपरवार

कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुण्डु पंचायत के दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने किया.विधायक अंबा प्रसाद के अनुशंसा के बाद करीब छह करोड़ की लागत से उक्त दोनों पथों के निर्माण को लेकर स्वीकृति प्रदान हुई है.कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद के पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बाजे के बीच फूल माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया.विधायक ने सड़क का निर्माण कार्य कर रहे विभागीय अधिकारियों एवं संवेदक को बेहतर सड़क निर्माण करने तथा गुणवत्ता में विशेष ध्यान रखने की बात कही.इस मौके रविंद्र गुप्ता, सुरेश साव, राजेंद्र गुप्ता, मुखिया तुलसी तुरी, पंसस रंजीत तुरी, सहित कई लोग मौजूद थे.

## खिजरी विधायक ने छह लोगों को सौंपा चेक

**नामकुम।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत 06 लोगों को 3 लाख रुपये स्वास्थ्य लाभ के लिए दिया गया.अपना आवास परिसर में श्री कच्छप ने चेक का वितरण किया साथ ही साथ उन्होंने बताया जनता के तकलीफ़ों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता.जिसमें करमा उरांव पिता स्व गोपाल उरांव, ग्राम डहुवा को 50 हजार, नमिता देवी को 50 हजार, कमाल राजा 50 हजार, सहजराम महतो को 50 हजार, पकलू चौधरी को 50 हजार एवं रौशन जहां को 50 हजार रुपये का चेक सौंपा गया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनगड़ा राजेन्द्र मुंडा, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उरांव, पूर्व मुखिया अनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि धरमु नायक, संजय प्रसाद, एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

# जरूरतमंदों और गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण



संवाददाता। ओरमांझी

ठंड में हाड़ तोड़ कनकनी के मद्देनजर समाधान संस्था व माउंट कार्मल स्कूल के सहयोग से रविवार को गणेशपुर गांव में 200 जरूरतमंदों और गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया.मौके पर बतौर मुख्य अतिथि माउंट कार्मेल के फादर मैथ्यू और अतिथि के रूप में फादर दीपक व सिस्टर ब्रिजीत उपस्थित थीं.आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के विषय में उपलब्धियां का वर्णन किया साथ ही गणेशपुर गांव को भी विकसित गांव के रूप में विकास करने का संकल्प दोहराया.इस अवसर पर जयडीहा पंचायत की मुखिया सावित्री देवी,पूर्व मुखिया विनोद बेदीया,विष्णु बेदीया,राम लखन बेदिया, परमेश्वर बेदिया, शिक्षक फिरोज आलम, सुनील कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे.

### प्रतियोगिता कवाली एफसी को हराकर मेकॉन सेमीफाइनल में पहुंचा

# आत्मघाती गोल से कवाली की टीम हारी

संवाददाता। सिकिदिरी



स्वर्णरेखा फुटबाल क्लब के तत्वावधान में आयोजित10 वें सदभावना चैंपियन ट्राफी फुटबाल टूर्नामेंट के तहत रविवार को स्वर्णरेखा जल विद्युत परियोजना सिकिदिरी के फुटबाल मैदान में खेल गए तीसरे क्वार्टर फाइनल के रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में मेकान स्पोर्ट्स रांची ने नाइन बुलेट एफसी कवाली की टीम को1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गया.मेकान की टीम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम बनी.मध्यांतर तक दोनों ही टीमें गोलरहित बराबरी पर रहीं.खेल के दूसरे हाफ में कवाली की टीम आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर मेकान पर पूरी तरह हावी रही.इस दौरान कवाली के खिलाड़ियों ने गोल करने के कई अवसर गंवाए.खेल के अंतिम समय के 81 वें मिनट में कवाली के रौशन तिर्की के आत्मघाती गोल की बदौलत मेकान ने कवाली को 1-0 से हरायामेकान के खिलाड़ी उपेंद्र हजाम को मैच के मुख्य अतिथि आशा मेटालिक प्रा.लि.के निदेशक नीरज साहू व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चमरू बेदिया ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया. इस से पूर्व मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया.मंच में अतिथि के रूप में पंकज साहू, पूर्व सैनिक संजय मुंडा, अजय भोगता, जयनंदन सिंह व संजय नायक उपस्थित थे. संचालन आयोजन समिति के प्रवक्ता शिवधर रजवार ने किया.आयोजन की सफलता में आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, संरक्षक फारुक खान,अध्यक्ष राजेश पाहन,सचिव प्रकाश कुमार यादव,बलराम कुमार साहू सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा.आयोजन समिति के सचिव प्रकाश कुमार यादव ने बताया कि क्वार्टर फाइनल का चौथा मैच बुधवार को सावना लकड़ा एफसी नामकुम और एफसी सतियारी के बीच दो बजे से खेला जाएगा.

## हजाम प्रीमियर लीग हर्षोल्लास से संपन्न

**रांची।** सिल्ली प्रखंड के बंता हजाम के दक्षिणी पंचायत के ग्राम हजाम में हजाम प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन 23 व 24 को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई. क्रिकेट लीग में कुल 7 मैच हुए. 8 टीमों के साथ 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया. हर मैच के दौरान खिलाड़ियों का जोश व उत्साह देखते ही बन रहा था. लीग के आयोजक समितियों ने अतिथियों का स्वागत किया. कहा कि निःसंदेह खेलकूद पाठ्यक्रम का एक अहम हिस्सा है. खेलकूद में भाग लेने से खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है. टीम आजाद हिंद क्लब झाबरी ने टीम महतो वारियर्स नीचे टोला हजाम को 4 विकेट से फाइनल मैच में हराकर हजाम क्रिकेट लीग का कप अपने नाम किया. विजेता टीम को कप व उपविजेता टीम को मोमेंटो से सम्मानित किया गया.

### न्यूज अपडेट

## सूर्यदेव सिंह की 84 वीं जयंती मनाने का निर्णय



**डकरा।** जनता मजदूर संघ के संस्थापक सह पूर्व विधायक सूर्यदेव सिंह की 84 वीं जयंती मनाने का लेकर यूनियननके क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से यूनियन सदस्यों ने आगामी 27 दिसम्बर को सूर्यदेव सिंह की 84 वीं जयंती एंव संघ के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम का 38 वीं जन्मोत्सव क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में मनाने का निर्णय लिया गया. साथ हीं आगामी 3 जनवरी से 5 जनवरी को आहूत एचएमएस की 34 वां त्रिवार्षिक सम्मेलन नागपुर, महराष्ट्र में क्षेत्र की भागीदारी के तैयारियों की समीक्षा की गयी.

## बुढ़मू में प्रखंड अंजुमन कमेटी का सम्मान समारोह



**बुढ़मू।** चकमें मदरसा परिसर में रविवार को प्रखंड अंजुमन कमेटी एंड वेलफेयर ट्रस्ट बुढ़मू के तत्वाधान में बैठक सह सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. जिसकी सदारत शमीम बड़ेहार तथा संचालन तसलीम अंसारी ने किया.बैठक में मतवे गांव के आपसी झगड़े का निपटारा किया गया. तत्पश्चात मांडर प्रखंड अंजुमन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिसमें सदर मौलाना नुरुल्लाह हबीब नदवी ,सेक्रेटरी अफरोज हुसैन,मौलाना इनामुल्लाह नदवी, खजांची अमानत अंसारी, नायाब सेक्रेटरी अमानुल्लाह अंसारी, मौलाना तजमुल नदवी, नेशार अख़्तर, तनवीर आलम, इनामुल हक,असलम अंसारी आदि को सम्मानित किया गया.

## तमाड़ रौनियार वैश्य समिति का हुआ चयन



**तमाड़।** रौनियार वैश्य समाज की बैठक रविवार को गुप्ता मैरेज हॉल में सम्पन्न हुई. बैठक में तमाड़ रौनियार वैश्य समिति का चयन किया गया.जिसमें अध्यक्ष मनोज कुमार,उपाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, सचिव संतोष कुमार गुप्ता, कार्यकारिणी अध्यक्ष रवींद्र कुमार गुप्ता, महासचिव सुरेश लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष मनीष देव आदि का मनोनयन किया गया. बैठक में समाज के विकास के लिए लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए. मौके पर विष्णु कश्यप, रमेश चंद्र साहू, कुलदीप सेन गुप्ता और अमित गुप्ता ने अपने वक्तव्य रखे.

### पेज एक का शेष...

## ईसाई कभी आदिवासी नहीं...

सेवानिवृत जज प्रकाश सिंह उईके ने कहा कि आंबेडकर ने संविधान के अनुच्छेद-341 में अनुसूचित जाति के लिए व्यवस्था की है कि जो अनुसूचित जाति के लोग मुस्लिम या ईसाई धर्म ग्रहण करें, उन्हें अनुसूचित जाति का लाभ नहीं मिलेगा. जब मुस्लिम या ईसाई बनने पर अनुसूचित जाति की पहचान मिट जा रही है,तो आदिवासी की पहचान भी ईसाई या मुस्लिम धर्म में जाने पर मिट जाती है.

**डीलिस्टिंग देश के 12 करोड़ आदिवासियों की कराहती हुई आवाज हे : खेरवार:** जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय केंद्रीय टोली सदस्य सत्येंद्र सिंह खेरवार ने कहा कि डीलिस्टिंग डॉ कार्तिक उरांव के व्यथित मन की वेदना और देशभर के 12 करोड़ पंरपरागत जीवन व्यतीत करने वाले जनजातियों का कराहती हुई आवाज है. धर्मांतरित ईसाई पचहत्तर वर्षों से जबरन अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ लगातार लेते आ रहें हैं. जबकि ईसाइयों को एसटी आरक्षण में कोई अधिकार नहीं है. ईसाई तो अल्पसंख्यक है. धर्मांतरित ईसाई जनजाति आरक्षण की सूची में कभी नहीं रहा है. जनगणना 1921, 1931, भारत सरकार अधिनियम 1935 में इन्हें भारतीय ईसाई कहा गया है और ये भारतीय ईसाइयों ने ईसाई के नाम पर 1952 तक लाभ उठाया है. डॉ कार्तिक उरांव ने पूरा अध्ययन कर पाया कि भारत सरकार के किसी भी अधिनियम में या देशभर के राज्य सरकारों के किसी भी अधिनियम में धर्मांतरित ईसाइयों को अनुसूचित जनजाति नहीं माना गया है.

**कार्यक्रम में इन्होंने भी रखी अपनी बात:** कार्यक्रम में झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा रांची के अध्यक्ष मेघा उरांव,जगलाल पाहन, संदीप उरांव, ललिता मुर्मू, जगरनाथ भगत, सन्नी उरांव, आरती कुजूर, रोशनी खलखो, देवव्रत पाहन, मनोज लियांगी, हिन्दुवा उरांव, अंजली लकड़ा, राजू उरांव आदि ने संबोधित किया.

**भाजपा नेताओं को नहीं मिली मंच पर जगह, प्रेस-मीडिया की कुर्सी पर बैठ गए:** कार्यक्रम में भाजपा नेताओं को मंच पर जगह नहीं दी गयी. कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद समीर उरांव, सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व मंत्री विमला प्रधान, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, जितेंद्र वर्मा सहित कई नेता पहुंचे. ये सारे लोग मंच के नीचे बने प्रेस-मीडिया की कुर्सियों पर बैठक गए.

**केंद्र सरकार से मांग:** कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार से वैसे आदिवासी जिन्होंने ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिया है. उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाए. उन्हें अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिले और वंचित किया जाए. इसको लेकर केंद्र सरकार जल्द से जल्द कानून लाए.

**तो आदिवासी इतिहास...**

अगर दो प्रतिशत धर्मांतरित आदिवासी को लाभ से वंचित भी कर दिया, तो क्या होगा. कम से कम 6 प्रतिशत प्रकृति पूजक आदिवासियों को इसका लाभ तो मिलेगा. मगर इसी तरह से ईसाई लोग हमारा हक छीनते रहे, तो एक दिन आदिवासी इतिहास बन जाएंगे. हमलोग केवल रांची नहीं बल्कि पूरे देश में शांतिपूवर्क आंदोलन और मांग कर रहे हैं. मगर यहां पर कई गाड़ियों को रोका गया. लोगों को सभा तक पहुंचने से रोका गया. आखिरकार यहां की सरकार को डर किससे है. अब समय हो गया है कि इस मांग को लेकर दिल्ली कूच करना होगा. क्योकि कानून तो संसद में ही बनेगा.

**इनको आरक्षण लाभ से...**

उसे अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं समझा जाएगा और उसे अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं मिलेगा. देश की 700 से अधिक जनजातियों के विकास एवं उन्नति के लिए संविधान निर्माताओं ने आरक्षण एवं अन्य सुविधाओं का प्रावधान किया था. लेकिन इन सुविधाओं का लाभ अधिकतर वे लोग उठा रहे हैं, जो अपनी रूढ़ि प्रथा छोड़कर ईसाई या मुस्लिम बन गए हैं.

## अब कुश्ती महासंघ चलाएगी...

इस बीच, साक्षी के संन्यास लेने पर साक्षी की मां ने कहा, अगर नई कार्यकारिणी में अच्छे लोग आएंगे और महिला अध्यक्ष बनेगी, तो साक्षी की कुश्ती के मैट पर वापसी हो सकती है. वहीं, फेयर चुनाव होने की बात की जा रही थी. इसको लेकर भी स्टेट की सभी कुश्ती संघ की बॉडी को भंग किया जाना चाहिए. अगर, वह भंग नहीं होगी, तो उसके जो स्टेट बॉडी में आदमी हैं, वो फिर बृज भूषण के पक्ष में वोट करेंगे. कुश्ती संघ के कोई अध्यक्ष महिला बने और जो महिला पहलवानों के बीच से हो व उनके समस्या के बारे में जान सके और उनकी आवाज को सुन सके.

**सरकार ने बहुत सही निर्णय लिया: बजरंग:** पहलवानों के प्रोटेस्ट का नेतृत्व कर रहे बजरंग पूनिया ने कहा, यह निर्णय बिल्कुल सही लिया गया है. हमारी बहन-बेटियों के साथ गलत व्यवहार करने वालों का रेसलिंग फेडरेशन से सफाया होना चाहिए. अपना पद्मश्री वापस लेने के सवाल पर बजरंग पूनिया ने कहा, ''हम पर जातिवाद, क्षेत्रवाद के तमाम आरोप लगे. मैं बता दूं कि जब हम मेडल जीतते हैं तब हम देश के होते हैं. हम खिलाड़ी कभी जात-पात नहीं देखते. हम एक अखाड़े में रहते हैं, एक थाली में रोटी खाते हैं. कोई स्पोर्ट्स बॉडी खिलाड़ियों की मदद करने के लिए बनाई जाती है, न की उन्हें दबाने के लिए. अच्छे लोगों को फेडरेशन में ले आइए, हम स्वागत करेंगे.



भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी

# ऑस्ट्रेलिया को पहली बार टेस्ट में भारतीय बेटियों ने दी करारी मात

भाषा । मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ जब मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी. मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया. भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई. भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया. सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं. जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं. भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के

### रचा इतिहास

- ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई
- भारत ने दो विकेट पर 75 रन बनाकर जीत लिया

दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही. भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था. यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है. भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है. टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं. पिछले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ जीत के दौरान जहां जेमिमा, शुभा सतीश और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे नए टेस्ट सितारे उभरे तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की रिचा घोष ने पदार्पण करते हुए 52 रन की पारी खेली. चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा. स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया. ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपनी 46 रन की बढ़त को मजबूत करने पर टिकी थी लेकिन पहले सत्र में 45 मिनट के भीतर ही उसने अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए.

## पूजा ने ऐशलेग को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई

पूजा वस्त्राकर (40 रन पर एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई. स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा. राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया. पहली पारी में 219 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 261 रन बनाए. पहली पारी में 406 रन बनाने वाले भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला. शेफाली वर्मा (04) ने पारी की पहली गेंद पर चौका मारा लेकिन गार्थ के इसी ओवर में विकेटकीपर एलिसा हीली को कैच दे बैठीं. बेन मूनी ने गार्डनर की गेंद पर रिचा घोष (13) का आसान कैच टपकाया जबकि उन्होंने खाता भी नहीं खोला था. स्मृति और रिचा ने दूसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़कर भारत की राह आसान की. रिचा के आउट होने के बाद स्मृति ने जेमिमा के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया.

## ब्रीफ खबरें

### बॉक्सिंग चैंपियनशिप के क्वाफा में जैसमीन

**नोएडा ।** राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैसमीन (60 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अरूंधती चौधरी (66 किग्रा) ने रविवार को यहां 5-0 के समान स्कोर से जीत हासिल कर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया. जैसमीन ने राउंड 16 मुकाबले में मणिपुर की थोंगाम कुंजारानी देवी पर 5-0 की जीत से अंतिम आठ में जगह बनायी जिसमें उनकी भिड़ंत महाराष्ट्र की पूनम कैथवास से होगी. अरूधंती का सामना क्वार्टरफाइनल में पंजाब की कमलप्रीत कौर से होगा.

### एटलेटिको ने स्पेनिश लीग में सेविला को हराया

**बार्सीलोना ।** एटलेटिको मैड्रिड ने शनिवार को यहां दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए सेविला को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में 1-0 से हराया और शीतकालीन ब्रेक से पहले जीत दर्ज की. यह मुकाबला स्पेन की राजधानी में शुरुआत में सितंबर में होना था लेकिन खराब मौसम की भविष्यवाणी के कारण इसे स्थगित किया गया. केगलार को लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद अंतिम 20 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद एटलेटिको ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की. एटलेटिको की टीम 18 मैच में 38 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है.

### ईपीएल में महिला रैफरी बनी रेबेका

**लंदन ।** रेबेका वेल्च शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में रैफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला बनीं. रेबेका फुलहम के खिलाफ बर्नले की 2-0 की जीत के दौरान रैफरी की भूमिका निभा रहीं थी. बर्नले के मैनेजर विन्सेंट कोंपानी ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया. कोंपानी ने मैच के बाद कहा कि मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं क्योंकि यह बड़ा लम्हा है. यह कहना सही होगा कि यह मील का पत्थर है. शायद ऐसे और लम्हें आएं. अच्छा तब होता है जब क्षमता के आधार पर परखा जाता है.

## नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया इसलिए कार्रवाई हुई

# डब्ल्यूएफआई को किया निलंबित

भाषा । नयी दिल्ली

खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' की थी. मंत्रालय ने साथ ही कहा कि नई संस्था 'पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण' में काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं है. डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी. खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नए निकाय ने डब्ल्यूएफआई संविधान का पालन नहीं किया. महासंघ अगले आदेश तक निलंबित रहेगा. डब्ल्यूएफआई कुश्ती के दैनिक कामकाज को नहीं देखेगा. उन्हें उचित प्रक्रिया और नियमों का पालन करने की जरूरत है. विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया ने पूर्व अध्यक्ष के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के विरोध में शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार सरकार को लौटा दिया था. इससे एक दिन

### मंत्रालय सख्त

- महासंघ कुश्ती के दैनिक कामकाज को नहीं देखेगा
- नए निकाय ने महासंघ संविधान का पालन नहीं किया

पहले साक्षी ने भी कुश्ती को अलविदा कह दिया था. सूत्र ने निलंबन के कारणों के बारे में बताते हुए कहा कि डब्ल्यूएफआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह ने 21 दिसंबर 2023 को अध्यक्ष चुने जाने के दिन ही घोषणा की कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप साल खत्म होने से पहले ही उत्तर प्रदेश के गोंडा के नंदिनी नगर में होगी. उन्होंने कहा कि यह घोषणा जल्दबाजी में की गई है. उन पहलवानों को पर्याप्त सूचना दिए बिना जिन्हें उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना है. डब्ल्यूएफआई के संविधान के प्रावधानों का पालन भी नहीं किया गया. कहा कि डब्ल्यूएफआई के संविधान की प्रस्तावना के नियम 3 (ई) के अनुसार, डब्ल्यूएफआई का उद्देश्य अन्य बातों के अलावा कार्यकारी समिति द्वारा चयनित स्थानों पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियमों के अनुसार सीनियर, जूनियर और सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की व्यवस्था करना है.

### बजरंग पूनिया ने पुरस्कार सरकार लौटा दिया था



### सभी कदम निषपक्ष व पारदर्शी शासन के स्थापित मानदंडों के विपरीत हैं

सूत्र ने कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के नवनिर्वाचित कार्यकारी निकाय द्वारा लिए गए फैसले स्थापित कानूनी और प्रक्रियात्मक मानदंडों की घोर उपेक्षा को दर्शाते हैं जो डब्ल्यूएफआई के संवैधानिक प्रावधानों और राष्ट्रीय खेल विकास संहिता दोनों का उल्लंघन है. सूत्र ने कहा कि नई संस्था के ये सभी कदम निष्पक्ष और पारदर्शी शासन के स्थापित मानदंडों के विपरीत हैं. सूत्र ने कहा कि इन कदमों में अध्यक्ष की ओर से पूर्ण मनमानी की बू आती है जो सुशासन के स्थापित सिद्धांतों के खिलाफ है और पारदर्शिता तथा उचित प्रक्रिया से रहित है.

### समिति की बैठक के लिए नोटिस अवधि के लिए 15 दिन होता है

डब्ल्यूएफआई संविधान के नियम 11 के अनुसार 'बैठक के लिए नोटिस और कोरम' शीर्षक के तहत, कार्यकारी समिति की बैठक के लिए न्यूनतम नोटिस अवधि के लिए 15 दिन का समय होता है और कोरम एक-तिहाई प्रतिनिधियों का होता है. कहा कि यहां तक कि कार्यकारी समिति की आपातकालीन बैठक के लिए भी न्यूनतम नोटिस अवधि सात दिन और एक तिहाई प्रतिनिधियों के कोरम की आवश्यकता स्पष्ट है. कहा कि नियम 10 (डी) के अनुसार महासंघ के सामान्य कामकाज को देखना, बैठकों का विवरण तैयार करना, आम सभा और कार्यकारी समिति की बैठक बुलाना डब्ल्यूएफआई के महासिचव का काम है.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- सुदीरमन कप का संबंध में किस खेल से है – बैडमिंटन
- गोल्फ खिलाड़ी विजय सिंह का संबंध किस देश से है – फिजी
- ओलिंपिक चिह्न का क्या अर्थ है – निरंतरता
- भारत की सबसे पुरानी हॉकी टूर्नामेंट – बेटन कप
- जापान के राष्ट्रीय खेल है – जूडो
- आइस हॉकी किस देश का राष्ट्रीय खेल है – कनाडा
- साइकिलिंग का खेल परिसर को कहा जाता है – वेलोड्रम
- स्पर्श रेखा किस खेल से संबंधित है – कबड्डी
- किस खेल का परिसर डायमंड कहलाता है – बेसबॉल
- सोमा विश्वास का संबंध किस खेल से है – एथलेटिक्स

## मंत्रालय का बहुत बढ़िया फैसला: महावीर फोगाट

भाषा । नयी दिल्ली



पिछले 11 महीनों से विवादों से घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किये जाने के बाद द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता महावीर फोगाट ने कहा कि यह बहुत बढ़िया फैसला है. महिला पहलवान गीता और बबीता के पिता फोगाट ने कहा कि खेल मंत्रालय का यह फैसला बहुत बढ़िया है. इससे खिलाडियों का हौसला बढ़ेगा. चुनाव से पहले ही दिख रहा था कि ये होगा और हुआ भी वही, लेकिन अब सरकार ने जो फैसला लिया है, वो बिल्कुल ठीक है. उनका यह भी कहना है कि सभी कुश्ती राज्य संघों को भी भंग कर देना चाहिए और नये सिरे से संघ बनाकर फिर से चुनाव कराये जाने चाहिए. फोगाट ने कहा कि मंत्रालय को सभी राज्य की संस्थाओं को भी भंग कर देना चाहिए और नए सिरे से संघ बनाकर फिर से चुनाव कराए जायें क्योंकि हरियाणा-पंजाब में इनके आदमियों के वोट हैं.

## खेल में सुधार करने में मदद मिली: मिचेल स्टार्क

भाषा । सिडनी



ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए अतीत में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लुभावनी पेशकश ठुकराईं जिससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने में मदद मिली. पिछले हफ्ते हुई नीलामी में दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा और यह 2015 के बाद पहली बार है जब वह आईपीएल का हिस्सा बनेंगे. स्टार्क ने कहा कि आईपीएल के दौरान ब्रेक से उन्हें तरोताजा होने और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए फिट रहने में मदद मिली. एएपी ने स्टार्क के हवाले से कहा कि एक तरह के क्रिकेट कार्यक्रम को व्यवस्थित करना ही काफी कठिन है, एक साथ दो की बात तो छोड़ ही दो. इसलिए मैंने हमेशा क्रिकेट से दूर एलिसा के साथ समय बिताया है या परिवार के साथ समय बिताया है. ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए तैयार और फिट रहने के लिए अपने शरीर को तरोताजा रखा.

### आर्सेनल और लीवरपूल का ईपीएल मैच हुआ ड्रॉ

**लंदन ।** आर्सेनल ने एनफील्ड में लीवरपूल से 1-1 से ड्रॉ खेलकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार दूसरे साल क्रिसमस पर बढ़त बनाई. मैनेजर माइकल आर्टेटा को उम्मीद है कि इस बार उनकी टीम पिछले सत्र की तरह गलती नहीं करेगी और अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब जीतेगी. पिछले सत्र में भी आर्सेनल की टीम 248 दिन तक शीर्ष पर थी लेकिन अप्रैल में लीवरपूल से 2-2 से ड्रॉ खेलने के बाद टीम लगातार खराब प्रदर्शन करते हुए खिताब की दौड़ से बाहर हो गई. आर्सेनल के 18 मैच में 40 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर मौजूद लीवरपूल से एक अंक आगे है.

# टॉम कुरेन ने प्रतिबंध के खिलाफ गंवायी अपील

## सीए ने आचार संहिता के तहत तीसरे लेवल के उल्लघंन के लिए प्रतिबंध लगाया था

भाषा । सिडनी

इंग्लैंड के आल राउंडर टॉम कुरेन की हाल में बिग बैश लीग (बीबीएल) मैच के दौरान अंपायर के साथ गलत व्यवहार करने के लिए लगे चार मैचों के प्रतिबंध को बदलने की अपील खारिज कर दी गयी. क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कुरेन पर आचार संहिता के 2.17 अनुच्छेद के अंतर्गत तीसरे लेवल के उल्लघंन के लिए यह प्रतिबंध लगाया था.

इस खिलाड़ी ने 11 दिसंबर को होबार्ट हरिकेन्स के खिलाफ मैच से पहले सिडनी सिक्सर्स टीम के



अभ्यास के दौरान अंपायर से बदतमीजी की थी. इस घटना के वीडियो फुटेज में भी दिखा कि कुरेन ने विकेट से दूर रहने के अंपायर के निर्देश का पालन करने से इनकार कर दिया था. इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूप में खेल चुके कुरेन सिडनी सिक्सर्स के साथ चौथे सत्र में खेल रहे हैं.

वह अंपायर के निर्देश के बावजूद दूसरे छोर पर रन-अप के लिए चले गये और जहां वह अंपायर से टकराने से बाल बाल बचे. कुरेन को पिच पर जाने से रोकने के लिए अंपायर गेंदबाजी क्रीज पर मौजूद था. इसके बाद अंपायर और कुरेन के बीच बहस हो गयी. क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने रविवार को एक बयान में पुष्टि की कि सिडनी सिक्सर्स की कुरेन पर लगे चार मैच के प्रतिबंध के खिलाफ अपील ठुकरा दी गयी है जिससे उन पर प्रतिबंध जारी रहेगा. बिग बैश लीग के क्रिकेट आस्ट्रेलिया के महाप्रबंधक एलिस्टेयर डॉबसन ने कहा कि अंपायर क्रिकेट का अहम हिस्सा हैं और यह आवश्यक है कि खिलाड़ियों द्वारा खेल के सभी स्तर पर उनका सम्मान किया जाये. उन्होंने कहा कि हम अपील के जरिये टॉम के पश्चाताप को स्वीकार करते हैं और उन्हें सिक्सर्स टीम के साथ खेलते हुए देखना चाहते हैं. वह बीबीएल में लंबे समय से खेल रहे हैं और प्रशंसक उन्हें काफी पसंद करते हैं,

**फरमान** — पीसीबी को किसी करार पर हस्ताक्षर करने से पहले लेनी होगी सरकार से अनुमति

# पीसीबी को पीएसएल का मीडिया अधिकार बेचने से रोका

भाषा । कराची

पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अंतरराष्ट्रीय मैचों और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के मीडिया अधिकार बेचने से रोक दिया है. क्रिकेट प्रबंधन समिति (सीएमसी) के प्रमुख जका अशरफ ने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा स्थगित करके प्रधानमंत्री अनवारुल उल हक काकड़ से मिलने का समय मांगा है जो बोर्ड के मुख्य संरक्षक भी हैं. सरकार का निर्देश ऐसे समय आया है जब पीसीबी के मामलों का प्रबंधन करने वाली सीएमसी ने पीएसएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मीडिया अधिकारों की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू की

### दिया आदेश

- क्रिकेट प्रबंधन समिति के प्रमुख हैं जका अशरफ
- जका को नवंबर में 3 महीने का विस्तार मिला था

है. मिली जानकारी के अनुसार सरकार के अंतर प्रांतीय समन्वय (खेल) मंत्रालय ने बोर्ड को एक अधिसूचना जारी कर यह स्पष्ट कर दिया है कि अब से सीएमसी/पीसीबी को किसी भी बड़े करार पर हस्ताक्षर करने से पहले सरकार से अनुमति लेनी होगी.

कहा कि अधिसूचना के कारण अशरफ को ऑस्ट्रेलिया की अपनी पूर्व निर्धारित यात्रा स्थगित करनी पड़ी. सरकार की अधिसूचना को अशरफ की अध्यक्षता वाली सीएमसी के खिलाफ अविश्वास मत के रूप में देखा जा रहा है. जुलाई में सीएमसी प्रमुख का पद संभालने वाले अशरफ को नवंबर में तीन महीने का विस्तार दिया गया था जो चार फरवरी को समाप्त हो रहा है.

सीएमसी को दिया गया प्राथमिक आदेश क्षेत्रीय संघों के चुनाव कराना और नए पीसीबी अध्यक्ष का चुनाव करने के लिए 'गवर्नर्स बोर्ड' का गठन करना था. पीसीबी को पीएसएल और घरेलू मैचों के अंतरराष्ट्रीय मीडिया अधिकारों की बिक्री से लगभग आठ से नौ अरब रुपये कमाने की उम्मीद है और बातचीत में देरी चिंता का विषय है.

### पीसीबी को पीएसएल से हो रहा है नुकसान

पाकिस्तान के महालेखा परीक्षक के कार्यालय की एक ऑडिट रिपोर्ट से पता चला है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को छह फ्रेंचाइजी से वित्तीय साझेदारी मॉडल और अन्य विसंगतियों के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है. पाकिस्तानी मीडिया में आई ऑडिट रिपोर्ट के विवरण से संकेत मिलता है कि पीसीबी ने यह धारणा बनाने की पूरी कोशिश की कि एक वित्तीय ब्रांड के रूप में पीएसएल के साथ सब कुछ ठीक है. महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय मॉडल और पीएसएल से जुड़े मामलों पर चिंता व्यक्त की गई है और इन मामलों की गहन जांच की भी सिफारिश की गई है. ऑडिट रिपोर्ट में कहा गया है कि आम धारणा के विपरीत लीग के वित्तीय मॉडल के साथ छेड़छाड़ के बाद बोर्ड को पीएसएल से घाटा हो रहा है. यह घाटा पीएसएल के राजस्व के केंद्रीय पूल से जुड़ी लाभ साझा करने की व्यवस्था में बदलाव के कारण हुआ है. पीसीबी और फ्रेंचाइजियों के बीच 10 साल के समझौते के तहत कोई भी संशोधन 2025 में 10 साल पूरे होने के बाद ही किया जा सकता है.

# नया नियम बना सकता है पीसीबी

- पाकिस्तान टीम के निदेशक मुहम्मद हफीज भी हाल तक आईसीए के साथ काम कर रहे थे

भाषा । कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक नया नियम लागू करने पर विचार कर रहा है जो किसी भी एजेंट या कंपनी को एक समय में दो या तीन से अधिक खिलाड़ियों को उनके साथ अनुबंधित करने से रोक देगा. दो एजेंसियों के पाकिस्तान टीम के दर्जनों खिलाड़ियों और अधिकारियों से अनुबंध करने के बाद बोर्ड के कामकाज का संचालन कर रही क्रिकेट प्रबंधन समिति के अगले कुछ दिनों में इस नियम पर अंतिम फैसला करने की उम्मीद है.

एक एजेंट तल्हा रहमानी और उनकी कंपनी साया कॉर्पोरेशन ने बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी





और मुहम्मद रिजवान सहित सात से आठ प्रमुख पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों का प्रतिनिधित्व किया है. पीसीबी को अब पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) के रूप में जानी जाने वाली एक अन्य एजेंसी ने भी ऐसा किया है और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए कई खिलाड़ियों और अधिकारियों के साथ उसका अनुबंध है. इससे चिंतित पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ ने विधि विभाग को खिलाड़ियों और अधिकारियों से अनुबंध करने से पहले एजेंटों/कंपनियों के लिए नए नियम तैयार करने और पाकिस्तान क्रिकेट में एक समय में उनसे अनुबंधित खिलाड़ियों की संख्या को सीमित करने का निर्देश दिया है.

आईसीए से अनुबंध करने वालों की सूची में सरफराज अहमद, इमाम उल हक, सईम अयूब, मुहम्मद हारिस, नसीम शाह, अब्दुल्ला शफीक, उसामा मीर, आमेर जमाल और मुहम्मद हसनैन शामिल हैं. इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पाकिस्तान टीम के निदेशक मुहम्मद हफीज भी हाल तक आईसीए के साथ काम कर रहे थे. अब सामने आया है कि राष्ट्रीय टीम के गेंदबाजी कोच उमर गुल, स्पिन गेंदबाजी कोच सईद अजमल और टीम के स्ट्रेंथ और अनुकूलन ट्रेनर व राष्ट्रीय चयनकर्ता कामरान भी आईसीए से जुड़े हैं.

## खुशियां बांटते सांता क्लॉज और हनुमान जयंती का जश्न




सूरत में क्रिसमस से पहले सांता क्लॉज की पोशाक पहने एक व्यक्ति तापी नदी में सीगल को खाना खिलाता हुआ और बेंगलुरु के पाताल अंजनेय मंदिर में भगवान श्री राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की पोशाक में कन्नड़ हनुमान जयंती मनाते हुए कलाकार.

### ब्रीफ खबरें

#### अमेरिका फ्लोरिडा मॉल में गोलीबारी

**ओकाला।** मध्य फ्लोरिडा में एक शॉपिंग मॉल में शनिवार को गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. ऐसा प्रतीत होता है कि हमला स्पष्ट रूप से व्यक्ति को निशाना बनाकर किया गया था. ओकाला पुलिस प्रमुख माइक बाल्कन ने शनिवार शाम संवाददाताओं को बताया कि ओरलैंडो से लगभग 80 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित ओकाला के पैडॉक मॉल में व्यक्ति को कई बार गोली मारी गई जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने बताया कि घटना में एक महिला घायल हुई है.

#### भारत आ रहे इजराइली मर्चेंट शिप पर हमला

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी मध्य कमान ने कहा है कि दक्षिणी लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के ड्रोन हमलों की चपेट में आए दो पोत में से एक भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर भी है. इस जहाज में 20 भारतीय सवार थे. हालांकि हमले में किसी के हताहत होने की अभी कोई सूचना नहीं है. सभी सुरक्षित बताये गये हैं. ड्रोन अटैक की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है. हालांकि शक हूती विद्रोहियों पर जा रहा है. इजराइल-हमास युद्ध के बाद में ड्रोन हमले बढ़ गये हैं.

#### अमेरिकी सांसदों ने मंदिर में तोड़-फोड़ की निंदा की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में तीन प्रमुख भारतीय अमेरिकी सांसदों सहित कई नेताओं ने कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में तोड़-फोड़ किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस इस मामले को नफरती अपराध मानकर जांच कर रही है. सांसद रो खन्ना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह कैलिफोर्निया के नेवार्क में स्थित स्वामीनारायण मंदिर में तोड़-फोड़ की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं. स्वामीनारायण मंदिर खन्ना के निर्वाचन क्षेत्र में आता है.

#### संगीतकार राशिद खान की स्वास्थ्य स्थिति गंभीर

**कोलकाता।** कोलकाता के एक अस्पताल में प्रोस्टेट कैंसर का इलाज करा रहे प्रसिद्ध संगीतकार उस्ताद राशिद खान की स्वास्थ्य स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी हुई है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि 55 वर्षीय खान अब भी वेंटिलेटर पर हैं. खान का जिस अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, उसके एक अधिकारी ने को बताया कि उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है. हमारे चिकित्सक उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं. उन्होंने कहा कि संगीतकार की स्वास्थ्य स्थिति शुक्रवार को मस्तिष्काघात पड़ने के बाद बिगड़ गई है.

#### निकेल संयंत्र की भट्ठी में विस्फोट, 13 की मौत

**पालू।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र में रविवार को एक धातु गलाने वाली भट्ठी में विस्फोट हो गया जिसमें कम से कम 13 कर्मचारियों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए. पुलिस और कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. इंडोनेशिया में निकेल गलाने वाले संयंत्रों में होने वाली घातक दुर्घटनाओं के मद्देनजर यह ताजा घटना है. यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के नाम से जाना जाता है.

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सरकार पर साधा निशाना

# लोकतांत्रिक 'प्रोडक्शन इकोनॉमी' मॉडल का होना जरूरी : राहुल गांधी

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत की आर्थिक विकास से सरकार के केवल कुछ करीबी अमीर दोस्त लाभान्वित हो रहे हैं और एक लोकतांत्रिक 'उत्पादन अर्थव्यवस्था' मॉडल का होना जरूरी है जो उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और श्रम की गरिमा के साथ साथ विकास सुनिश्चित कर सके. एक्स पर एक पोस्ट में, राहुल गांधी ने कहा, "सार्थक रोजगार के बिना आर्थिक विकास असमानता को बढ़ावा देता है और विकास को कमजोर करता है. वर्तमान में, सरकार के केवल कुछ करीबी अमीर दोस्त भारत के आर्थिक विकास से लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे आम भारतीय बेरोजगारी और प्राइस राइज से जूझ रहे हैं.

**'उत्पादन अर्थव्यवस्था' मॉडल से विकास :** राहुल गांधी ने आगे लिखा कि एक लोकतांत्रिक ''उत्पादन अर्थव्यवस्था'' मॉडल न केवल विकास सुनिश्चित करता है, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां और श्रम की गरिमा भी सुनिश्चित करता है, जो सतत आर्थिक विकास की नींव रखता है. उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि केवल विकास मेट्रिक्स भारत को महाशक्ति का दर्जा नहीं दिलाएंगे, हमारे देश के विकास पथ में एक ठोस हिस्सेदारी के साथ "गरीबी और बेरोजगारी को संबोधित करने के लिए प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने की आवश्यकता है. राहुल गांधी कहा कि भारत के 140 करोड़ से अधिक नागरिकों के लिए, आर्थिक न्याय का मतलब भारत की लोकतांत्रिक उत्पादन वृद्धि की कहानी में समान अवसर और भागीदारी है. राहुल गांधी पिछले कुछ महीनों में गरीबों और अमीरों के बीच वेल्थ गैप को सामने ला रहे हैं. वह बेरोजगारी, महंगाई और जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे हैं.



**बोले राहुल**

- भारत की आर्थिक विकास से सरकार के करीबियों को लाभ
- आम भारतीय जूझ रहे हैं बेरोजगारी व प्राइस राइज से

## बेरोजगारी ज्वलंत मुद्दा है, सालाना दो करोड़ नौकरियां कहां गयीं : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि बेरोजगारी देश का सबसे ज्वलंत मुद्दा है. भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला करते हुए खडगे ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश का युवा पूछ रहा है कि सालाना दो करोड़ नौकरियां कहां गयी? भर्ती परीक्षाओं से नौकरी मिलने तक का सफर इतना जटिल क्यों हो गया है? उन्होंने कहा, बेरोजगारी देश का सबसे ज्वलंत मुद्दा है. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के जुलाई 2022-जून 2023 के आंकड़ों का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 15-29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है. पीएलएफएस आंकड़ों का हवाला देते हुए खरगे ने कहा कि जुलाई 2022-जून 2023 की अवधि में देश में 15-19 वर्ष आयु वर्ग में ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत थी, जबकि इसी अवधि में शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी. उन्होंने पूछा, एमएसएमई क्षेत्र को बर्बाद कर, करोड़ों युवाओं की नौकरियां छीन, उनका भविष्य क्यों बर्बाद किया गया?



### कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

**तिरुवनंतपुरम ।** केरल पुलिस ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के कार्यालय तक मार्च निकालने के दौरान हुई हिंसा के संबंध में कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख के. सुधाकरन, विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीसन और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है. राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम में शनिवार को केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई थी, जिसमें भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे. घटना के बाद वरिष्ठ सांसदों और विधायकों सहित केरल के कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने दम घुटने की शिकायत की थी.

### संसद सुरक्षा चूक मामला : भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने तोड़ी चुप्पी कहा -

# जनता तय करेगी मैं देशभक्त हूं या गद्दार

**भाषा। मैसूरु**

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा ने संसद सुरक्षा चूक के मामले पर रविवार को कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव के दौरान जनता तय करेगी कि वह देशभक्त हैं या गद्दार. उन्होंने कहा कि वह घटना और जांच में कोई भी नयी चीज नहीं जोड़ना चाहते.

**भगवान और अपने प्रशंसकों पर छोड़ दिया :** सिम्हा ने कहा कि उन्होंने सब कुछ भगवान और अपने प्रशंसकों पर छोड़ दिया है, जो यह तय करेंगे कि उनके खिलाफ लगाए कथित देशद्रोह के आरोप सही हैं या नहीं. तेरह दिसंबर को लोकसभा सदन में कूदने लगाने वाले प्रदर्शनकारी सिम्हा के कार्यालय द्वारा जारी पास लेकर संसद में घुसे थे और उन्होंने सदन में कैन से धुआं छोड़ा था.



भाजपा सांसद ने कहा कि प्रताप सिम्हा गद्दार है या फिर देशभक्त, इसका फैसला मैसुरु की पहाड़ियों पर विराजमान मां चामुंडेश्वरी, ब्रह्मागिरी पर विराजमान मां देवी कावेरी, पिछले 20 वर्षों से मेरी लिखी किताबें पढ़ रहे कर्नाटक के मेरे प्रशंसक, पिछले साढ़े नौ वर्षों से मेरा काम देख रही मैसुरु व कोडगु की जनता, देश, धर्म और राष्ट्रवाद से संबंधित मुद्दों पर मेरे आचरण पर अप्रैल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पड़ने वाले वोट तय करेंगे.

सिम्हा को गद्दार बताने वाले पोस्टर से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि वे (जनता) ही एकमात्र फैसला सुनाएगी. वे तय करेंगे कि मैं देशभक्त हूं या नहीं. मैंने उनके फैसले पर सबकुछ छोड़ दिया है. मुझे इसपर कुछ और नहीं कहना. कांग्रेस और कुछ अन्य संगठनों ने संसद की सुरक्षा में चूक की घटना के बाद सिम्हा के खिलाफ प्रदर्शन किया था.

#### मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा, मंत्रियों का इस्तीफा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार ने रविवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की और कहा कि नए मंत्री 29 दिसंबर को शपथ लेंगे. एलडीएफ के संयोजक ई पी जयराजन ने मीडिया को बताया कि परिवहन मंत्री (डेमोक्रेटिक केरल कांग्रेस के) एंटनी राजू और बंदरगाह मंत्री अहमद देवरकोविल ने अपना इस्तीफा दे दिया है. देवरकोविल इंडियन नेशनल लीग से हैं. जयराजन ने कहा कि दो मंत्रियों ने इस्तीफे दे दिए हैं. नए मंत्री 29 दिसंबर को शपथ लेंगे. उनके (नए मंत्रियों के) विभागों के बारे में मुख्यमंत्री फैसला करेंगे. कांग्रेस (एस) के रामचंद्रन कदन्नपल्ली और केरल कांग्रेस (बी) के केबी गणेश कुमार शेष कार्यकाल के लिए मंत्री पद की शपथ लेंगे.

## एक लाख लोगों ने किया सामूहिक गीता का पाठ

**भाषा। कोलकाता**

कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में एक अनूठे समागम के तहत अलग-अलग पृष्ठभूमि के करीब एक लाख लोगों ने सामूहिक रूप से भगवद गीता का पाठ किया. पारंपरिक परिधान पहने अलग-अलग आयु वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक जगह पर इकट्ठा हुए और संतों के साथ मिलकर गीता का पाठ किया. इस कार्यक्रम पर विचार रखते हुए भाजपा की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि भगवद गीता दुनिया को दिया गया भारत का सबसे बड़ा उपहार है. जो लोग इस कार्यक्रम का मजाक उड़ा रहे हैं उनके मन में हिंदू धर्म और इसकी परंपराओं के प्रति किसी तरह का सम्मान नहीं है.

#### पीएम मोदी ने शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कोलकाता में आयोजित 'लोक गाथा गीता पाठ' कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि अलग-अलग पृष्ठभूमि से आए विशाल जनसमूह द्वारा भगवद गीता का पाठ करने से न केवल सामाजिक सद्भाव बढ़ेगा बल्कि देश की विकास यात्रा में ऊर्जा का संचार भी होगा. कार्यक्रम के आयोजकों को दिए अपने संदेश में मोदी ने भारतीय विचारों और संस्कृति में गीता द्वारा प्रस्तावित मार्गों के बहुलवाद की भूमिका को रेखांकित किया.

## लोगों को आत्मनिर्भर बनाना है लक्ष्य : शाह

**भाषा। अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं और उन्होंने इसके लिए समर्पण के साथ काम किया है. शाह यहां 'पीएम स्वनिधि' योजना के लाभार्थियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे. यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को आसान ऋण दिलाने में मदद करती है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं तथा साथ ही उनका लक्ष्य गरीब लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाना है.

प्रधानमंत्री 'स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि' के लाभार्थियों को ऋण देने के कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद थे.



अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया है और वह देश को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा, सभी प्रकार के व्यवसायों तथा अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सभी गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं. अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और विकास के अलावा, प्रधानमंत्री ने 60 करोड़ गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है. शाह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में, लगभग तीन करोड़ लोगों को अपना घर मिला, चार करोड़ लोगों को बिजली कनेक्शन मिला, 10 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर मिले, 12 करोड़ लोगों को शौचालय मिले, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला और 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा (योजना) में शामिल किया गया है.

#### चीन में भूकंप से कम से कम 148 की मौत

**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन में इस सप्ताह आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 148 लोगों की मौत हो गयी और कृषि व मत्स्य पालन उद्योगों को करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है. देश की मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी. सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की खबर के मुताबिक, गांसू में अधिकारियों ने शुरुआती आकलन किया, जिसमें यह सामने आया कि भूकंप से प्रांत के कृषि व मत्स्य पालन उद्योगों को 7.46 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है. खबर के मुताबिक, अधिकारी कृषि क्षेत्र के लिए राहत कोष का उत्तम प्रयोग करने पर विचार कर रहे हैं ताकि उत्पादन जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जा सके. यह राहत कोष कुछ दिन पहले ही बनाया गया है.

## कोविड-19 : निगरानी बढ़ाने को कहा

**भाषा। नयी दिल्ली**

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से कोविड-19 और इसके नए उप-स्वरूप जेएन.1 तथा इन्फ्लूएंजा सहित श्वसन रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया है. डब्ल्यूएचओ ने लोगों से भी ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है.

डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि कोविड-19 वायरस विश्व स्तर पर सभी देशों में फैलता, परिवर्तित और प्रसारित होता रहता है. वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है. इसके विकास के अनुसार हमें अपनी प्रतिक्रिया तय करनी चाहिए और लगातार नजर रखनी चाहिए. उन्होंने कहा कि इसके लिए देशों को निगरानी और अनुक्रमण को मजबूत करना होगा और आंकड़ों को साझा करना सुनिश्चित करना होगा.

#### विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है जेएन.1

डब्ल्यूएचओ ने जेएन.1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी में रखे जाने वाले स्वरूप के रूप में वर्गीकृत किया है. हाल के सप्ताहों में, जेएन.1 के मामले कई देशों में सामने आए हैं और इसका प्रसार विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है. सिंह ने कहा कि सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है. यह आशंका है कि यह स्वरूप अन्य वायरल और बैक्टीरियल संक्रमणों के बीच कोविड-19 के मामलों में वृद्धि कर सकता है खासकर उन देशों में जहां सर्दियों का मौसम शुरू हो रहा है. डॉ. खेत्रपाल सिंह ने कहा कि चूंकि लोग छुट्टियों के मौसम में यात्रा करते हैं और उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, घर के अंदर बहुत सारा समय एक साथ बिताते हैं, जहां खराब वायु संचरण (वेंटिलेशन) श्वसन रोगों का कारण बनने वाले वायरस के संचरण की मदद करता है, इसलिए उन्हें सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए और अस्वस्थ होने पर समय पर इलाज कराना चाहिए.

### श्री जगन्नाथ मंदिर | मंदिर में प्रवेश करने को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच जानी ने दिया स्पष्टीकरण

# मैं एक हिंदू हूं और कभी गोमांस नहीं खाया : कामिया जानी

**भाषा। भुवनेश्वर**

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं कर्ली टेल्स की संस्थापक कामिया जानी के श्री जगन्नाथ मंदिर में प्रवेश करने को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच जानी ने रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वह एक हिंदू हैं और उन्होंने कभी भी गोमांस नहीं खाया तथा न ही कभी इसे बढ़ावा दिया.

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से माफी की विपक्षी दल कांग्रेस की मांग और एक सांस्कृतिक संगठन द्वारा जानी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राज्य की राजधानी में प्रदर्शन किए जाने के एक दिन बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया और अपनी सफाई दी. भाजपा ने नौकरशाह से नेता बने बीजू जनता दल (बीजद) के वी.के. पांडियन पर जानी को मंदिर में प्रवेश देने के लिए मदद करने का आरोप लगाया है.



**मैंने कोई नियम नहीं तोड़ा :** जानी ने वीडियो संदेश में कहा कि पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर जाने के पीछे मेरा उद्देश्य भगवान का आशीर्वाद लेना और लोगों को मंदिर के बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में सूचित करना था. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मेरी यात्रा विवाद में पड़ गई है. यह रेखांकित करते हुए कि मंदिर प्रशासन के अपने नियम हैं, जानी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैंने कोई नियम नहीं तोड़ा है. मैं एक हिंदू हूं. मैंने न तो कभी गोमांस खाया है और न ही इसे बढ़ावा दिया है.

जानी ने कहा कि एक फूड ब्लॉगर के रूप में उन्होंने लोगों को विभिन्न स्थानों के स्थानीय व्यंजनों के बारे में जानकारी दी और केरल से संबंधित वीडियो में भी यही हुआ है, जिसके स्क्रीनशॉट का उपयोग किया जा रहा है. उन्होंने वीडियो में कहा कि यह गलतफहमी हो सकती है.

**खास बातें**

- इन्फ्लुएंसर ने इंस्टाग्राम पेज पर साझा किया अपना पक्ष
- कहा - मेरा उद्देश्य था भगवान का आशीर्वाद लेना

यह स्पष्टीकरण गलतफहमी को खत्म करने के लिए है. इससे पहले, भाजपा ने जानी पर गोमांस के सेवन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था. दूसरी ओर, बीजद सांसद मानस मंगराज ने जानी की जगन्नाथ मंदिर यात्रा पर आपत्ति जताने के लिए भाजपा पर सवाल उठाए और दावा किया कि केंद्र की भाजपा सरकार जानी को शामिल कर वृत्तचित्र बना रही है. मंगराज ने कहा कि भाजपा सरकार ने कामिया जानी को हिंदू विरासत और मंदिरों पर फिल्म बनाने के लिए नियुक्त किया है. वह रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या और चारधाम गई हैं, और आप सभी उन्हें इसके लिए स्नेह देते हैं.

## दोषसिद्धि के बाद कांग्रेस नेता की विधानसभा सदस्यता समाप्त

**भाषा। मुंबई**

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील केदार को नागपुर जिला केंद्रीय सहकारिता बैंक (एनडीसीसीबी) में धन के दुरुपयोग के मामले में दोषी करार दिए जाने के बाद राज्य विधानसभा की उनकी सदस्यता समाप्त हो गई है.

राज्य विधानमंडल सचिवालय की ओर से शनिवार को जारी एक आदेश में कहा गया कि पांच बार के विधायक केदार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ई) और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा आठ के प्रावधानों के तहत 22 दिसंबर को दोषसिद्धि की तारीख से विधायक के रूप में अयोग्य हैं. आदेश में कहा गया कि नागपुर जिले में केदार के निर्वाचन क्षेत्र वाली साओनेर विधानसभा सीट दोषसिद्धि के बाद रिक्त हो गई है. नागपुर में मजिस्ट्रेट की एक अदालत ने शुक्रवार को एनडीसीसीबी से संबंधित धन के दुरुपयोग के मामले में केदार और पांच अन्य को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी. यह मामला 2002 का है. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे वी पेखले-पुरकर ने 2002 के मामले में यह फैसला सुनाया.

मामले के छह दोषियों पर 10-10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है. इस मामले के आरोपियों में केदार के अलावा एनडीसीसीबी के महाप्रबंधक एवं निदेशक और एक निवेश कंपनी होम ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड के एक निदेशक शामिल हैं. तीन लोगों को बरी कर दिया गया है. केदार को भारतीय दंड संहिता की धारा 409 और अन्य प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया गया था.




# अयोध्या में दिखेगा 'लघु भारत'

**अयोध्या में बन रहे भगवान राम के मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है. इस अवसर पर अयोध्या में 'मिनी इंडिया' दिखाई पड़ेगा. यानी उद्घाटन कार्यक्रम में देश के हर जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्र और वैचारिक धाराओं से जुड़े लोगों को शामिल करने की योजना है. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस अवसर पर देश के हर वर्ग के प्रतिनिधि लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है. श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सूत्रों के अनुसार, वह अयोध्या के राम मंदिर को राष्ट्र की अस्मिता के प्रतीक के रूप में विश्व की सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक इमारतों के रूप में विकसित करना चाहता है. इसके लिए उद्घाटन के अवसर पर हर वर्ग को शामिल कर सबको इस ऐतिहासिक मौके का साक्षी बनाने की तैयारी है और इसके लिए उद्घाटन कार्यक्रम में हर समाज, हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है. यही कारण है कि उद्घाटन में समाज को प्रभावित करने वाले हर वर्ग के प्रतिनिधि की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है.**

### प्रांत और धर्म-संप्रदाय

देश के सभी प्रांतों-केंद्र शासित प्रदेशों, इनमें प्रचलित विशेष धार्मिक संप्रदायों को उद्घाटन कार्यक्रम के लिए न्योता भेजा जा रहा है. विशेषकर सिख, बौद्ध और जैन जैसे जो धर्म-संप्रदाय सनातन हिंदू धर्म से निकले हैं, उन सबको उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है. इस बहाने उद्घाटन कार्यक्रम में देश के हर प्रांत-केंद्र शासित प्रदेश की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी. हालांकि, आम जनता के लिए अलग-अलग प्रांतों के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित कर भीड़ को कम करने का प्रयास किया जाएगा.

### राजनीति से जुड़े लोग

अभी तक विपक्षी दलों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर असमंजस बना हुआ था, लेकिन ट्रस्ट ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित कई वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित कर इस पर स्थिति साफ कर दी है. माना जा रहा है कि जल्द ही विपक्ष के अन्य शीर्ष नेताओं को भी राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता भेजा जाएगा. इसमें अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और नवीन पटनायक जैसे नेता शामिल हैं.

### स्वस्ति वाचन के बीच साधु-संत पीएम को आशीर्वाद देंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में रोड शो करने के साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे. प्रधानमंत्री का रोड शो करीब 15 किलोमीटर लंबा होगा जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27, धर्म पथ, लता मंगेशकर चौक, राम पथ, टेढ़ी बाजार, मोहबरा चौराहा से होते हुए अयोध्या रेलवे स्टेशन तक जाएगा. अयोध्या के जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने रविवार को बतायाॅ कि प्रधानमंत्री पहले अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद वह रोड शो करते हुए सड़क मार्ग से अयोध्या रेलवे स्टेशन जाएंगे, जहां वह वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे. बाद में वह सड़क मार्ग से हवाई अड्डे लौटेंगे जहां वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे. रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जिस रास्ते से गुजरेंगे, वहां 51 जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, 100 से ज्यादा जगहों पर उनपर गुलाब और गेंदे की पंखुड़ियां बरसाई जाएंगी. साथ ही शंखवादन और स्वस्ति वाचन के बीच साधु-संत प्रधानमंत्री को आशीर्वाद भी देंगे. सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री अयोध्या में दो घंटे दोपहर 12 बजे से दो बजे तक रहेंगे. दिल्ली से अयोध्या के लिए पहली उड़ान 30 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर आएगी. यह विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह 10 बजे उड़ान भरेगा. इस उड़ान के आने के बाद मोदी करीब 12 बजे अयोध्या आएंगे.



### क्रिकेट, बॉलीवुड और कला-साहित्य के प्रतिनिधि भी

ट्रस्ट के सूत्रों के अनुसार, इस कार्यक्रम में क्रिकेट की महान हस्तियों, खेल और बॉलीवुड में नामचीन चेहरों को आमंत्रित किया जाएगा. इन हस्तियों की ओर से आने की स्वीकृति के बाद ही इनके नाम सार्वजनिक किए जाएंगे. उद्घाटन कार्यक्रम में कला क्षेत्र के बड़े लोगों के साथ-साथ हिंदी, तमिल, तेलगू, उर्दू सहित सभी भारतीय भाषाओं को साहित्यकारों को भी राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा.



### राम मंदिर सिर पर उठाकर आमंत्रण दे रहा रामभक्त

अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर देश भर में आमंत्रण पहुंचाने का कार्य हो रहा है। संगम नगरी प्रयागराज में एक रामभक्त राजेन्द्र तिवारी उर्फ दुकान जी लोगों को अयोध्या पहुंचने का आमंत्रण देने का बेहद अनूठा तरीका अपना रहे हैं। वह मंदिर के प्रतीकात्मक स्वरूप को सर पर धारण कर माघ मेला क्षेत्र और प्रयागराज में लोगों को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण दे रहे। वैसे राजेन्द्र तिवारी उर्फ दुकान जी विभिन्न अवसरों पर जागरूकता के अनूठे अंदाज को लेकर हमेशा चर्चा में रहते हैं लेकिन इस बार उनका तरीका बेहद अनूठा है।

## आओ जानें

### 25 दिसंबर का इतिहास

- 2012 – दक्षिणी कज़ाकिस्तान के शिमकेंट शहर में एन्टोनोव कम्पनी का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ.
- 2007 – कनाडा के प्रसिद्ध जॉज पियानोवादक और संगीतकार आस्कर पीटरसन का निधन.
- 2005 – मॉरीशस में 400 वर्ष पूर्व विलुप्त ' 'डोडो' ' पक्षी का दो हज़ार वर्ष पुराना अवशेष मिला.
- 2002 – चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता.
- 1998 – रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर.
- 1991 – राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के त्यागपत्र के साथ ही सोवियत संघ का विभाजन एवं उसका अस्तित्व समाप्त.
- 1977 – हॉलीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन.

## राम मंदिर उद्घाटन समारोह में विशेष वस्तुएं भेजेगा नेपाल

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल अगले महीने अध्योध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयां भेजेगा. रविवार मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है. 'माय रिपब्लिका' समाचार पत्र की खबर के अनुसार ये वस्तुएं भेजने के लिए जनकपुर धाम-अयोध्या धाम यात्रा आयोजित की जाएगी. जानकी मंदिर रामरोशन दास वैष्णव के संयुक्त महंत ने कहा कि यात्रा 18 जनवरी को शुरू होकर 20 जनवरी को संपन्न होगी और इसके साथ लाई गईं वस्तुएं उसी दिन श्रीराम मंदिर न्यास को प्रदान की जाएंगी. मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी होगा. जनकपुरधाम से आरंभ होने वाली यात्रा जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढ़ीमाई, बीरगंज से होते हुए बेतिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर होते हुए उत्तर प्रदेश के अयोध्या पहुंचेगी. अखबार में कहा गया है कि इससे पहले, नेपाल में कालीगंडकी नदी के किनारे से एकत्र शालिग्राम पत्थरों को भगवान राम की मूर्ति बनाने के लिए अयोध्या भेजा गया था, जिसे उद्घाटन के दिन मंदिर में स्थापित किया जाएगा.

## छात्रों ने आईआईटी को दान में दिए 57 करोड़

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-मुंबई की 1998 की कक्षा के विद्यार्थियों ने रजत जयंती पुनर्मिलन समारोह पर अपनी मातृ संस्था को 57 करोड़ रुपये उपहार में दिए. यह किसी एक कक्षा द्वारा दिया गया सर्वाधिक संयुक्त योगदान है. दान देने वालों में निजी इक्विटी फर्म सिल्वर लेक के प्रबंध निदेशक (एमडी) अपूर्व सक्सेना और पीक-एक्सवी के प्रबंध निदेशक शैलेन्द्र सिंह जैसे लोग शामिल हैं.

**41 करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा :** इस कक्षा ने स्वर्ण जयंती समारोह में 1971 की कक्षा द्वारा दिए गए 41 करोड़ रुपये के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा है. एक बयान में छात्रों ने कहा कि यह योगदान 200 से अधिक पूर्व छात्रों द्वारा किया गया है. इसमें शीर्ष वैश्विक अधिकारियों- वेक्टर कैपिटल के एमडी अनुपम बनर्जी, एआई रिसर्च के दिलीप जॉर्ज, गूगल डीपमाइंड, ग्रेट लर्निंग के सीईओ मोहन लकहमराजू, कोलोपास्ट एसवीपी मनु वर्मा, सिलिकॉन वैली के उद्यमी सुंदर अय्यर, इंडोवेंस के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संदीप जोशी, और एचसीएल अमेरिका में मुख्य विकास अधिकारी श्रीकांत शेट्टी शामिल हैं.

आईआईटी-मुंबई के निदेशक सुभाशीष चौधरी ने कहा कि 1998 के कक्षा के योगदान से आईआईटी-मुंबई की वृद्धि को गति मिलेगी और उत्कृष्टता के हमारे साझा लक्ष्य में मदद मिलेगी.




### झारखंड में झरिया की कोयला खनन पट्टी में हुई 'पेंटोइया टैगोरी' बैक्टीरिया की खोज

## रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर रखा नए बैक्टीरिया का नाम

**एजेंसी। कोलकाता**

विश्व-भारती विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोधार्थियों ने एक ऐसे बैक्टीरिया की खोज की है जो पौधों के विकास को बढ़ावा देने में सक्षम है और इसका नाम नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाम पर पेंटोइया टैगोरी रखा गया है. विश्वविद्यालय के वनस्पति विभाग के सहायक प्रोफेसर और अनुसंधान की अगुवाई करने वाले माइक्रोबायोलॉजिस्ट बोम्बा दाम ने से कहा है कि बैक्टीरिया में कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने की अपार क्षमता है. पश्चिम बंगाल में बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में दाम ने कहा कि यह पौधों के विकास को बढ़ावा देने वाला बैक्टीरिया है जो कृषि क्षेत्र में क्रांति लाने वाला साबित होगा. इसने धान, मटर और मिर्च की खेती को बढ़ावा देने की अपार क्षमता दिखाई है. शोध में दाम की सहायता राजू विश्वास, अभिजीत मिश्रा, अभिनव चक्रवर्ती, पूजा मुखोपाध्याय और संदीप घोष ने की. दाम ने बताया कि उनकी टीम ने शांतिनिकेतन के एक क्षेत्र सोनाझुरी की मिट्टी से बैक्टीरिया को अलग किया.




### पौधों के विकास को बढ़ावा देने में करता है मदद

माइक्रोबायोलॉजिस्ट बोम्बा दाम ने कहा कि इसके बाद हमने झारखंड में झरिया की कोयला खनन पट्टी में बैक्टीरिया की खोज की. दाम ने कहा कि 'पेंटोइया टैगोरी' मिट्टी से कुशलतापूर्वक पोटैशियम निकालता है जो पौधों के विकास को बढ़ाता है. उन्होंने कहा कि झरिया की कोयला खदानों की मिट्टी में पाए जाने वाले बैक्टीरिया पोटैशियम और फास्फोरस को घुलनशील बनाते हैं और नाइट्रोजन स्तर ठीक करते हैं जो पौधों के विकास को बढ़ावा देने में मदद करता है. दाम ने कहा कि हमारे विश्लेषण से पता चला कि यह बैक्टीरिया की एक नई प्रजाति है जो अद्वितीय प्रकृति की है. उन्होंने कहा कि बैक्टीरिया वाणिज्यिक उर्वरकों के उपयोग को कम करेगा और अंतत: कृषि की लागत में कटौती करने और फसल की उपज को बढ़ावा देने में मदद करेगा. दाम ने कहा कि एसोसिएशन ऑफ माइक्रोबायोलॉजिस्ट ऑफ इंडिया (एएमआई) ने इस खोज को आधिकारिक तौर पर मान्यता दे दी है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# ऑपरेशन थिएटर का कोर्स कर बना सकते हैं अपना फ्यूचर

**एजुकेशन रिपोर्टर/रजनीश प्रसाद**

ऑपरेशन थिएटर कोर्स करने के बाद आपके पास मेडिकल क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं. जिन्हें एमबीबीएस या बीडीएस जैसे कोर्स किए बिना मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश करना है, उनके लिए यह कोर्स करना फायदेमंद रहेगा. प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त करने के लिए आप यह कोर्स कर सकते हैं. यदि आप लोगों के दुखों में उन्हें उपचार देने में रुचि रखते हैं तो यह कोर्स आपके लिए बना है. यह कोर्स आपको चिकित्सा के क्षेत्र में आम जन की सेवा करने के लिए समर्पित रहना सिखाएगा.

### कोर्स करने के लिए स्किल्स

- आप थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी ग्रहण करने में सक्षम होना चाहिए.
- आपको इस कोर्स को करने से पहले आपको बायोलॉजी विषय की जानकारी होनी चाहिए.
- आप में रोगियों के प्रति सहानुभूति का भाव होना चाहिए.
- आपकी कम्युनिकेशन इतनी सरल हो की आप लोगों को आत्मविश्वास से भर सकें.
- समस्याओं पर नहीं, आपका दृष्टिकोण समाधान की ओर होना चाहिए.



### ऑपरेशन थिएटर कोर्स करने के लिए योग्यता की आवश्यकता

- किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से छात्र 10 2 पास होने चाहिए और 10 2 में उनके कम-से-कम 50% अंक होने चाहिए.
- 10वीं के बाद साइंस होना जरुरी है, जैसे फिजिक्स, केमिस्ट्री और जूलॉजी या बॉटनी, बायोलॉजी साथ ही मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी का होना भी जरुरी है.
- एमबीबीएस में एडमिशन के लिए एडमिशन के समय छात्रों की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए तथा अधिकतम आयु 25 वर्ष होनी चाहिए.
- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षणिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

### ऑपरेशन थिएटर कोर्स करने के लिए दुनिया की बेस्ट यूनिवर्सिटीज़ की लिस्ट

- ऑकलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी
- टाफे क्वींसलैंड
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ सॉउथम्पटन
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ पेनसिलवेनिया
- मोनाश यूनिवर्सिटी
- फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेर्टफोर्डशिरे
- यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन
- कार्डिफ यूनिवर्सिटी
- एडिथ कवन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ लीसेस्टर
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ डेलावेर
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ नाटिंघम

### ऑपरेशन थिएटर कोर्स करने के लिए भारत के बेस्ट कॉलेज कौनसे हैं?

- यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी
- छत्रपति शिवाजी महाराज यूनिवर्सिटी (सीएसएमयू), नवी मुंबई
- ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स)
- सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे
- स्वामी विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़
- कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज मणिपाल यूनिवर्सिटी, मणिपाल
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना

### ऑपरेशन थिएटर कोर्स करने के लिए प्रवेश परीक्षाएं कौनसी हैं?

- नीट यूजी एंड पीजी
- एआईआईएमएस
- ऑकोपेशनल इंग्लिश टेस्ट

### ऑपरेशन थिएटर कोर्स करने के बाद करियर स्कोप

- मेडिकल लेबोरेटरी टेक्निशियन/टेक्नोलॉजिस्ट
- फ़िज़ियोथेरेपिस्ट
- ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट
- रिहैबिलिटेशन वर्कर
- ऑडिओलॉजिस्ट एंड स्पीच थेरेपिस्ट
- नर्सरी
- डायग्नोसिस
- रेडियोग्राफी
- लेबोरेटरी टेक्निशियन
- नर्सिंग केयर असिस्टेंट
- रेडियोलोजी असिस्टेंट
- नर्सिंग असिस्टेंट
- एम्बुलेंस अटेंडेंट
- डेंटल असिस्टेंट
- ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट

## जॉब अलर्ट

### 1. इलाहाबाद यूनिवर्सिटी प्रोफेसर भर्ती

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी ने इलाहाबाद यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है. साईट पर जाकर प्रोफेसर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन प्रक्रिया 12 दिसंबर 2023 को शुरू हुई थी. अप्लाई ऑनलाइन करने का डायरेक्ट लिंक नीचे उपलब्ध हैं. शैक्षणिक योग्यता के लिए https://allduniv.ac.in साइट पर जा के जानकारी ले.

- भर्तीकरता – इलाहाबाद यूनिवर्सिटी
- पद नाम – प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर
- रिक्त पद – 539
- सैलरी – 1,44,200/-
- नौकरी का स्थान – उत्तर प्रदेश
- आवेदन मोड –ऑनलाइन
- फार्म भरने की अंतिम तिथि- 2 जनवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://allduniv.ac.in
- प्रोफेसर- 66 पद
- एसोसिएट प्रोफेसर- 137 पद
- असिस्टेंट प्रोफेसर- 336 पद
- आवेदन शुल्क सामान्य और ओबीसी के लिए- 2,000 रुपये. और एससी व एसटी के लिए 1,000 रुपये.

### 2. छत्तीसगढ़ पुलिस

छत्तीसगढ़ पुलिस में 5967 कांस्टेबल पदों पर भर्ती निकली है. कांस्टेबल, ट्रेड, ड्राइवर के पदों पर भर्ती होगी. छत्तीसगढ़ पुलिस कांस्टेबल 5967 पदों के लिए भर्ती नोटिफिकेशन 4 अक्टूबर 2023 को घोषित हुआ था. अभ्यर्थीयों से इन पदों के लिए 20 अक्टूबर 2023 से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया जाना निर्धारित किया गया था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से आवेदन प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित की गई थी.

- पद नाम – पुलिस कांस्टेबल सामान्य ड्यूटी
- पद– 5967
- योग्यता – 10वीं
- नौकरी का स्थान – छत्तीसगढ़ पुलिस
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फार्म भरने कि तिथि- 1 जनवरी से 15 फरवरी तक
- ऑफिसियल साईट – cgpolice.gov.in
- शैक्षणिक योग्यता – 10वीं और 12वीं की परीक्षा छत्तीसगढ़ /मध्यप्रदेश राज्य स्थित विद्यालय /महाविद्यालय से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. केवल जनजाति के उम्मीदवार 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होने पर भी पात्र होंगे.
- उम्र सीमा- 18 से 28 वर्ष
- आवेदन शुल्क – सामान्य वर्ग / पिछड़ा वर्ग – 200 रुपये
- अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति – 125 रुपये
- आवेदन शुल्क ऑनलाइन भरा जाएगा.

### 3. यूपीपीएससी

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने खादी ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत प्रशिक्षकों के पदों पर भर्ती निकाली है. आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो चुका है. आवेदन के लिए अधिकारिक वेबसाइट https://uppsc.up.nic.in पर जा कर आवेदन कर सकते है.

- आवेदकों को सलाह दी जाती हैं ऑनलाइन आवेदन करने से पहले खादी ग्रामोद्योग विभाग प्रशिक्षक भर्ती 2023 का विस्तृत विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें इन पदों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 18 जनवरी 2024 हैं.
- पद – प्रशिक्षक
- पद – 45
- योग्यता – डिग्री/डिप्लोमा
- नौकरी का स्थान – उत्तर प्रदेश
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि – 18 जनवरी 2024

**प्रशिक्षक रिक्त पदों का विवरण**

- प्रशिक्षक (बांस और बेंत) – 01
- प्रशिक्षक (मधुमक्खी पालन) – 07
- प्रशिक्षक (कुम्हारी) – 02
- प्रशिक्षक हस्तनिर्मित कागज) – 1
- प्रशिक्षक (खाद्य संरक्षण) – 02
- प्रशिक्षक (रेशा) – 03
- प्रशिक्षक (ग्रामीण तेल) – 06
- प्रशिक्षक (अनाज, फसल और दाल प्रसंस्करण) – 03
- प्रशिक्षक (खादी) – 06
- प्रशिक्षक (कम्बल) – 01
- प्रशिक्षक (अखाद्य तेल एवं साबुन) – 06
- प्रशिक्षक (माचिस एवं अगरबत्ती) – 03
- प्रशिक्षक (लोहारी / बढाईगिरी ) – 03
- प्रशिक्षक (चर्म) – 01

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड के पक्ष में शिवा साई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा, रांची- 83522 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)